जबलपुर

सोमवार, 7 जुलाई 2025

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष–11/12
वर्ष : 20, अंक : 68
पृष्ठ : 8+6=14 मूल्य : 3 .00 *

मौसम
अधि. 27
न्यून. 24

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे उद्योग जगत से सीधा संवाद

# लुधियाना में वर्ष का तीसरा रोड शो आज



***मुख्यमंत्री लुधियाना स्थित वर्धमान टैक्सटाइल और दीपक फास्टनर जैसे प्रमुख औद्योगिक प्रतिष्ठानों का दौरा भी करेंगे***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बेंगलुरु और सूरत के सफल रोड शो के बाद अब मध्यप्रदेश के निवेश संवादों की तीसरी कड़ी के रूप में 7 जुलाई को लुधियाना में रोड शो करेंगे। प्रमुख औद्योगिक शहरों में शुमार लुधियाना में यह आयोजन टैक्सटाइल, मैन्युफैक्चरिंग, फूड प्रोसेसिंग और आईटी सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश साझेदारी के लिहाज़ से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। लुधियाना में यह रोड शो मध्यप्रदेश की औद्योगिक क्षमताओं, नीतिगत स्थिरता और निवेश-अनुकूल वातावरण को देश के अग्रणी उद्योग समूहों के समक्ष प्रस्तुत करने का प्रभावी मंच बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव पूरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे और उद्योग जगत की हस्तियों से प्रत्यक्ष संवाद करेंगे।

### वन टू वन बैठकें भी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लुधियाना के प्रमुख उद्यमियों और औद्योगिक समूहों के पदाधिकारियों के साथ व्यक्तिगत बैठकों में भी भाग लेंगे। इन संवादों में उद्योग प्रतिनिधियों से संभावित निवेश प्रस्तावों, साझेदारी के क्षेत्रों और आवश्यक सरकारी सहयोग जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। इन बैठकों का उद्देश्य व्यावहारिक और परिणाममूलक संवाद के माध्यम से दीर्घकालिक औद्योगिक सहयोग को मजबूत करना है।

# नेही अग्रवाल सिटी टॉपर, भोपाल को मिले कुल 52 सीए

**आईसीएआई सीए रिजल्ट 2025**

**इंदौर के श्रेयांश को पहले प्रयास में ही मिली 28 वीं रैंक**

## भोपाल से जज़ा जुनैद ने 467 अंक के साथ सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में किया सिटी टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार को इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) मई 2025 में आयोजित चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) फाइनल, फाउंडेशन और



नेही अग्रवाल



श्रेयांश

इंटरमीडिएट परीक्षा का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम में भोपाल को 52 सीए मिले हैं। शहर की नेही अग्रवाल सीए फाइनल में 410 अंक के साथ शहर में प्रथम स्थान पर रही हैं। इंदौर के श्रेयांश को ऑल इंडिया 28वीं रैंक मिली है। सीए फाइनल के साथ फाउंडेशन और इंटरमीडिएट का रिजल्ट भी जारी हो चुका है। इस रिजल्ट में भोपाल से जज़ा जुनैद ने 467 अंक के साथ सीए इंटरमीडिएट परीक्षा में सिटी टॉप किया है। उनकी एआईए 24 रैंक है।



### 218 अभ्यार्थियों ने दी थी परीक्षा

भोपाल आईसीएआई के चेयरमैन सीए अर्पित राय के अनुसार राजधानी से सीए फाइनल के दोनों समूह की परीक्षा में 218 अभ्यार्थी शामिल हुए थे। इनमें से 37 ने परीक्षा में सफलता पाई है। इनके अलावा सीए फाइनल समूह एक में 260 कैंडिडेट्स में से 53 ने और ग्रुप 2 में 100 कैंडिडेट्स में से 22 ने परीक्षा पास की है।

**फाउंडेशन में वृंदा अग्रवाल ने मारी बाजी**

### सीए फाइनल में मुंबई के राजन काबरा ऑल इंडिया टॉपर

नई दिल्ली। सीए फाइनल परीक्षा में मुंबई के राजन काबरा ने आल इंडिया रैंक 1 हासिल



किया, वहीं सीए इंटरमीडिएट में भी मुंबई की ही दिशा आशीष गोखरू ने टॉप रैंक प्राप्त की। सीए फाउंडेशन परीक्षा में गाजियाबाद की वृंदा अग्रवाल ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल कर जिले और राज्य का नाम रोशन किया है। एआईआर 2 पर देवीदान यश संदीप रहे, जबकि एआईआर 3 की रैंक साझा रूप से यामिश जैन और निलय डांगी को प्राप्त हुई।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखो
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


**खबर संक्षेप**

### सांड ने सींग से महिला की ले ली जान


गोंडा। यूपी के गोंडा में शनिवार की शाम बैंक से काम निपटाने के बाद पैदल वापस लौट रही



इंश्योरेंस एडवाइजर महिला को सांड ने हमला करके मार डाला। पहले हवा में उछाला, जमीन में गिरने के बाद दोनों पैर सीने पर रखकर खड़ा हो गया। दृश्य देख लोगों को दिल दहल गए। घटना बड़गांव पुलिस चौकी क्षेत्र स्थित एक निजी बैंक के पास की है।

### श्री रामायण यात्रा ट्रेन 17 दिन में करें 30 तीर्थ


नई दिल्ली। अयोध्या राम मंदिर के उद्घाटन के बाद धार्मिक पर्यटन को मिली लोकप्रियता को



देखते हुए आईआर सीटीसी 25 जुलाई 2025 से महज 1.17 लाख रु. में श्री रामायण यात्रा ट्रेन शुरू कर रहा है। सफदरजंग स्टेशन से यात्रा शुरू होकर अयोध्या, नंदीग्राम, सीतामढ़ी, जनकपुर आदि जगह जाएगी।

### नई दिल्ली रेलवे स्टेशन का बदलेगा नाम

नई दिल्ली। रेलवे स्टेशन का नाम बदलने की मांग अब तेज हो गई है। कुछ दिन पूर्व दिल्ली की सीएम



रेखा गुप्ता ने पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन का नाम महाराजा अग्रसेन रेलवे स्टेशन करने के मांग की थी। अब भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर इसका नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर करने की मांग की है।

**आय समानता मामले में भारत का नया कीर्तिमान : वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत 25.5 के गिनी स्कोर के साथ आय समानता में विश्व स्तर पर चौथे स्थान पर पहुंच गया**

# अत्यधिक गरीबी भी घट गई.. 17.1 करोड़ भारतीय इससे बाहर निकले

*वर्ल्ड बैंक की स्प्रिंग 2025 गरीबी और समानता ब्रीफ के अनुसार 2011 से 2023 के बीच 171 मिलियन (17.1 करोड़) भारतीयों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया।*

## सरकारी कल्याणकारी योजनाओं ने इस बदलाव में अहम भूमिका निभाई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

समानता के पैमाने पर भारत ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। देश का गिनी सूचकांक 25.5 पर पहुंच गया है। स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस के बाद भारत समानता के मामले में चौथे स्थान पर आ गया है।

गिनी इंडेक्स का मतलब यह है कि किसी देश में आय, संपत्ति या उपभोग किस तरह से घरों या व्यक्तियों में समान रूप से वितरित किया जाता है। इस मामले में भारत ने चीन और अमेरिका जैसे देशों को पीछे छोड़ दिया है।

***भारत ने चीन (35.7), अमेरिका (41.8) सहित सभी जी 7 और जी 20 देशों को पीछे छोड़ दिया***

***भारत का स्कोर उन सभी 167 देशों से बेहतर है, जिनके लिए विश्व बैंक ने डेटा जारी किया***







- ▶▶ स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस के बाद भारत समानता के मामले में चौथे स्थान पर
- ▶▶ गिनी इंडेक्स का मतलब यह है कि किसी देश में आय, संपत्ति या उपभोग किस तरह से घरों या व्यक्तियों में समान रूप से वितरित किया जाता है

### आर्थिक प्रगति देश की जनसंख्या में समान रूप से साझा

केंद्र सरकार का कहना है कि यह भारत के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह दर्शाता है कि आर्थिक प्रगति किस प्रकार देश की जनसंख्या में समान रूप से साझा की जा रही है। इस सफलता के पीछे गरीबी को कम करने, वित्तीय पहुंच का विस्तार करने और सबसे अधिक जरूरतमंद लोगों तक सीधे कल्याण पहुंचाने पर केंद्रित नीतिगत ध्यान है। गिनी इंडेक्स में 0 पूर्ण समानता और 100 पूर्ण असमानता को दर्शाता है।

### केवल 30 देश कम असमानता श्रेणी में

वैश्विक स्तर पर, केवल 30 देश मध्यम रूप से कम असमानता श्रेणी में आते है। इसमें मजबूत कल्याणकारी व्यवस्था वाले कई यूरोपीय देश शामिल हैं। इनमें आइसलैंड, नॉर्वे, फिनलैंड और बेल्जियम शामिल हैं। इसमें पोलैंड जैसी उभरती अर्थव्यवस्थाएं और संयुक्त अरब अमीरात जैसे धनी देश भी शामिल हैं। 2011 में भारत का गिनी स्कोर 28.8 था, जो अब घटकर 25.5 हो गया है। यह दर्शाता है कि देश में आर्थिक विकास अपेक्षाकृत अधिक समान रूप से वितरित हुआ है।


### गरीबी दर घटकर हुई 2.3 प्रतिशत

वर्ल्ड बैंक की स्प्रिंग 2025 गरीबी और समानता ब्रीफ के अनुसार 2011 से 2023 के बीच 171 मिलियन (17.1 करोड़) भारतीयों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला गया। प्रतिदिन 2.15 अमेरिकी डॉलर से कम पर जीवन यापन करने वाले लोगों की हिस्सेदारी, जो जून 2025 तक अत्यधिक गरीबी के लिए वैश्विक सीमा थी। 2011-12 में 16.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में केवल 2.3 प्रतिशत रह गई। सरकारी योजनाओं ने इस बदलाव में अहम भूमिका निभाई है। इन योजनाओं का उद्देश्य वित्तीय पहुंच में सुधार करना, कल्याणकारी लाभ प्रदान करना और कमोजर वर्ग का समर्थन करना है। पीएम जनधन योजना, वित्तीय समावेशन भारत के सामाजिक समानता अभियान का केंद्र रहा है। 25 जून, 2025 तक 55.69 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए हैं। आधार और डिजिटल पहचान, इसने नागरिकों के लिए एक अद्वितीय डिजिटल पहचान बनाने में सक्षम बनाया है। 3 जुलाई, 2025 तक, 142 करोड़ से अधिक आधार कार्ड जारी किए जा चुके हैं। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी), प्रणाली ने कल्याणकारी भुगतानों को सुव्यवस्थित किया है।

**एलन मस्क की ट्रंप से अब आर-पार की लड़ाई**

## अमेरिका पार्टी बनाई, कहा-अमेरिकियों को उनकी आज़ादी 'वापस' दिलाऊंगा

ट्रंप अब उनकी कंपनियों से सारी सब्सिडी खींच लेंगे
ट्रंप ने कहा था कि मस्क अपना बैग लेकर दक्षिण अफ्रीका लौट जाएं



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

दुनिया के सबसे अमीर आदमी एलन मस्क ने अमेरिकियों को उनकी आज़ादी वापस दिलाने के लिए एक नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा की है। एलन मस्क ने पहले अपने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर एक पोल चलाया था, जिसमें लोगों से पूछा गया था कि क्या अमेरिका को एक नई राजनीतिक पार्टी मिलनी चाहिए। रविवार की सुबह एलन मस्क ने पोस्ट किया- 66 फीसदी लोग नई राजनीतिक पार्टी चाहते हैं। 'अमेरिका पार्टी' आपको आपकी आज़ादी वापस दिलाने के लिए बनाई गई है।

### दो-पक्षीय प्रणाली तोड़ना मुश्किल

*अमेरिका की राजनीतिक संरचना दो-पक्षीय प्रणाली का पक्षधर है और नए लोगों के लिए इसे तोड़ना मुश्किल है। ग्रीन पार्टी, लिबर्टेरियन पार्टी आदि जैसे कई लोगों ने कोशिश की है। राष्ट्रीय स्तर के चुनाव लड़ने के लिए, किसी नई पार्टी को संघीय चुनाव आयोग में रजिस्ट्रेशन कराना होता है, जिसके बाद ही वह चुनाव गतिविधियों पर एक निश्चित सीमा से अधिक धन खर्च कर सकती है। मस्क की पार्टी को अभी रजिस्ट्रेशन कराना बाकी है।*

**संभवतः 10 को हो सकता है फैसला**

## भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए रेस में 6 नाम, जल्द फैसला



मनोहर लाल | भूपेंद्र यादव | सुनील बंसल | विनोद तावड़े | धर्मेंद्र प्रधान

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ 6 दिग्गजों में मप्र से शिवराज सिंह का नाम भी

भारतीय जनता पार्टी जल्द ही अपने नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कर सकती है क्योंकि पार्टी ने अपने संविधान के अनुसार आवश्यक संख्या में राज्य अध्यक्षों की नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर ली है। वर्तमान भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आधिकारिक तौर पर जनवरी 2023 में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया था, लेकिन आम चुनावों के मद्देनजर इसे जून 2024 तक बढ़ा दिया गया था।

वेटिंग रूम निजी हाथों को सौंपे जा रहे

### प्लेटफॉर्म के वेटिंग रूम में 1 घंटा बैठने के लगेंगे 10 रुपए

बच्चा यात्री के लिए लगेंगे 5 रुपए, 15 जुलाई से नई व्यवस्था



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेल के इस बड़े फैसले से यात्रियों की जेब पहले के मुकाबले और ढीली होगी। ट्रेन पकड़ने के लिए स्टेशन पहुंचने पर अब वेंटिंग कक्ष में बैठने के लिए आपको व्यवस्थापक को 10 रुपए देने होंगे। इसके पीछे कारण वेटिंग रुम की व्यवस्था को निजी हाथों में सौंपे जाने को बताया जा रहा है।

तालाब में कमल लेते उतरे थे

### धर्म विज्ञान शोध संस्थान के डायरेक्टर की डूबने से मौत

इंदौर जिले के पैड़मी गांव की घटना, तीन दोस्तों के साथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

जिले के खुडैल थाना इलाके के पैड़मी गांव में मुहाड़ा घाट तालाब में डूबने से उज्जैन निवासी वैभव जोशी पिता जगदीश जोशी (45) की मौत हो गई। वे धर्म विज्ञान शोध संस्थान के डायरेक्टर थे। तीन दोस्त वैभव जोशी निवासी उज्जैन, रितेश और शैलेंद्र निवासी इंदौर शनिवार को उदय नगर घाट सेक्शन देवास में घूमने गए थे।

पटवारी पर एफआईआर का विरोध

### कल अशोक नगर में सामूहिक रूप से गिरफ्तारी देंगे कांग्रेसी

लगभग 1000 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों की तैनाती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पीसीसी अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ हुई एफआईआर के चलते 8 जुलाई को पूरी कांग्रेस अशोकनगर थाने में गिरफ्तारी देगी। इस पर रविवार को भोपाल स्थित प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई। प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने कहा कि अशोकनगर जिला प्रशासन कांग्रेस कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए दमनात्मक तरीके अपना रहा है।

पंजाब मेल से गंजबासौदा पहुंचे शिवराज

### जनरल बोगी में 'जगह' नहीं मिली पर यात्रियों से की बात

शिवराज ने कहा-ट्रेनों में जनरल डिब्बों की और जरूरत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को भोपाल से गंज बासौदा जाते समय पंजाब मेल एक्सप्रेस ट्रेन में सफर किया। इस दौरान वे ट्रेन की जनरल बोगी में सफर करना चाहते थे, लेकिन उन्हें बैठने की जगह नहीं मिली। यह बात खुद शिवराज सिंह ने चौहान ने मीडिया से बात करते हुए कही।

**अब सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र को लिखा पत्र**

## चंद्रचूड़ ने रिटायर होने के बाद खाली नहीं किया बंगला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

वे 6 महीने तक रह सकते थे पर उनको 8 महीने हो गए

5, कृष्णा मेनन मार्ग देश के मुख्य न्यायाधीश का आधिकारिक निवास

पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ का सरकारी बंगले में ज्यादा दिन तक रुकना



अब विवाद का कारण बन गया है। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर आग्रह किया है कि 5, कृष्णा मेनन मार्ग स्थित बंगला तुरंत खाली करवाया जाए। यह बंगला देश के मुख्य न्यायाधीश का आधिकारिक निवास है।

**गडकरी ने दिल्ली के ट्रैफिक जाम से निपटने का बनाया प्लान**

टनल से 15 मिनट में पूरा होगा 30 किमी का सफर

## अब दिल्ली से गुरुग्राम के बीच जमीन के 'नीचे' बनेगी सड़क

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ट्रैफिक जाम न केवल दिल्ली में बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में आने वाले कई शहरों में यही समस्या है। अब



केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सरकार दिल्ली से लेकर गुरुग्राम तक टनल सड़क बनाने की योजना पर काम कर रही है। गडकरी ने बताया कि यह टनल दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम से लेकर गुरुग्राम तक बनाई जाएगी। इससे यात्रियों का काफी समय बचेगा। गडकरी ने बताया कि अभी दिल्ली से गुरुग्राम तक जाने के लिए 1 घंटे का समय लगता है लेकिन यह टनल बन जाने के बाद दोनों के बीच की दूरी 15 मिनट में तय कर सकेंगे।



फाइल फोटो

### 30-40 हजार करोड़ रुपए का बजट

गडकरी ने बताया कि परिवहन मंत्रालय के पास दिल्ली के लिए 30-40 हजार करोड़ रुपए का बजट है। इस टनल योजना का अध्ययन हो चुका है।

**आज अति भारी, कल अत्यधिक भारी बारिश, नदियां उफान पर, कई गांवों का संपर्क टूटा**

जबलपुर के स्कूलों में दो दिन की छुट्टी, कटनी का उमरिया से संपर्क टूटा

## जबलपुर में बरगी डैम के 9 गेट खुले शहडोल रेलवे स्टेशन पर भरा पानी



शहडोल रेलवे स्टेशन जलमग्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से कई शहरों में बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। जबलपुर, शहडोल और कटनी के बुरे हाल हैं। जबलपुर में बरगी डैम के 9 गेट खोल दिए गए हैं। इसे लेकर जिला प्रशासन और बरगी बांध प्रबंधन ने नर्मदा नदी के निचले इलाकों में अलर्ट जारी कर दिया है।

शहडोल रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म तक पानी भर गया है। रेलवे ट्रैक पूरी तरह से डूब गया है। इससे ट्रेनें 4 घंटे लेट हुईं। शहडोल से छत्तीसगढ़ जाने वाला रायपुर-पड़रिया मार्ग बंद हो गया है। यहां पोंडा नाला उफान पर है।



बरगी बांध का विहंगम दृश्य

### मड़ीखेड़ा और मोहिनी सागर बांध के गेट खुले, सिंध नदी उफानी

शिवपुरी जिले के मड़ीखेड़ा और मोहिनी सागर बांध में पानी की आवक तेज हो गई है। जलस्तर बढ़ने के कारण दोनों बांधों के गेट खोलकर करीब 951 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। इससे सिंध नदी उफान पर आ गई है। सिंध नदी का जलस्तर बढ़ने से सेवढ़ा कस्बे में स्थित पुल पर पानी आ गया है।

### आज कुछ जिलों में भारी से अति भारी बारिश

मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को भी कुछ जिलों में भारी से अति भारी बारिश होगी। इनमें जबलपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, दमोह, रायसेन, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, खंडवा, खरगोन जिले शामिल हैं। मंगलवार को छिंदवाड़ा और पांढुर्ना जिलों में कुछ स्थानों पर अत्यधिक भारी यानि 204 मिमी या इससे अधिक बारिश के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है।



# ऋषिकेश-यमुनोत्री हाईवे सहित 67 सड़कें 'जाम'

## प्रदेश में बारिश के बाद मलबा आने से सड़कों के बंद होने का सिलसिला नहीं थमा

**उत्तराखंड में कुदरत की मार, लोगों में हाहाकार**

एजेंसी ▶▶ उत्तरकाशी

यमुनोत्री हाईवे पर ओजरी के समीप एनएच विभाग की ओर से करीब 24 मीटर लंबे स्पान के बैली ब्रिज का निर्माण कर रहा है। स्यानाचट्टी में सिंचाई विभाग की ओर से यमुना नदी में बनी झील के मुहाने से मलबा हटाने का कार्य जारी है। 28 जून क यमुनोत्री हाईवे का हिस्सा ओजरी में बह गया था। बारिश के बाद मलबा आने से सड़कों का बंद होने का सिलसिला थमा नहीं है। ऋषिकेश-यमुनोत्री-राष्ट्रीय राजमार्ग सहित 67 सड़के बंद हैं। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक रुद्रप्रयाग जिले में चार ग्रामीण सड़कें, उत्तरकाशी में एक एनएच सहित 11 ग्रामीण सड़कें, नैनीताल में 2, चमोली में एक राज्य मार्ग सहित 21 ग्रामीण सड़कें, पिथौरागढ़ में 6ग्रामीण, अल्मोड़ा में 1 राजमार्ग और 1 ग्रामीण, बागेश्वर जिले में 11 ग्रामीण, पौड़ी गढ़वाल में 3ग्रामीण, देहरादून में 2ग्रामीण और टिहरी जिले में 3 ग्रामीण सड़कें बंद हैं।





### मंडी में फिर फटा बादल — कोरतंग में तबाही, 2 शव मिले

मंडी। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में एक बार फिर बादल फटने से तबाही मची है। चौहारघाटी सिल्हबुधानी के कोरतंग में देर रात बादल फटने से भारी नुकसान हुआ है, लेकिन जानमाल को नुकसान नहीं है। तबाही के जख्मों के बीच हिमाचल में रविवार को फिर से भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने मंडी, कांगड़ा और सिरमौर में भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट है।

**फ्लाइटें रद्द, 239 सड़कें, 258 ट्रांसफॉर्मर व 289 पेयजल स्कीमें ठप**

बारिश के चलते दिल्ली और चंडीगढ़ से कोई भी फ्लाइट गगल एयरपोर्ट नहीं पहुंची। चारों फ्लाइटें रद्द रहीं। इसमें इंडिगो की एक दिल्ली और एक चंडीगढ़ से फ्लाइट। वहीं, स्पाइस जेट की दो फ्लाइटें दिल्ली से नहीं आई। बारिश और भूस्खलन के चलते प्रदेश में अभी 239 सड़कें, 258 ट्रांसफॉर्मर व 289 पेयजल स्कीमें ठप हैं। सर्वाधिक 176 सड़कें मंडी जिले में अवरुद्ध हैं। इनमें सराज में 85 सड़कें बंद हैं।

अब मंडी पहुंचीं कंगना

### अब तक सारी मदद केंद्र ने दी, हम लोगों के साथ खड़े

नई दिल्ली। हिमाचल प्रदेश के मंडी के सिराज घाटी में बादल फटने की घटना से हुए नुकसान और मृतकों के परिवारों को संवेदना जताने मंडी की भाजपा सांसद कंगना रनौत पहुंची हैं। रनौत ने राज्य सरकार पर सवाल उठाते कहा कि अब तक सारी मदद केंद्र सरकार के तरफ से ही आई है। मैं जो काम कर रही हूं वो मैं जानती हूं लेकिन ये जो काम कर रहे हैं इसके बाद मुझे नहीं लगता कि कांग्रेस की सरकार वापस आएगी। लोगों ने जो दुख उन्होंने झेले हैं, अपने परिवार खोएं हैं, उनके साथ खड़े हैं।

## खबर संक्षेप

### यूबीटी के कई सांसद विधायक पार्टी छोड़ेंगे

मुंबई। महाराष्ट्र के वरिष्ठ भाजपा नेता और मंत्री गिरीश महाजन ने दावा किया कि शिवसेना (यूबीटी)



के कई सांसद और विधायक उनके संपर्क में हैं, क्योंकि लोगों को अब उद्धव ठाकरे के नेतृत्व पर भरोसा नहीं रह गया है। महाजन ने त्रिभाषा नीति पर विवाद के बीच उद्धव ठाकरे को 'पलटीबहादुर' बताते हुए उन पर अपरिपक्व व्यवहार का आरोप लगाया।

### रोहतांग के समीप कार खाई में गिरी, 4 की मौत

रोहतांग। सड़क मार्ग पर राहनीनाला के समीप एक ऑल्टो कार नंबर एचपी 01 के -7850



गहरी खाई में गिरने से 4लोगों की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि एक की हालत गंभीर है।बताया जा रहा होटल का स्टाफ रोहतांग दर्रे की तरफ जा रहा था, लेकिन राहनीनाला के पास सभी हादसे का शिकार हो गए। मनाली थाना की पुलिस मौके रवाना हो गई है।

### राजस्थान में सड़क दुर्घटना में 4 की गई जान


कोटा (राजस्थान)। राजस्थान के बारां जिले में कोटा-शिवपुरी राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर एक कार के खड़



पिकअप वाहन से टकरा जाने के कारण चार लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा शनिवार रात हुआ। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान सभी ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### अदालतें अग्रिम जमानत असाधारण मामलों में ही दें

नई दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि अग्रिम जमानत देने का अधिकार एक



असाधारण शक्ति है और इसका प्रयोग केवल असाधारण मामलों में ही किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा ने आशीष कुमार को अग्रिम जमानत देने से इनकार करयह टिप्पणी की। कुमार पर चचेरे भाई पर हमला का आरोप है।

### अब तेलंगाना में 10 घंटे की शिफ्ट, हफ्ते में 48 घंटे काम

हैदराबाद। देश में सप्ताह में काम के घंटों को लेकर जारी बहस के बीच तेलंगाना सरकार ने बड़ा



फैसला लिया है। सरकार ने कॉमर्शियल इकाइयों के लिए हर रोज 10 घंटे तक काम के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पूरे सप्ताह में 48 घंटे काम करना होगा। सरकार ने 5 जुलाई कोआदेश जारी किया है। दुकानों और मॉल्स को इससे अलग रखा गया है।

## बिहार चुनाव से पहले आयोग ने वोटरों को दी सहूलियत

# लोग मतदाता सूची पुनरीक्षण में बिना दस्तावेज के जमा करा सकेंगे अपना गणना आवेदन

### विशेष सर्वेक्षण अभियान चलाकर दस्तावेज लेने की प्रक्रिया होगी पूरी





एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ पटना

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बिना दस्तावेज के भी गणना फॉर्म जमा हो सकेगा। ऐसा करने वाले मतदाताओं का नाम भी मतदाता सूची के प्रारूप (ड्रॉफ्ट रोल) में शामिल कर लिया जाएगा। हालांकि, सत्यापन के दौरान जरूरी दस्तावेज बीएलओ के माध्यम से प्राप्त किया जाएगा। 26 जुलाई तक ऑनलाइन या ऑफलाइन ये गणना फॉर्म हर हाल में मतदाताओं को भरकर जमा करना अनिवार्य है। आयोग ने ताजा फैसले से मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान मतदाताओं को बड़ी राहत दी है। शनिवार को बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) विनोद सिंह गुंजियाल ने कहा कि मतदाता तत्काल केवल गणना फॉर्म ही भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें, उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल हो जाएगा। 2003 के बाद मतदाता बनने वाले गणना फॉर्म को सही-सही भरकर, अपनी तस्वीर चिपका कर और अपना हस्ताक्षर कर बीएलओ के पास तय समय में जमा करा दें।

**26** जुलाई तक ऑनलाइन या ऑफलाइन जमा करने की दी छूट

**4.96** करोड़ वोटर सत्यापित

गणना फॉर्म प्राप्त कर बीएलओ तत्काल उसे ऑनलाइन अपलोड कराएं। अब राज्य के 2003 के मतदाता सूची में अंकित कुल 7.90 करोड़ मतदाताओं में 4.96 करोड़ को पहले से ही कोई दस्तावेज देने की बाध्यता नहीं है।

### 3 करोड़ मतदाताओं को मिलेगी राहत





गणना फॉर्म प्राप्त कर बीएलओ तत्काल उसे ऑनलाइन अपलोड कराएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य के 2003 के मतदाता सूची में अंकित कुल 7.90 करोड़ मतदाताओं में 4.96 करोड़ को पहले से ही कोई भी दस्तावेज देने की बाध्यता नहीं है। शेष करीब 3 करोड़ मतदाताओं से ही दावा-आपत्ति के दौरान विशेष सर्वेक्षण अभियान चलाकर दस्तावेज लेने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

**मतदाता तत्काल केवल गणना फॉर्म भरेंगे**

बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) गुंजियाल ने कहा कि मतदाता तत्काल केवल गणना फॉर्म ही भरकर बीएलओ के पास जमा करा दें, उनका नाम प्रारूप मतदाता सूची में शामिल हो जाएगा। 2003 के बाद मतदाता बनने वाले गणना फॉर्म को सही-सही भरकर, अपनी तस्वीर चिपका कर और अपना हस्ताक्षर कर बीएलओ के पास तय समय में जमा करें।

**विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य सुचारु चल रहा**

निर्वाचन आयोग ने कहा कि बिहार में मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य उसके आदेशानुसार किया जा रहा है और सुचारू रुप से चल रहा है।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं महुआ



बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मामला लगातार गरमाता जा रहा है। चुनाव आयोग के फैसले के खिलाफ अब तृणमूल कांग्रेस की नेता और सांसद महुआ मोइत्रा ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। मोइत्रा ने भारत निर्वाचन आयोग के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु ने कहा

### बंगाल में भी मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कराए ईसी



कोलकाता। पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और भाजपा विधायक सुवेंदु अधिकारी ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का रविवार को स्वागत करते हुए कहा कि इसी तरह की कवायद बंगाल में भी करनी चाहिए।

**खेमका की हत्या पर राहुल ने साधा निशाना**

### भाजपा-नीतीश ने बिहार को भारत की 'क्राइम कैपिटल' बना दिया

नई दिल्ली। पटना में बड़े व्यवसायी गोपाल खेमका की हत्या के बाद बिहार की कानून व्यवस्था सवालों के



घेरे में आ गई है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में आरोप लगाया है कि नीतीश कुमार और भाजपा की गठबंधन सरकार ने बिहार को भारत की क्राइम कैपिटल बना दिया है। इससे पहले तेजस्वी यादव ने खेमका की हत्या पर सरकार को निशाने पर लेते हुए बिहार में जंगलराज होने का आरोप लगा दिया था। राहुल ने लिखा कि आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां नया नॉर्मल बन चुका है और सरकार पूरी तरह नाकाम। बिहार के भाइयों और बहनों, यह अन्याय अब और नहीं सहा जा सकता। जो सरकार आपके बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकती, वह आपके भविष्य की जिम्मेदारी भी नहीं ले सकती। उन्होंने लिखा कि 'हर हत्या, हर लूट, हर गोली - एक चीख है बदलाव की। अब वक्त है एक नए बिहार का, जहां डर नहीं, तरक्की हो। इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है।

डॉ. मुखर्जी को शत-शत नमन



## पीएम मोदी, बिरला समेत कई दिग्गजों ने उनके योगदान को याद किया, श्रद्धांजलि अर्पित की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर देश के दिग्गजों ने श्रद्धांजलि दी है। डॉ. मुखर्जी के महान योगदान को याद करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि उन्होंने देश के सम्मान, गरिमा और गौरव की रक्षा के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया।

पीएम मोदी ने डॉ. मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें राष्ट्र का अमर सपूतबताया तथा भारत की एकता, गौरव और विकास के लिए उनके आजीवन समर्पण की सराहना की। पीएम मोदी ने कहा कि देश की आन-बान और शान की रक्षा के लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनके आदर्श और सिद्धांत विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में बहुमूल्य हैं। प्रधानमंत्री ने एक वीडियो क्लिप भी साझा की। पीएम मोदी ने कहा कि बंगाल के सपूत डॉ. मुखर्जी कहते थे कि कोई भी राष्ट्र अपनी ऊर्जा से ही सुरक्षित रह सकता है। उन्हें देश के संसाधनों और देश के सामर्थ्यवान लोगों पर अटूट विश्वास था। पीएम मोदी ने कहा कि महिला सशक्तीकरण, शिक्षा और भारत की परमाणु नीति को आकार देने में उनका योगदान अपने समय से बहुत आगे था। मैं डॉ. मुखर्जी को अपनी गहरी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं और उनकी स्मृति को नमन करता हूं। इसी तरह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी उनको नमन किया। इसके अलावा भाजपा के कई नेताओं ने भी उनके योगदान को याद किया।

### मंत्री वैष्णव और सीएम रेखा ने भी दी श्रद्धांजलि



दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता, मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और अन्य ने रविवार को नई दिल्ली में भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

गृहमंत्री शाह बोले

### डॉ. मुखर्जी न होते तो कश्मीर हमारा न होता

गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के आणंद में श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि अगर मुखर्जी न होते तो कश्मीर कभी भारत का अभिन्न हिस्सा न बन पाता। उन्होंने अनुच्छेद 370 और जम्मू-कश्मीर को मिली विशेष स्थिति का विरोध किया और 'एक देश में दो प्रधान, दो निशान, दो विधान नहीं चलेंगे' का नारा दिया। शाह ने उनके बलिदान और योगदान को राष्ट्र के लिए अहम बताया।

## नड्डा और रेखा ने पिछली सरकारों पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

# दिल्ली में 1400 नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को स्थायी नियुक्ति पत्र दिया

1,388 नर्सों को नियुक्ति पत्र दिए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए 1,388 नर्सों और 41 पैरामेडिकल स्टाफ को स्थायी नौकरी दे दी है। सीएम रेखा गुप्ता और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने नर्सों और पैरामेडिकल स्टाफ को नियुक्ति पत्र सौंपे। गुप्ता ने कहा कि वर्षों तक पिछली दिल्ली सरकारों ने राष्ट्रीय राजधानी के लोगों को कोई स्थायी नौकरी नहीं दी। यह एक ऐतिहासिक क्षण है, जब कई सालों के बाद 1,388 नर्सों को नियुक्ति पत्र दिए गए।



**'आयुष्मान' पंजीकरण वैन को रवाना किया**

विज्ञान भवन में नड्डा और रेखा गुप्ता ने 'आयुष्मान भारत योजना' के लिए पंजीकरण वैन को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये वैन दिल्ली के हर नागरिक को आयुष्मान भारत कार्ड पंजीकरण की सुविधा देगी।

**पहले स्वास्थ्य क्षेत्र उपेक्षित रहा**

नड्डा ने कहा कि पहले की सरकारों ने सभी क्षेत्रों में उदासीनता दिखाई। स्वास्थ्य क्षेत्र पूरी तरह उपेक्षित रहा। आयुष्मान भारत मिशन के तहत दिल्ली को सुविधा मिलेगी।

## 15 साल में सीरियल किलर गिरफ्तार

# टैक्सी चालकों की हत्या करके पहाड़ों में फेंक देता था शव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की आरके पुरम क्राइम ब्रांच टीम ने एक सीरियल किलर को गिरफ्तार



किया है। यह किलर 3 साथियों के साथ कैब ड्राइवर्स की हत्या कर लाश खाई में फेंक देता था। इसकी 4 हत्याओं का खुलासा हुआ है। सभी को मारकर उनकी कैब नेपाल में बेच दी गई थी। पुलिस को शक है कि कैब ड्राइवरों के लापता होने के जो दर्जनों मामले दिल्ली में दर्ज हैं, उनमें से कई की हत्या कर दी गई है और इसमें इस गिरोह का हाथ है।

**अल्मोड़ा, हल्द्वानी, उधमसिंह नगर में लाशें ठिकाने लगाई**

ये सभी किराए पर कैब बुक करते थे फिर उत्तराखंड की पहाड़ियों में कैब ड्राइवर को पहले बेहोश करते थे फिर गला दबाकर हत्या कर देते थे। ये कैब को नेपाल में बेच देते थे। पुलिस ने केवल एक ही कैब ड्राइवर का शव बरामद किया था। आरोपियों ने बताया है कि वह अल्मोड़ा, हल्द्वानी, उधमसिंह नगर में कैब ड्राइवर्स की लाश ठिकाने लगाते थे।

## पटना सनातन महाकुंभ में बोले पं. धीरेंद्र

# भारत हिंदू राष्ट्र बना तो देश का पहला राज्य बिहार होगा



एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार की राजधानी पटना के गांधी मैदान में सनातन महाकुंभ 2025 का भव्य आयोजन शुरू हो चुका है। इस सनातन महाकुंभ में बागेश्वर धाम के पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने बड़ा बयान दिया है। धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि कुछ लोग तिरंगे पर चांद चाहते हैं, लेकिन ऐसा कभी होने वाला नहीं है। हमारे धर्म पर घात हुआ तो हमलोग प्रतिघात करेंगे।

**हमारा एक ही सपना भगवा-ए-हिंद बनाना**

पंडित शास्त्री ने कहा कि बहुत सी ताकतें देश को गजवा-ए-हिंद बनाना चाहती हैं, लेकिन हमारा एक ही सपना है भगवा-ए-हिंद। धीरेंद्र शास्त्री यहीं नहीं रुके उन्होंने आगे कहा कि हमारे धर्म पर घात हुआ तो प्रतिघात करूंगा। हमें मुसलमान, ईसाई से कोई दिक्कत नहीं। जातियों के नाम पर लड़ाने वाले हिंदुओं से दिक्कत। धीरेंद्र शास्त्री ने आगे कहा कि अगर भारत हिंदू राष्ट्र होगा तो पहला राज्य बिहार होगा।

## केंद्रीय मंत्री शाह ने सहकारिता क्षेत्र के नेताओं से की अपील

# प्रौद्योगिकी, जनहित को 'कार्य संस्कृति' का अटूट अंग बनाएं

### सहकारिता मंत्रालय के चौथे स्थापना दिवस पर अमूल डेयरी के परिसर में बोले

एजेंसी ▶▶ आणंद

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को सहकारिता क्षेत्र के नेताओं से अपील की कि वे सफलता प्राप्त करने के लिए पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी का उपयोग और सहकारी संगठनों के सदस्यों के हितों को अपनी कार्य संस्कृत में सर्वोच्च स्थान दें। सहकारिता मंत्रालय के चौथे स्थापना दिवस के अवसर पर शाह ने यहां अमूल डेयरी के परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि पारदर्शिता, प्रौद्योगिकी और सदस्यों (सहकारी क्षेत्र के किसानों और समितियों) को साथ रखना अहम है। शाह ने कहा कि प्रौद्योगिकी के बिना सहकारी समितियां समृद्ध नहीं हो सकतीं।



**2 लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियां**

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सहकारिता क्षेत्र में दो लाख प्राथमिक कृषि ऋण समितियों (पीएसी) का पंजीकरण, त्रिभुवन, पहले राष्ट्रीय सहकारिता विश्वविद्यालय की नींव रखी गई है और डेयरी क्षेत्र में 3 नई राष्ट्रीय सहकारी समितियों का निर्माण किया गया है। शाह ने इस क्षेत्र से 5 'पी' - 'पीपुल्स' (जनता), 'पीएसी', 'प्लेटफॉर्म' (मंच), 'पॉलिसी' (नीति) और 'प्रोस्पेरिटी' (समृद्धि) पर ध्यान देने का आग्रह किया।

**3 सिद्धांतों को कामकाज में शामिल करें**

शाह ने सहकारी समितियों से 3 सिद्धांतों को अपनी कार्य संस्कृति में शामिल करते हुए जम्मू-कश्मीर से लेकर 'कामाख्या' और देश के हर गांव में इनका प्रचार करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुजरात में नमक सहकारी समिति की शुरुआत सहित कार्यक्रम के दौरान शुरू की गई दस पहलों से अमूल की तरह एक मजबूत ब्रांड का निर्माण होगा।

**4 साल पहले रखी गई इसकी नींव**

शाह ने कहा कि 4 साल पहले मोदी ने 'सहकारिता से समृद्धि' के मंत्र के साथ सहकारिता मंत्रालय की नींव रखी थी, जिससे सहकारी व्यवस्था में नई जान आई। उन्होंने कहा कि दुग्ध सहकारी संस्था अमूल का वार्षिक कारोबार अगले साल 80,000 करोड़ से बढ़कर एक लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। शाह ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि भी अर्पित की।

# फ्रांसीसी खुफिया रिपोर्ट में दावाः राफेल लड़ाकू विमान को बदनाम करने के लिए 'दुष्प्रचार' कर रहा है चीन

एजेंसी ▶▶ पेरिस

भारत-पाकिस्तान संघर्ष की आड़ में चीन फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमानों के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और इस काम में उसके दूतावास विभिन्न देशों को राफेल लड़ाकू विमान न खरीदने और चीनी जेट खरीदने के लिए मनाने में जुटे

फ्रांस की सैन्य और खुफिया एजेंसियों ने अपनी एक रिपोर्ट में खुलासा किया है कि चीन अपने दूतावासों के जरिए फ्रांस के लड़ाकू विमान राफेल फाइटर जेट के खिलाफ दुष्प्रचार कर रहा है और फ्रांसीसी लड़ाकू विमानों की क्षमता पर संदेह पैदा करने की कोशिश कर रहा है। खासकर भारत और पाकिस्तान के बीच मई में हुए संघर्ष के बाद इस दुष्प्रचार में तेजी आई है। चीन, राफेल लड़ाकू विमानों के मुकाबले अपने लड़ाकू विमानों को बेहतर बनाकर पेश कर रहा है। रिपोर्ट्स के अनुसार, चीन के दूतावासों में तैनात डिफेंस अताशे विभिन्न देशों को राफेल लड़ाकू जेट नहीं खरीदने पर जोर दे रहे हैं। खासकर इंडोनेशिया को मनाने की कोशिश हो रही है, जो राफेल जेट खरीदने पर विचार कर रहा है। इतना ही नहीं चीन अपने लड़ाकू विमानों का प्रचार कर रहा है और विभिन्न देशों पर उन्हें खरीदने के लिए जोर डाल रहा है।



### चीन निर्मित हथियारों के प्रदर्शन पर उठे सवाल?

*पहलगाम आतंकी हमले के बाद मई में भारत और पाकिस्तान के बीच भीषण संघर्ष हुआ था, जिसमें मिसाइलों और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। सैन्य विशेषज्ञ अब इस बात का पता लगाने में जुटे हैं कि पाकिस्तान के चीन में निर्मित हथियारों खासकर लड़ाकू विमानों ने भारत के फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के खिलाफ कैसा प्रदर्शन किया। पाकिस्तान का दावा है कि उसने भारत के पांच लड़ाकू विमान गिराए, जिनमें तीन राफेल जेट भी शामिल हैं। हालांकि फ्रांस के वायुसेना प्रमुख जनरल जेरोम बेलेंजर ने कहा कि भारत ने संभवतः तीन लड़ाकू विमान खोए, जिनमें एक राफेल, एक सुखोई और एक मिराज 2000 शामिल है।*

### सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार

*इसके तहत सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल की जा रही हैं, जिनमें फर्जी तस्वीरों के जरिए राफेल के मलबे को दिखाया जा रहा है। साथ ही एआई जेनरेट कंटेंट और वीडियो गेम की क्लिप दिखाकर राफेल को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष के बाद एक हजार से ज्यादा सोशल मीडिया अकाउंट बनाए गए, जो चीन की सैन्य तकनीक को बेहतर बताने की कोशिश कर रहे हैं।*

चीन अपने लड़ाकू विमानों को बेचने के लिए कर रहा गलत प्रचार



भारत-पाकिस्तान संघर्ष को लेकर फैलाई जा रहीं फर्जी खबरें

### फ्रांस के रक्षा निर्यात में राफेल अहम

फ्रांस ने अभी तक जितने भी देशों को राफेल लड़ाकू जेट बेचे हैं, उनमें पहली बार राफेल के निशाना बनने की बात सामने आई है। बेलेंजर ने कहा कि लड़ाकू विमान अगर गिरा है, तो इस बारे में उस देश से सवाल पूछा जाना चाहिए। फ्रांस के हथियार निर्यात में बड़ा हिस्सा राफेल और उससे जुड़े उपकरण हैं। यह फ्रांस का विभिन्न देशों से संबंध बेहतर करने का भी प्रमुख जरिया है। खासकर एशिया में, जहां चीन अपना दबदबा बढ़ा रहा है। हालांकि इन दिनों फ्रांस को चीन के दुष्प्रचार से जूझना पड़ रहा है। जिसमें पाकिस्तान और चीन दोनों शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने दलाई लामा को दी जन्मदिन की बधाई

**नई दिल्ली।** तिब्बत के आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा रविवार को 90 साल के हो गए हैं। उनके जन्मदिन के खास मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। मोदी ने दलाई लामा को 'प्यार, करुणा, धैर्य और नैतिक अनुशासन' का प्रतीक बताया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। पीएम मोदी ने कहा कि 1.4 अरब भारतीयों की तरफ से वो दलाई लामा को शुभकामनाएं देते हैं।



### तालिबान को मान्यता देने की जल्दी में नहीं है पाक

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वे फिलहाल अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता देने की जल्दबाजी नहीं कर रहे हैं। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने कहा कि कोई भी फैसला देश के हितों को ध्यान में रखकर लिया जाएगा। पाकिस्तान का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब एक दिन पहले ही रूस ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को मान्यता देने का एलान कर दिया है।



## भारत-अर्जेंटीना के बीच ड्रोन प्रौद्योगिकी साझेदारी पर हुई चर्चा

# वन्यजीवों का संरक्षण और विभिन्न क्षेत्रों में ड्रोन की उपयोगिता एवं संभावनाएं तलाशेंगे दोनों देश

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश सचिव (पूर्व) पी. कुमारन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्जेंटीना की अपनी ऐतिहासिक यात्रा के दौरान दक्षिण अमेरिकी राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ ड्रोन प्रौद्योगिकी जैसे नए क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की।

दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक के बाद एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कुमारन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और माइली के बीच बातचीत में ड्रोन के उपयोग और विभिन्न उद्देश्यों के लिए उनके उपयोग पर महत्वपूर्ण चर्चा हुई।

विदेश मंत्रालय के अनुसार, अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) को 2023 में पीएम मोदी द्वारा लॉन्च किया गया था। इसका मुख्य उद्देश्य बाघ, शेर, तेंदुआ, हिम तेंदुआ, चीता, जगुआर और प्यूमा नामक सात बड़ी बिल्लियों का संरक्षण करना है, जिसमें संबंधित हितधारकों के बीच सहयोग और तालमेल की सुविधा, दुनिया भर में बड़ी बिल्लियों के संरक्षण को प्राप्त करने के लिए सफल संरक्षण प्रथाओं और विशेषज्ञता का समेकन जैसे उद्देश्य शामिल हैं और यह वैश्विक वन्यजीव संरक्षण के लिए भारत के नेतृत्व और प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

◆ ड्रोन के उपयोग से हेलीकॉप्टर पर निर्भरता होगी कम

पीएम मोदी ने अर्जेंटीना को अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस में शामिल होने आमंत्रित किया



### ब्राजील पहुंचे पीएम मोदी, ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर हुआ स्वागत




पीएम मोदी अर्जेंटीना के बाद अब ब्राजील पहुंच गए हैं। यहां भारतीय समुदाय ने उनका भव्य स्वागत किया। पीएम मोदी के सामने ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर एक नृत्य प्रस्तुत किया गया। पीएम मोदी यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। पीएम मोदी का ब्राजील की चार दिवसीय यात्रा पर रियो डी जेनेरियो पहुंचे हैं। यहां पर भारतीय समुदाय ने उनका भव्य स्वागत किया। ब्राजील में पीएम मोदी 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी भाग लेंगे। वहीं भारतीय प्रवासियों ने रियो डी जेनेरियो में पीएम मोदी के स्वागत में पारंपरिक नृत्य और लोकगीत प्रस्तुत किए। इसमें खास बात यह रही कि पीएम मोदी के सामने ऑपरेशन सिंदूर की थीम पर आधारित 'ये देश नहीं मिटने दूंगा' गीत पर एक नृत्य प्रस्तुति भी की गई। इस दौरान पीएम मोदी ने भारतीयों से बात भी की। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर अपने ब्राजील पहुंचने की जानकारी दी।

### मवेशियों के प्रबंधन में ड्रोन का उपयोग

पी. कुमारन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया, पीएम मोदी और राष्ट्रपति माइली के बीच अवैध, अनियमित और अप्रतिबंधित मछली पकड़ना, विशेष रूप से अर्जेंटीना के विशेष आर्थिक क्षेत्रों में मछुआरों का अतिक्रमण और आईयूयू मछली पकड़ने से निपटने के लिए इसका उपयोग करने के बारे में चर्चा हुई। इसके अलावा, मवेशियों के प्रबंधन के लिए ड्रोन का उपयोग करने, सीमा निगरानी के लिए कृषि उत्पादकता बढ़ाने के बारे में भी चर्चा हुई और अर्जेंटीना पक्ष ने इस बारे में भी बात की कि कैसे ड्रोन पारंपरिक रूप से हेलीकॉप्टरों पर निर्भरता के बजाय ड्रोन का उपयोग करके उच्च तनाव वाली बिजली ट्रांसमिशन लाइनों की निगरानी में मदद कर सकते हैं, जो बहुत अधिक महंगा है। सहयोग के एक अन्य नए क्षेत्र के बारे में, कुमारन ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अर्जेंटीना को अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। वहीं, दोनों नेताओं ने भारत द्वारा संचालित एक पहल के तहत सहयोग पर चर्चा की, जिसे अंतर्राष्ट्रीय बिग कैट एलायंस कहा जाता है। यह छह चिन्हित बड़ी बिल्लियों- शेर, बाघ, जगुआर आदि के संरक्षण में आईबीसीए के सदस्य देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देता है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा में सेंध

# ट्रंप के गोल्फ कोर्स पर उड़ रहे प्लेन को लड़ाकू विमान ने खदेड़ा



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी वायुसेना ने न्यू जर्सी के बेडमिंस्टर में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के गोल्फ कोर्स के ऊपर उड़ रहे एक नागरिक विमान को रोकने के लिए लड़ाकू जेट भेजा। राष्ट्रपति ट्रंप और प्रथम महिला सप्ताहांत के लिए न्यू जर्सी के बेडमिंस्टर में हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और फर्स्ट लेडी जब वीकेंड पर न्यू जर्सी के बेडमिंस्टर स्थित निजी गोल्फ कोर्स में मौजूद थे, उसी दौरान उनकी सुरक्षा में बड़ी सेंध लगने से हड़कंप मच गया।

शनिवार 5 जुलाई को एक नागरिक विमान ने अस्थायी उड़ान प्रतिबंध (टीएफआर) का उल्लंघन किया, जिसके बाद उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड (एनओआरएडी) के लड़ाकू विमान ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उस विमान को इंटरसेप्ट कर रोक दिया।

### 5 बार नियमों का किया उल्लंघन

बयान में बताया गया कि यह दिन भर में पांचवां टीएफआर उल्लंघन था। इससे पहले तीन और उल्लंघन हो चुके थे जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चिंता और बढ़ गई। अमेरिकी एयरफोर्स ने सभी पायलटों को एफएए द्वारा जारी नोटिस टू एयर मिशन यानी नोटम पढ़ने और पालन करने की सख्त हिदायत दी है। एयरफोर्स ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, यदि आप बेडमिंस्टर, एनजे के आस-पास उड़ान भरने की सोच रहे हैं, तो नोटम्स 1353, 1358, 2246, और 2247 पर जरूर नजर डालें। ये सुरक्षा के लिए हैं, कोई बहाना नहीं चलेगा! सावधान रहें और प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र से बाहर रहें। एनओआरएडी द्वारा एफटीआरए उल्लंघन की स्थिति में कैसे कार्रवाई की जाती है, इसके लिए उन्होंने एक वीडियो लिंक भी साझा किया है, जो जागरूकता बढ़ाने के लिए है।

### प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में था विमान

एनओआरएडी ने जानकारी दी कि यह घटना दोपहर 2:39 बजे (ईडीटी) हुई जब सामान्य नागरिक विमान ने प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया। एनओआरएडी के फाइटर जेट ने हेडबट रणनीति अपनाते हुए पायलट का ध्यान खींचा और विमान को सुरक्षित रूप से प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर निकाल दिया गया।

**24 घंटे** में गाजा पट्टी में 130 ठिकानों पर हमला



# इजराइल ने किया गाजा पर हवाई हमला, 33 फलस्तीनी मारे गए

एजेंसी ▶▶ तेलअवीव

इजराइली सेना ने कहा कि उसने पिछले दिन संघर्षग्रस्त क्षेत्र में 100 से अधिक ठिकानों पर हमला किया है। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू युद्ध विराम प्रयासों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से व्हाइट हाउस में वार्ता के लिए वाशिंगटन जाने की तैयारी कर रहे हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुरुआती 60 दिन के युद्ध विराम की योजना पेश की है ।

### गाजा शहर के दो मकानों को भी बनाया गया निशाना

जिसमें गाजा में मानवीय आपूर्ति में वृद्धि के बदले हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की आंशिक रूप से रिहाई शामिल है। प्रस्तावित युद्ध विराम में 21 महीने से जारी युद्ध को पूरी तरह समाप्त करने के लिए वार्ता की बात कही गई है। गाजा शहर में सेवा प्रदान करने वाले शिफा अस्पताल के निदेशक मोहम्मद अबू सेलमिया के अनुसार, इजराइली हमलों में गाजा शहर के दो मकानों को निशाना बनाया गया, जिसमें 20 लोग मारे गए और 25 घायल हो गए।

### इजराइली सेना ने हमले पर टिप्पणी नहीं की

*दक्षिणी गाजा में, निकटवर्ती खान यूनिस स्थित नासिर अस्पताल के अधिकारियों ने 'एसोसिएटेड प्रेस' को बताया कि मुवासी नामक क्षेत्र में हुए हमलों में 13 फलस्तीनी मारे गए। मुवासी गाजा के भूमध्य सागर पर स्थित एक क्षेत्र है, जहां कई विस्थापित लोग तंबुओं में रहते हैं। इजराइली सेना ने इन हमलों पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की, लेकिन कहा कि उसने पिछले 24 घंटों में गाजा पट्टी में 130 ठिकानों पर हमला किया। इसने कहा कि हमलों में हमास के कमान और नियंत्रण ढांचे, भंडारण केंद्रों और हथियारों को निशाना बनाया गया तथा उत्तरी गाजा में कई आतंकवादी मारे गए।*

### रिश्वत के मामले में एसआई को तलाश रही सीबीआई

**जम्मू।** जमानत याचिका के लिए रिश्वत मांगने के आरोपी सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद बशीर मालिक की तलाश करती रही। हालांकि 24 घंटे बाद भी सीबीआई व आरएस पुरा पुलिस टीम के हाथ खाली ही रहे। कई स्थानों पर छापे के बाद भी मोहम्मद बशीर मालिक को पकड़ा नहीं जा सका। सीबीआई की टीम दूसरे दिन भी आरएस पुरा थाने पहुंची। थानेदार से लेकर पूरे थाने के स्टाफ से पूछताछ की और जरूरी तथ्य जुटाए। मालिक पर जमानत याचिका से संबंधित रिपोर्ट देने के बदले 50 हजार की रिश्वत मांगने का आरोप है।

## विश्व व्यापार संगठन में भारत ने रखा प्रस्ताव

# ऑटो टैरिफ पर यूएस के खिलाफ जवाबी शुल्क लगाएगा भारत!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने सुरक्षा उपायों के नाम पर ऑटोमोबाइल क्षेत्र पर अमेरिकी टैरिफ को लेकर अमेरिका के खिलाफ डब्ल्यूटीओ (विश्व व्यापार संगठन) मानदंडों के तहत जवाबी शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा। भारत के अनुरोध पर प्रसारित की जा रही विश्व व्यापार संगठन की अधिसूचना के अनुसार, रियायतों या अन्य दायित्वों के प्रस्तावित निलंबन का रूप संयुक्त राज्य अमेरिका में उत्पादित चुनिंदा उत्पादों पर टैरिफ में वृद्धि के रूप में होगा। भारत ने विश्व व्यापार संगठन की





वस्तु व्यापार परिषद को विश्व व्यापार संगठन के कुछ प्रावधानों के अंतर्गत रियायतों और अन्य दायित्वों के निलंबन के अपने प्रस्ताव के बारे में अधिसूचित किया है। इसमें कहा गया है, यह अधिसूचना भारत से ऑटोमोबाइल पार्ट्स के आयात पर संयुक्त राज्य अमेरिका द्वारा बढ़ाए गए सुरक्षा उपायों के संबंध में जारी की गई है।

## नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं की टीम को मिली कामयाबी

# अब जापानी वैज्ञानिकों ने बनाया कृत्रिम रक्त ब्लड ग्रुप की चिंता किए बिना भी चढ़ सकेगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जापानी वैज्ञानिकों ने रक्त की इस कमी को दूर करने के लिए कृत्रिम रक्त यानी आर्टिफिशियल तरह का खून विकसित कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक इसे असली रक्त के विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा।

इतना ही नहीं सबसे खास बात ये है कि इसका उपयोग किसी भी ब्लड ग्रुप के लिए किया जा सकता है और इसे बिना रेफ्रिजरेशन के लंबे समय तक सुरक्षित भी रखा जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है



कि यह आपातकालीन चिकित्सा के दौरान सामने आने वाली सबसे बड़ी चुनौती को दूर करने और लोगों की जान बचाने में काफी मददगार हो सकती है। खबरों के मुताबिक जापान स्थित नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं की टीम इस साल एक क्लीनिकल ट्रायल शुरू करने जा रही है।

### 2030 में क्रत्रिम रक्त मिलना होगा शुरु

अब तक किए गए शुरुआती ट्रायल की प्रभाविकता की भी जांच की जानी है। यदि परीक्षण सफल होते हैं, तो जापान 2030 तक वास्तविक दुनिया की चिकित्सा प्रणालियों में कृत्रिम रक्त का उपयोग करने वाला पहला देश बन सकता है। स्थानीय समाचार आउटलेट क्योडो न्यूज के अनुसार, नारा मेडिकल यूनिवर्सिटी के परीक्षण के शुरुआती चरणों में मार्च में 16 स्वस्थ वयस्कों को 100 से 400 मिलीलीटर कृत्रिम रक्त दिया गया था।

## 24 सदस्यीय टीम ने की तकनीकी जांच, 915 करोड़ रुपए का है फाइटर जेट

हाइड्रॉलिक फेल्योर के कारण टेक ऑफ करना संभव नहीं हुआ

# तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर ब्रिटेन का फाइटर प्लेन एफ-35 बी 22 दिन बाद हैंगर में शिफ्ट किया

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर 22 दिनों से खड़ा ब्रिटिश एफ-35बी स्टील्थ फाइटर जेट आखिरकार रविवार को हटा दिया गया। यह विमान 14 जून को आपातकालीन लैंडिंग के बाद वहां फंसा हुआ था। विमान को ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स के एयरबस ए 400 एम एटलस से आई 24 सदस्यीय विशेषज्ञों की टीम ने तकनीकी जांच के बाद हैंगर में शिफ्ट किया।

ब्रिटिश एफ-35बी जेट एचएमएस प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर ग्रुप का हिस्सा है और केरल के तट से करीब 100 नॉटिकल मील दूर समुद्री अभ्यास कर रहा था। खराब मौसम और ईंधन की कमी के कारण इसे तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी थी। भारतीय वायुसेना ने इस लैंडिंग में सहयोग करते हुए ईंधन और



लॉजिस्टिक सहायता प्रदान की थी, लेकिन जब विमान को वापस ले जाने की तैयारी हो रही थी, तब उसमें हाइड्रॉलिक फेल्योर का पता चला, जो टेक-ऑफ और लैंडिंग के लिए खतरनाक हो सकता था।



### हैंगर में शिफ्ट करने को राजी हुई ब्रिटिश टीम

ब्रिटिश नेवी की एक छोटी टीम ने विमान की मरम्मत की कोशिश की, लेकिन तकनीकी जटिलताओं के कारण वे असफल रहे। इसके बाद ब्रिटिश टीम ने एअर इंडिया द्वारा विमान को हैंगर में रखने के प्रस्ताव को ठुकरा दिया, लेकिन बाद में मानसून की बारिश को देखते हुए वे मान गए।

### एफ-35 बी जेट पर बने मीम्स

इस दौरान सोशल मीडिया पर एफ-35 बी जेट मजाक और मीम्स का विषय भी बना। एक्स पर लोगों ने इसे 'आधार कार्ड' से लेकर बॉलीवुड डायलॉग तक में शामिल किया। यहां तक कि केरल टूरिज्म ने भी एक मजेदार पोस्ट के जरिए इस पर चुटकी ली। अब इस विमान को हटा लिया गया है, यह देखना होगा कि ब्रिटिश तकनीकी टीम इसे उड़ान लायक कब बना पाती है और कब यह एचएमएस प्रिंस ऑफ वाल्स में वापस लौटता है।

### सीमित क्षेत्र से भर सकता है उड़ान

एफ-35 बी लाइटनिंग दुनिया का सबसे आधुनिक पांचवीं पीढ़ी का फाइटर जेट है, जिसकी कीमत करीब 110 मिलियन डॉलर (करीब 915 करोड़ रुपये) है। यह एसटीओवीएल यानी शॉर्ट टेक ऑफ एंड वर्टिकल लैंडिंग क्षमता से लैस है और छोटे डेक या सीमित क्षेत्र वाले बेस से उड़ान भरने में सक्षम है।


**शहडोल जिले के संकदी और निपानिया शासकीय स्कूल का मामला, खर्च बताया 3.38 लाख**


# दो स्कूलों में 24 लीटर पेंट लगाने में लगे 656 वर्कर्स मंत्री बोले: दोषियों के खिलाफ होगी कठोर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र के शहडोल जिले में यहां दो स्कूलों में पुताई को लेकर घोटाला सामने आने के बाद मामले में स्कूल शिक्षा विभाग हरकत में आया है। मामले में स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शहडोल जिले के ब्यौहारी के सकंदी सरकारी हाई स्कूल में शाला की मरम्मत के मामले में अनियमितता का प्रकरण सामने आने पर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि किसी भी तरह की अनियमितता या गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव और आयुक्त लोक शिक्षण को प्रकरण की तत्काल जांच करने के निर्देश दिए हैं। जांच के बाद दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।




**स्कूल शिक्षा मंत्री ने शहडोल के स्कूल में हुई अनियमितताओं की जांच के दिए निर्देश**

## एक ही तारीख में एक ही ठेकेदार के बिल

दरअसल, दोनों स्कूल के बिल सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए हैं। इनके अनुसार, हाई स्कूल सकन्दी में सिर्फ 4 लीटर ऑयल पेंट की खरीद की गई थी, जिसकी कीमत 784 रुपए बताई गई है यानी 196 रुपए प्रति लीटर, लेकिन इस पेंट को दीवार में लगाने के लिए 168 मजदूरों और 65 मिस्त्रियों को काम पर लगाया गया। इनको 1,06,984 रुपए का भुगतान किया गया। वहीं दूसरा मामले में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय निपानिया में 20 लीटर पेंट खरीदा गया। इस पेंट को पोतने के लिए 275 मजदूरों और 150 मिस्त्रियों को काम पर लगाया गया। सभी को 2,31,650 रुपए का भुगतान भी किया गया। इस खर्च में खिड़कियों और दरवाजों की रंगाई का भी खर्च शामिल है, जो 20 लीटर पेंट के मुकाबले कहीं ज्यादा हैं। इन दोनों मामलों में एक ही ठेकेदार सुधाकर कंस्ट्रक्शन का नाम सामने आया है और खास बात तो यह है कि दोनों बिल मई की 5 तारीख में बने हैं। इधर मामले में डीईओ स्तर पर भी जांच शुरू हो गई है।

**खबर संक्षेप**

### रेलवे कर्मचारियों ने कोच फैक्ट्री में दिया धरना

**भोपाल।** सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ के आह्वान पर भारतीय मजदूर संघ(इटर) एवं भारतीय रेलवे मजदूर संघर्ष के बैनर तले पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारी परिषद के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना (कोच फैक्ट्री भोपाल) पर विशाल धरना प्रदर्शन किया। इस मौके पर कोच फैक्ट्री भोपाल पर पश्चिम मध्य रेलवे कर्मचारी परिषद के कार्यकतार्ओं बड़ी संख्या में शामिल हुए। रेलवे कर्मचारियों ने 8वें वेतन आयोग की कमेटी का शीघ्र गठन किया जाने से सहित अन्य मांगों को लेकर यह धरना प्रदर्शन किया।

### तय समयसीमा अंतर्गत पदोन्नति की मांग

**भोपाल।** राज्य शासकीय कर्मचारी अधिकार संरक्षण संघ ने राज्य सरकार से बिना विलंब अविवादित रूप से महाअभियान चलाकर तय समय सीमांतर्गत पदोन्नति आदेश जारी कराए जाने की मांग की है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शील प्रताप सिंह पुंढीर, महामंत्री व्यास मुनि चौबे, डॉ. देवी सिंह सनोदीया, भगवानसिंह ठाकुर, कृष्णकांत मिश्रा, सुग्रीव सिंह आदि प्रदेश समिति पदाधिकारियों ने बताया कि नौ वर्षों से बंद पदोन्नतियों को प्रारंभ के लिए जारी अधिसूचना के बाद प्रारंभ पदोन्नति कार्रवाई में गठित कमेटी उदासीनतापूर्ण ढुलमुल रवैए अपनाएं हुए है। संघ ने प्राथमिकता पूर्वक आदेश जारी कार्य जाने की मांग की है।

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर को दी 265.56 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात**

# अब बीहड़ की बिजली से जगमगाएंगा मप्र-उप्र ग्वालियर-चंबल क्षेत्र बनेगा विकास का नया केंद्र

## सीएम डॉ. मोहन ने आईएसबीटी परिसर में विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



**सीएम ने शासकीय योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ किए वितरित**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ग्वालियर-चंबल क्षेत्र शीघ्र ही राज्य का सबसे विकसित क्षेत्र बनेगा। उन्होंने क्षेत्रीय किसानों से अपील की कि वे अपनी जमीन बेचने की कतई न सोंचे, क्योंकि इस क्षेत्र में शीघ्र ही रोजगार के नए अवसर और विकास की नई धाराएं बहने वाली हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को ग्वालियर के आईएसबीटी परिसर में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने यहां 265.56 करोड़ रुपए की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का रिमोट का बटन दबाकर लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। उन्होंने विभिन्न शासकीय योजनाओं के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को मंच से हितलाभ भी वितरित किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में नदियों को जोड़ने का अभियान चल रहा है।

### बीहड़ों को अब बेहतर तरीके से विकसित किया जा रहा

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इस क्षेत्र के बीहड़ों को अब बेहतर तरीके से विकसित किया जा रहा है। बीहड़ों में जल्द ही केंद्र सरकार के सहयोग से 2000 मेगावाट क्षमता का एक बड़ा सोलर पॉवर प्लांट स्थापित किया जा रहा है। यह मप्र और उत्तरप्रदेश की संयुक्त परियोजना होगी। इस परियोजना से दोनों ही प्रदेशों को ऊर्जा आपूर्ति होगी। मप्र और उप्र 6-6 माह बराबरी से इस परियोजना से उत्पादित बिजली का उपभोग करेंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि आगरा से ग्वालियर के बीच बन रहे नए सिक्स-लेन नेशनल हाई-वे के चलते बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने इस क्षेत्र में बड़ा निवेश करने में अपनी रुचि दिखाई है।*

### आज ग्वालियर के लिए गौरवशाली दिन: मंत्री तोमर

*ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने कहा कि आज ग्वालियर के लिए गौरवशाली दिन है। ग्वालियर के हजीरा अस्पताल को पहला स्थान मिला है। इसे जिला अस्पताल के समकक्ष बनाया जाए। उन्होंने कहा कि ग्वालियर में अब मरीजों की बायपास सर्जरी की व्यवस्था भी की जाए। ग्वालियर में बड़े उद्योगों की स्थापना की जाए। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण तथा उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्रीनारायण सिंह कुशवाहा, विधायक मोहन सिंह राठौर सहित जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।*

### अतिभव्य आईएसबीटी लोकार्पित हुआ



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्वालियर के गौरवशाली अतीत का स्मरण करते हुए कहा कि यह भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्मभूमि और राजमाता विजयाराजे सिंधिया की कर्मभूमि रही है। प्रदेश की धरती से भारत के विकास का दीपक अटलजी के रूप में प्रज्ज्वलित हुआ था। भारत मानवता के लिए जीता है। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने तीन-तीन देशों से लड़ाई लड़ी। सर्जिकल स्टाइक में पाकिस्तान को माकूल जवाब देने के लिए हमारे सुखोई विमान ग्वालियर से ही उड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के स्वर्णिम भविष्य के निर्माण के लिए सरकार ने शुक्रवार को ही 94 हजार से अधिक प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए राशि दी है। उन्होंने ग्वालियर की जनता को बधाई देते हुए कहा कि वाकई यहां अतिभव्य आईएसबीटी लोकार्पित हुआ है।

### ग्वालियर का हजीरा अस्पताल प्रदेश में नंबर-1 आया

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्वालियर का हजीरा अस्पताल प्रदेश में नंबर-1 आया है। चंबल के नौजवान सेना की ताकत बढ़ा रहे हैं। ग्वालियर में 6 लेन हाई-वे का निर्माण प्रारंभ होने से आगरा के बड़े व्यापारी अपने उद्योग-धंधे स्थापित करने के लिए ग्वालियर आ रहे हैं। ग्वालियर के विकास की बात पर हम सबके साथ हैं, जो भी मांगा है, उसे क्रमबद्ध रूप से पूरा किया जाएगा।

### प्रदेश की जनता के लिए औद्योगिक क्रांति की शुरुआत

*केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में मप्र विकास की नई इबारत लिख रहा है। दिन-रात एक कर प्रदेश की जनता के लिए औद्योगिक क्रांति की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री शगुन का लिफाफा लेकर ग्वालियर आए हैं। हमारी मांग थी कि ग्वालियर-चंबल संभाग में डॉ. अंबेडकर धाम की स्थापना हो, जो बाबा साहेब की विचारधारा का मंथन केंद्र बने। ग्वालियर जिले के डबरा के जौरासी गांव में 8 करोड़ रुपए की लागत से डॉ. अंबेडकर धाम बन रहा है।*

**मुख्यमंत्री ने केंद्रीय कृषि मंत्री को लिखा पत्र**

# मूंग उत्पादन की 40% खरीदी का लक्ष्य निर्धारित करने का आग्रह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान से किसानों के हित में मूंग के कुल उत्पादन का 40 प्रतिशत समर्थन मूल्य पर क्रय करने का लक्ष्य निर्धारित करने का आग्रह किया है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विपणन वर्ष 2025-26 में ग्रीष्मकालीन मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य 8,682 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। प्रदेश में इस वर्ष मोबाइल ऐप के माध्यम से की गई गिरदावरी में ग्रीष्मकालीन मूंग के क्षेत्रफल में वृद्धि हुई है।

**भाजपा प्रदेश कार्यालय में होगा आयोजन**

# डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती पर प्रदेश भर में होंगे रचनात्मक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद प्रतिमा पर करेंगे माल्यार्पण**

भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती 6 जुलाई को प्रदेश भर में मनाई जाएगी। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सुबह 7:30 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय में डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद सहित पार्टी पदाधिकारी 6 जुलाई को सुबह 9:30 बजे भाजपा प्रदेश कार्यालय के सामने स्थित डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे। प्रदेश भर में कार्यकर्ता डॉ. मुखर्जी का पुण्य स्मरण कर उनके चित्र पर माल्यार्पण करेंगे। साथ ही रचनात्मक कार्यक्रम, उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित संगोष्ठियों का आयोजन होगा।

**बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य पर काम कर रही सरकार**

# नेता प्रतिपक्ष कटारे ने पोषण बजट को लेकर किया भ्रामक ट्वीट: अग्रवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष ऊषा अग्रवाल ने नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे द्वारा पोषण बजट को लेकर किए गए ट्वीट पर उन्हें घेरा है। अग्रवाल ने कहा कि भ्रामक ट्वीट, झूठे आंकड़े, कटारे किस एजेंडे पर काम कर रहे हैं? 5 जुलाई 2025 को नेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने पोषण बजट को लेकर भ्रामक ट्वीट किया। कटारे ने 4895 करोड़ रुपए का हवाला दिया, जबकि 2024-25 में पूरक पोषण आहार के लिए वास्तविक बजट 1154.83 करोड़ है, जो भारत सरकार के मानकों के अनुसार खर्च हो रहा है। एनएफएचएस आंकड़े कहते हैं कि कम वजन 60 प्रतिशत से घटकर 33 प्रतिशत, ठगनापन 50 प्रतिशत से 35 प्रतिशत, दुबलापन 35 प्रतिशत से 19 प्रतिशत। नेता प्रतिपक्ष कटारे ने जिस पोषण ट्रैकर के आंकड़े का जिक्र किया, वे अप्रैल 2025 के हैं, जो फील्ड डेटा पर आधारित हैं। मानवीय त्रुटि संभव है, पर सरकार निरंतर प्रशिक्षण व मॉनिटरिंग कर रही है। मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम और एम्स भोपाल के सहयोग से बच्चों के पोषण और स्वास्थ्य पर गंभीर काम हो रहा है। कुपोषण घट रहा है, कांग्रेस का प्रपंच बढ़ रहा है।

### प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह इटारसी में 13 को

**भोपाल।** चौरिया कुर्मी महासभा और पटेल समाज द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 13 जुलाई को इटारसी में किया जाएगा। इस आयोजन में उप्र के कैबिनेट मंत्री और आशीष पटेल मुख्य अतिथि होंगे। कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से लगभग 170 होनहार विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा। यह आयोजन साई कृष्णा रिसोर्ट, पेट्रोल पंप के पास (खेड़ा),में सुबह 11 बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में चौरिया कुर्मी महासभा के अध्यक्ष नवीन पटेल, अपना दल (एस) राष्ट्रीय महासचिव 'युवा मंच' डॉ. अखिलेश पटेल विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। वहीं प्रदेशभर से अपना दल (एस) के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के भी इस कार्यक्रम में पहुँचने की उम्मीद की जा रही है।

# 27 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को लेकर कांग्रेस करेगी आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ दिलाने के लिए कांग्रेस सदन से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ेगी। इसको लेकर प्रदेशभर में आंदोलन-प्रदर्शन किए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने शनिवार को संयुक्त रूप से पीसीसी में प्रेस कांफ्रेस के माध्यम से यह बात कही।

नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार ने ओबीसी समाज के साथ धोखाधड़ी, विश्वासघात की सारी हदें पार कर दी हैं। ओबीसी वर्ग को अपना हक न मिले, इसलिए सरकार संविधान के मूल ढांचे से खिलवाड़ कर रही है।

### हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद वंचित ओबीसी

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि संविधान में स्पष्ट है कि विधायिका से बने कानून का कार्यपालिका को अक्षरशः पालन करना होगा। हाईकोर्ट भी स्पष्ट निर्देश दे चुका है, लेकिन सरकार ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण के संवैधानिक हक से वंचित कर रखा है। इस मामले को लेकर कांग्रेस 2 दिन के अंदर पूरी प्लानिंग के साथ ओबीसी आरक्षण को लागू करने के लिए ब्लॉक स्तर, जिला स्तर और प्रदेश स्तर पर चरण बद्ध आंदोलन करेगी। नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने कहा कि 26 फरवरी 2025 को मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने कहा था कि ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने पर कोई कानूनी रोक नहीं है। 7 अप्रैल 2025 को सुप्रीम कोर्ट ने 'यूथ फॉर इक्वलिटी' की याचिका को खारिज करते हुए दोहराया कि इस कानून पर कोई अड़चन नहीं है।

**कोरबा के कटघोरा-अम्बिकापुर नेशनल हाइवे पर दर्दनाक हादसा**

# तेज रफ्तार पिकअप वाहन की टक्कर में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोरबा



कटघोरा-अम्बिकापुर नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस घटना में दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। घायल को डायल 112 की टीम ने कटघोरा अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज शुरू किया गया।

उसकी हालत को देखते हुए जिला मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है। पुलिस ने दुर्घटनाकारित पिकअप वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि बाइक पर तीन लोग सवार थे। ढेलवाडीह निवासी 37 वर्षीय अजय यादव और 26 वर्षीय सुमित गुप्ता और एक अन्य साथी था। तीनों एक ही गांव के रहने वाले थे और किसी काम से बाहर गए हुए थे। देर रात अपने घर वापस लौट रहे थे। हादसे में अजय की घटना स्थल पर ही मौत हो गई समीर की इलाज के दौरान मौत हुई। वहीं, तीसरा जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन की रफ्तार तेज थी और सड़क पर मवेशी बैठा था। इस वजह से पिकअप वाहन अनियंत्रित हुआ। स्थानीय लोगों की माने तो पिकअप वाहन की रफ्तार काफी तेज थी। बारिश भी हो रही थी, बीच सड़क पर मवेशी भी बैठा हुआ था। जिसे बचाने के फेर में बाइक सवार को चपेट में ले लिया और अनियंत्रित होकर वाहन पलट गया। इस हादसे में बाइक चालक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वही पिकअप चालक को मामूली चोटे आई है। इस हादसे के बाद 112 को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंच घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए मृतकों और घायल को को कटघोरा स्थित उप स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहीं, इसकी सूचना कटघोरा थाना पुलिस को दी गई। कटघोरा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। पिकअप वाहन को जब्त कर लिया गया है और चालक को गिरफ्तार किया गया है।

**अंबिकापुर से कुसमी जा रहा था ट्रक**

# किराना सामान से भरा ट्रक गागर नदी में गिरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलरामपुर रामनुजगंज

इन दिनों लगातार हो रही बारिश से पूरे जिले के नदी नाले उफान पर हैं। रविवार की सुबह करीब सात बजे जिले के राजपुर-अंबिकापुर एनएच 343 में किराना सामान से भरी ट्रक गागर नदी में जा गिरी। गनीमत रही कि चालक और परिचालक किसी तरह से जान बचाने में सफल रहे। बताया जा रहा है कि, राजपुर थाना क्षेत्र के एनएच 343 अंबिकापुर-रामानुजगंज मुख्यमार्ग सड़क खराब होने के की वजह से चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिसके चलते ट्रक नदी में जा गिरी। ट्रक अंबिकापुर से किराना समान लेकर कुसमी जा रही थी।

**गाड़ी की उम्र 2 लाख किमी, यहां 4 लाख किमी के बाद भी दौड़ रहीं**

# इमरजेंसी सेवा डायल-112 की गाड़ियों का निकला दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोगों की जान बचाने और इमरजेंसी में सेवा देने वाली गाड़ियां ही दम तोड़ रही हैं। परिवहन विभाग के नियमानुसार इन गाड़ियों की लाइफ समाप्त हो चुकी है, फिर भी ये सड़कों पर दौड़ रही हैं। इसके चलते इमरजेंसी में ये गाड़ियां समय पर नहीं पहुंच पा रही हैं। गाड़ियों का इंजन तो जवाब दे ही रहा है, लेकिन चक्के भी सड़क पर फिसल रहे हैं। इसके चलते इमरजेंसी सेवा में चल रहे कर्मचारी भी हादसे का शिकार हो रहे हैं।

प्रदेश में इमरजेंसी सर्विस देने के लिए साल 2018 में प्रदेश के 11 जिलों में डायल-112 की शुरुआत की गई थी। डायल-112 एक तरह से ऐसी इमरजेंसी सर्विस है, जिससे आपातकालीन स्थिति में पुलिस, स्वास्थ्य जैसी सुविधाएं दी जाती है। इसके लिए 2017 में गाड़ियों 252 गाड़ियों की खरीदी हुई थी।

8 साल पहले खरीदी गई यही गाड़ियां अब भी सड़कों पर दौड़ रही हैं। इनमें से



अधिकांश गाड़ियां 3 लाख किमी से ज्यादा चल चुकी है। कई गाड़ियों ने तो 4 लाख किलोमीटर का सफर पूरा कर लिया है। इसके बाद भी इन गाड़ियों को हटाया नहीं गया और आज भी ये इमरजेंसी सेवाओं में तैनात हैं।

### भिलाई में निकला पहिया

भिलाई में घटना की सूचना पर जा रही डायल-112 की गाड़ी का पहिया ही निकल गया। घटना में पुलिस स्टाफ व ड्राइवर घायल हो गए। उनकी मदद के लिए दूसरी इमरजेंसी सेवा की गाड़ी बुलानी पड़ी।

### पेट्रोलिंग के दौरान बंद हो गई गाड़ी

*शहर के सबसे महत्वपूर्ण थाना सिविल लाइन की गाड़ी रात में पेट्रोलिंग के दौरान बंद हो गई। गाड़ी को रास्ते में खड़ी की गई। उसे दूसरे दिन बनाने के लिए भेजा गया। प्रभारी को दूसरी गाड़ी के लिए चक्कर काटना पड़ा। इसी खरोरा से आरोपियों को कोर्ट लाते समय गाड़ी बंद हो गई।*

### हर थाने में एक पेट्रोलिंग गाड़ी

*रायपुर के हर थाने में एक पेट्रोलिंग गाड़ी है। हर थाने को दो डायल-112 की गाड़ियां दी गई है। थाना प्रभारियों को निजी गाड़ी भी दी गई। रायपुर में 40 गाड़ियां थाने में चल रही है। जबकि डायल-112 की 52 गाड़ियां है। पेट्रोलिंग और डायल-112 के लिए मौजूद गाड़ियों की स्थिति खराब है।*

### संजीवनी को चाहिए जड़ी-बूटी

*संजीवनी 108 योजना में गाड़ी चलाने का ठेका जय अंबे कंपनी को दिया गया है। जबकि महतारी एक्सप्रेस 102 और मुक्ताजंली शव 1099 का ठेका कैंपस को दिया गया है। कई एंबुलेंस की स्थिति खराब है। रास्ते में बंद हो रही है। मरीज को आधे रास्ते में दूसरे गाड़ियों में शिफ्ट कर लाया जा रहा है।*

### आरटीओ का ये है नियम

*परिवहन विभाग के नियमानुसार एक गाड़ी की सामान्य लाइफ 1.80 लाख से 2 लाख किलोमीटर या फिर 15 साल की होती है। इसके बाद गाड़ी को कंडम मान लिया जाता है। लेकिन आरटीओ की सख्ती सिर्फ आम आदमी के लिए है। सरकारी तंत्र में उनका यह नियम लागू ही नहीं होता है।*

**प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी से अति भारी बारिश**

# अगले दो दिन तक प्रदेश में जमकर होती रहेगी बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर



छत्तीसगढ़ में इन दिनों झमाझम बारिश हो रही है। अब बारिश की गतिविधि में वृद्धि होने की संभावना है। अगले तीन दिनों तक प्रदेश के एक-दो जगह पर भारी बारिश से बहुत भारी बारिश जारी रहने की संभावना है। वहीं छह और सात जुलाई को बारिश की गतिविधि में और वृद्धि होने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, मानसून की द्रोणिका समुद्र तल से अब श्रीगंगानगर, भिवानी, आगरा और कोलकाता से होकर पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। द्रोणिका अब उत्तर-पूर्व अरब सागर से गंगिया पश्चिम बंगाल के उत्तरी भागों और आसपास के क्षेत्र में उपरोक्त चक्रवर्ती परिसंचरण तक उत्तर गुजरात, उत्तर मध्य प्रदेश, दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश और झारखंड से होकर समुद्र तल से 1.3 किमी और 5.8 किमी ऊपर दक्षिण की ओर झुका हुआ है। मौसम एक्सपर्ट ने बताया कि एक दो जगह पर भारी से बहुत भारी बारिश होने और मेघ गर्जन के साथ वज्रपात होने की संभावना है। राजधानी रायपुर में रविवार सुबह से ही बादल छाए हुए थे और बारिश हो होती रही। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के विभिन्न इलाकों में झमाझम बारिश हुई। वहीं कोरिया और बस्तर जिलों में भारी बारिश दर्ज की गई है।

# भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता बना रही दुनिया के सबसे उन्नत क्षेत्रों को सशक्त

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता दुनिया के कुछ सबसे उन्नत क्षेत्रों को सशक्त बना रही है। सरकार का लक्ष्य भारत को आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बनाना है। यह बात देवनहल्ली में कर्नाटक औद्योगिक क्षेत्र विकास बोर्ड (केआईएडीबी) एयरोस्पेस विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) का दौरे के दरमियान केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कही। उन्होंने देश में फ्रांसीसी प्रमुख सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन और हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) की ज्वाइंट इनिशिएटिव की सराहना की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है।

कि भारत में विभिन्न ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी) के माध्यम से पहले से ही बहुत सारे डिजाइन और इनोवेशन हो रहे हैं, हमारा लक्ष्य अब न केवल डिजाइन और इनोवेशन करना है, बल्कि यहां पेटेंट और उत्पादन करना भी है, जिससे भारत आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बन सके। गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहाकि एसईजेड में संचालित कई इकाइयों की लीडरशीप के साथ भी बातचीत की और नीति निर्माण प्रक्रिया को मजबूत करने में मदद करने के लिए उनकी बहुमूल्य प्रतिक्रिया और सुझाव लिए।

**आपूर्ति श्रृंखलाओं में वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय भागीदार बनेगा: पीयूष**



## यह समझौता सरकार की "मेक इन इंडिया" नीति का भी करता है समर्थन

एचएएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डॉ. डीके सुनील ने कहाकि हमें सफ्रान के साथ इस दीर्घकालिक साझेदारी का विस्तार करने और एलईएपी कार्यक्रम के लिए इनकोनेल भागों के लिए फोर्जिंग प्रक्रियाओं में अपनी औद्योगिक विशेषज्ञता विकसित करने पर वास्तव में गर्व है। फ्रांसीसी कंपनी सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन भारत में अपनी क्षमताओं और उपस्थिति को बढ़ा रहा है। कंपनी पहले से ही हैदराबाद, बेंगलुरु और गोवा में पांच प्रोडक्शन साइट्स का संचालन करती है।

### एचएएल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर

पिछले महीने, पेरिस एयर शो के 55वें संस्करण में, विमान इंजन के डिजाइन, विकास और उत्पादन में दुनिया की अग्रणी फ्रांसीसी इंजन निर्माता कंपनी सफ्रान एयरक्राफ्ट इंजन ने एलईएपी इंजन के रेटेटिंग पार्ट्स के उत्पादन के लिए भारत की अग्रणी एयरोस्पेस और रक्षा कंपनी एचएएल के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे।

## खबर संक्षेप

### एशियन पेंट्स पेश करेगा एफ्कोलाइट ऑल प्रोटेक

**नई दिल्ली।** पेंट्स और डेकोर में अग्रणी एशियन पेंट्स ने नवीनतम इनोवेशन लोटस इफेक्ट टेक्नोलॉजी से युक्त एफ्कोलाइट ऑल प्रोटेक को पेश कर रहा है। यह अत्याधुनिक प्रीमियम इंटीरियर पेंट बेहतरीन दाग प्रतिरोधक क्षमता, अग्नि प्रतिरोधी विशेषता और सुंदर फिनिश के साथ आधुनिक जीवनशैली के अनुरूप बनाया गया है। एशियन पेंट्स ने पिछले आठ दशकों में न केवल रंगों में, बल्कि तकनीक, सौंदर्य और प्रदर्शन के क्षेत्र में लगातार नए बेंचमार्क स्थापित किए हैं।

### स्मार्टन पावर का आईपीओ आज खुलेगा

**मुंबई।** स्मार्टन पावर सिस्टम लिमिटेड का इनिशिअल पब्लिक ऑफरिंग सोमवार 7 जुलाई को खोलेगी। कंपनी का लक्ष्य 50 करोड़ जुटाना है और इसके शेयर एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर सूचीबद्ध किए जाएंगे। यह इश्यू बुधवार 9 जुलाई 2025 को बंद होगा। इश्यू साइज 50,00,400 इक्विटी शेयरों का होगा, जिनका फेस वैल्यू 10 रुपए और आईपीओ प्राइस100 प्रति शेयर तय किया गया है। आईपीओ से प्राप्त शुद्ध आय का उपयोग बैटरी निर्माण यूनिट की उत्पादन लाइन की चल संपत्तियां खरीदने में करेंगी।

## मप्र सहित भारतभर में जीएसटी अब एक महत्वपूर्ण मोड़ पर

# व्यापारियों का सुझाव : पेट्रोल और डीजल को जीएसटी में शामिल करें , टैक्स स्लैब को घटाएं

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

केंद्र और राज्यों के वित्त मंत्रियों वाली जीएसटी परिषद से ट्रांसपोर्टरों संगठनों के पदाधिकारियों ने मांग की है कि पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के तहत लाकर इसके आधार को व्यापक बनाना चाहिए। व्यापारियों ने कहाकि जीएसटी अनुपालन को सरल बनाना चाहिए, कर स्लैब को घटाकर तीन करना चाहिए।

भोपाल ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुरलाल राजपूत ने कहाकि जीएसटी ने लगभग 17 स्थानीय करों और 13 उपकरों को पांच-स्तरीय ढांचे में समाहित कर दिया था, जिससे कर व्यवस्था सरल हो गई। मध्यप्रदेश सहित भारत में जीएसटी अब एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जहां वैश्विक व्यापार में आ रहे बदलाव के साथ तालमेल बिठाना आवश्यक है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार के उभरते परिदृश्य के साथ ही विनिर्माण और वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) क्षेत्रों में निवेश जुटाने के लिए एक ऐसे जीएसटी ढांचे की जरूरत है, जो चुस्त, निवेशक-अनुकूल और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी हो।





### पेट्रोलियम पदार्थों को इसके दायरे में लाना चाहिए

भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने कहाकि वस्तु एवं सेवा कर यानी जीएसटी के 8 साल पूरे हो गए। इनडायरेक्ट टैक्स में इस सबसे बड़े सुधार से सरकार का टैक्स कलेक्शन तो बढ़ा ही, बिजनेस को भी आसानी हुई। अतः अब जीएसटी का कंप्लायंस आसान बनाने और पेट्रोलियम पदार्थों को इसके दायरे में लाना चाहिए।

### कर निश्चितता में सुधार से होगा अनुपालन सरल

*मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन 501 और भोपाल लोहा व्यापारी एवं निर्माता संघ के उपाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहाकि इस समय जीएसटी एक चार स्तरीय कर संरचना है, जिसमें 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के स्लैब हैं। विलासिता और अवगुण से जुड़ी वस्तुओं पर 28 प्रतिशत का सबसे अधिक कर लगता है। पैक किए गए खाद्य उत्पादों और आवश्यक वस्तुओं पर सबसे कम पांच प्रतिशत जीएसटी लागू है। पीडब्ल्यूसी ने कहा कि तीन स्तरीय दर संरचना से व्याख्या संबंधी विवाद कम होंगे, कर निश्चितता में सुधार होगा और अनुपालन सरल होगा।*

### वैश्विक व्यापार में आ रहे बदलाव के साथ तालमेल बिठाना आवश्यक

मध्यप्रदेश पेट्रोल पंप ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहाकि जीएसटी लागू करते समय इसमें 17 तरह के टैक्स और 13 सेस को शामिल किया गया था। पिछले 5 वर्षों के दौरान सरकार का औसत जीएसटी कलेक्शन 90000 करोड़ रुपए से बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपए प्रतिमाह हो गया है। अप्रैल 2025 में 2.37 लाख करोड़ रुपए का रिकॉर्ड कलेक्शन हुआ। सरकार की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में 22.08 लाख करोड़ रुपए का जीएसटी कलेक्शन हुआ। 2020-21 में यह रकम 11.37 लाख करोड़ रुपए थी। पिछले वर्ष से तुलना करें तो जीएसटी कलेक्शन में 9.4 फीसदी की वृद्धि हुई है। पिछले वर्ष औसत मासिक कलेक्शन 1.68 लाख करोड़ रुपए था जो इस वर्ष बढ़कर 1.84 लाख करोड़ रुपए हो गया। बीते 8 वर्षों में जीएसटी में रजिस्टर्ड टैक्सपेयर की संख्या 65 लाख से बढ़कर 1.51 करोड़ हुई है। अतः मध्यप्रदेश सहित भारत में जीएसटी अब एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, जहां वैश्विक व्यापार में आ रहे बदलाव के साथ तालमेल बिठाना आवश्यक है। इसलिए केंद्र सरकार और जीएसटी परिषद को चाहिए कि पेट्रोल उत्पादों को जीएसटी में शामिल करें।

# यूनियन बैंक ने प्राप्त किया ईज 7.0 सुधार सूचकांक में दूसरे रनर अप का स्थान

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल



यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए ईज 7.0 सुधार सूचकांक में दूसरे रनर अप का स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा बैंक ईज 7.0 सुधार एजेंडा विकसित भारत की ओर बैंकिंग, प्रभावी जोखिम/धोखाधड़ी प्रबंधन, संग्रह और वसूली, उभरती बैंकिंग प्राथमिकताओं के लिए कर्मचारियों का विकास के तीन विषयों में शीर्ष कार्यनिष्पादन करने वालों में से एक है। वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग के सचिव, एम.नागराजू द्वारा मुंबई में भारतीय बैंक संघ (आईबीए) द्वारा आयोजित प्रशस्ति समारोह में बैंक को सम्मानित किया गया। बेहतर पहुंच और सेवा उत्कृष्टता (ईज़) पीएसबी सुधार एजेंडा के भाग के रूप में भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के वित्तीय सेवाएं विभाग की एक पहल है। ईज 7.0 की प्रमुख प्राथमिकताएं विकसित भारत की ओर बैंकिंग, ग्राहक सेवा में उत्कृष्टता, नए युग की तकनीक और अन्य उन्नत क्षमताओं को अपनाना, प्रभावी जोखिम,धोखाधड़ी प्रबंधन, संग्रह और वसूली तथा उभरती बैंकिंग प्राथमिकताओं के लिए कर्मचारियों का विकास करना थी। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को सुधार उपायों और पहलों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पिछले कुछ वर्षों में ईज सुधार सूचकांक में लगातार शीर्ष कार्यनिष्पादन करने वालों में पुरस्कृत किया गया है।

**सीमेंट कंपनियों पर सीसीआई की बड़ी कार्रवाई**

# अट्राटेक, डालमिया भारत और श्री दिग्विजय सीमेंट पर कसा शिकंजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई ) ने सीमेंट कंपनियों अट्राटेक, डालमिया भारत और श्री दिग्विजय सीमेंट पर शिकंजा कसते हुए उन्हें अपने विस्तृत वित्तीय दस्तावेज पेश करने का आदेश दिया है। आदेश के मुताबिक कंपनियों को आठ हफ्ते के भीतर अपनी ऑडिटेड बैलेंस शीट, प्रॉफिट एंड लॉस अकाउंट और आयकर रिकॉर्ड जमा करने होंगे। यह कार्रवाई ओएजीसी द्वारा सीमेंट टेंडरों में कार्टेल बनाने की शिकायत के बाद हुई है। सीसीआई ने 18 नवंबर 2020 को इस मामले की जांच के लिए अपने महानिदेशक को निर्देश दिए थे। जांच रिपोर्ट 18 फरवरी 2025 को सौंपी गई, जिसमें प्रतिस्पर्धा नियमों के उल्लंघन की पुष्टि हुई।

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।




18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी,धातु का पतलापन,शुगर,बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाइड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

### एक्सिस सर्विसेज ऑपर्च्युनिटीज फंड लांच

**मुंबई ।** एक्सिस म्यूचुअल फंड ने अपनी नई थीमैटिक पेशकश एक्सिस सर्विसेज ऑपर्च्युनिटीज फंड को लांच करने की घोषणा की है। इस फंड का नया फंड ऑफर 4 जुलाई 2025 से खुलकर 18 जुलाई 2025 तक निवेश के लिए उपलब्ध रहेगा। एक्सिस सर्विसेज ऑपर्च्युनिटीज फंड का उद्देश्य निवेशकों को उन कंपनियों के चुनींदा पोर्टफोलियो तक पहुंच इस फंड का प्रबंधन श्रेयश देवलकर , सचिन रेलेकर और कृष्णा नारायण (विदेशी निवेश के लिए) द्वारा किया जाएगा।

# टाटा मोटर्स ने शुरू किया नई हैरियर ईवी का उत्पादन, डिलीवरी इसी माह से शुरू





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश की प्रमुख एसयूवी निर्माता टाटा मोटर्स ने भारत की सबसे ताकतवर और स्मार्ट एसयूवी हैरियर.ईवी का उत्पादन शुरू कर दिया है। यह गाड़ी पूरे गर्व के साथ टाटा मोटर्स के अत्याधुनिक पुणे प्लांट की उत्पादन लाइन से बाहर निकली, जिसने इसका शानदार डेब्यू किया।

तेज बुकिंग और जबरदस्त बाजार प्रतिक्रिया के साथ हैरियर.ईवी अब देशभर के डीलरशिप पर पहुंचने को तैयार है और इसकी कस्टमर डिलीवरी जुलाई 2025 से शुरू होगी। हैरियर.ईवी दो ड्राइव कॉन्फिंगरेशन में उपलब्ध होगी , क्वाड व्हील ड्राइव और रियर व्हील ड्राइव । यह चार आकर्षक रंगों में आएगीः नैनीताल नॉकटर्न, एम्पावर्ड ऑक्साइड, प्रिस्टिन व्हाइट और प्योर ग्रे। यह एसयूवी एक नए युग की शुरुआत करती है, जो दमदार प्रदर्शन और कई सेगमेंट-फर्स्ट व वर्ल्ड-फर्स्ट फीचर्स से लैस है।

### दो नए आर स्टोर खोलने के साथ रेनो ने मप्र में किया प्रवेश



*कार निर्माता रेनो ग्रुप की पूर्ण स्वामित्व की सब्सिडरी रेनो इंडिया ने इंदौर एवं सागर में दो नए आर स्टोर खोलने की घोषणा की है। इस लांच के साथ ब्रांड ने मध्य प्रदेश में अपनी नई रीटेल पहचान की शुरूआत की है। उपभोक्ताओं की बदलती उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए रेनो इंडिया की ब्राण्ड एक्सपीरिएंस एवं ट्रांसफोर्मेशन स्ट्रैटेजी के तहत डिज़ाइन इनोवेशन, डिजिटल इंटीग्रेशन एवं उपभोक्ता-उन्मुख सर्विस के संयोजन के साथ यह रोलआउट किया गया है। इस अवसर पर फ्रांसिस्को हिडाल्गो, वाईस प्रेसीडेंट ने कहाकि मध्य प्रदेश अब हमारे नए आर स्टोर मैप पर आ गया है, ऐसे में हम देशभर में भविष्य के अनुकूल रीटेल सिस्टम बनाने की दिशा में और आगे बढ़ गए हैं। हम उपभोक्ताओं को उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने तथा ऑटोमोटिव रीटेल में नए बेंचमार्क स्थापित करने के लिए तत्पर हैं। जल्द ही हमने भारत में 2 और नए आर स्टोर खोलने की योजना बनाई है।*

### महिंद्रा की बीई 6 और एक्सईवी 9ई की पैक टू डिलीवरी जुलाई के अंत से



*मुंबई। देशभर में हर 10 मिनट में एक महिंद्रा इलेक्ट्रिक एसयूवी बिक रही है। इस शानदार रफ्तार को जारी रखते हुए महिंद्रा अपनी दमदार बीई 6 और एक्सईवी 9ई इलेक्ट्रिक एसयूवी के पैक टू मॉडल की डिलीवरी जुलाई के अंत से शुरू कर रही है। इनकी आकर्षक शुरुआती कीमत 21.90 लाख है। ग्राहकों की जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए पैक टू में अब 59किलो वाट हार्स पावर बैटरी विकल्प के साथ एक नया 79 केवीएच बैटरी विकल्प भी मिलेगा। इससे ये गाड़ियां शहर में असल में क्रमशः 500 किलोमीटर और 400 किलोमीटर तक चल पाएंगी।*

### ब्यूटी प्रेमियों को एक ही छत के नीचे किया आमंत्रित

**मुंबई।** अमेजन ब्यूटीवर्स के दूसरे एडिशन का आयोजन किया गया। प्राइम डे 2025 पर आयोजित इस विशेष इनवाइट-ओनली इवेंट में 600 से अधिक ब्यूटी प्रेमियों को एक ही छत के नीचे आमंत्रित किया गया, जहां उन्हें विभिन्न वर्कशॉप्स और इंटरएक्टिव सत्रों के जरिए एक शानदार सौंदर्य अनुभव प्राप्त हुआ। इस इवेंट बॉलीवुड की नामचीन हस्तियों, भूमि पेडनेकर, नीना गुप्ता, कृति सेनन और सुशांत दिवगिकर आदि शामिल हुए। इस दौरान प्रमुख ब्यूटी ब्रांड्स के नए प्रोडक्ट लांच की झलक भी देखी।

### सेव अर्थ मिशन का वैश्विक विजन अनावरण

**अहमदाबाद।** सेव अर्थ मिशन ने अपने ग्लोबल विजन अभियान का औपचारिक अनावरण किया। इस विजन का केंद्र बिंदु है अगस्त 2025 से शुरू होने वाला 60+ देशों में एक साथ चलाया जाने वाला अब तक का सबसे बड़ा वृक्षारोपण अभियान।

हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें
मों. 9340637789

## राशिफल

**मेष** — शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** — अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के ववादों से बचने का प्रयास

**तुला** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** — घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है।


**धनु** — पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** — परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** — परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख-रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

**मीन** — वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## शब्द पहेली - 5920



**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

### शब्द पहेली -5919 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | ला | क | मा | न | ■ | ■ | क | मी | ज | ■ |
| रा | ल | ■ | न | ■ | श | प | थ | ■ | मा | मा |
| म | ■ | ■ | ध | नि | क | ■ | न | ■ | ■ | लि |
| दे | ह | दा | न | ■ | ■ | अ | ■ | ल | ल | क |
| ह | ■ | खि | ■ | बे | शु | मा | र | ■ | ह | ■ |
| ■ | सा | ल | ■ | ल | ■ | न | ■ | सु | र | ■ |
| ■ | हि | ■ | ब | गा | व | त | ■ | र | ■ | हा |
| ज | ल | न | ■ | म | ■ | ■ | अ | भि | मा | नि |
| ग | ■ | ■ | चु | ■ | रा | ज | न | ■ | ■ | का |
| त | र | ■ | ना | ह | क | ■ | ब | ■ | चा | र |
| ■ | ब | हा | व | ■ | ■ | म | न | मो | ह | क |

## सूडोकु बवाल - 5930

★★★★★ कठिनतम


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु बवाल - 5929 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |




## तन्वी द ग्रेट को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में मिला स्टैंडिंग ओवेशन

**मुंबई।** अनुपम खेर अपनी अपकमिंग फिल्म तन्वी द ग्रेट की रिलीज को लेकर तैयार हैं। इससे पहले इस फिल्म ने काफी सुर्खियां बटोरी हैं। इस फिल्म की पुणे के 'राष्ट्रीय रक्षा अकादमी' में स्पेशल स्क्रीनिंग हुई। फिल्म को 25,00 कैडेट्स और अधिकारियों ने स्टैंडिंग ओवेशन दिया। यह देखकर अनुपम खेर भावुक हो गए। अनुपम खेर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा 'ये मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है। राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में तन्वी द ग्रेट को स्टैंडिंग ओवेशन मिला। एक अभिनेता/ कलाकार के रूप में मेरे 40 साल के करियर में यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है! भारत में यह तन्वी द ग्रेट की पहली स्क्रीनिंग है।

लाइफ Style

# जरीन

## किसी सपने के सच होने जैसा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस जरीन खान हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने पुराने पलों को याद करते हुए काफी इमोशनल हो गई हैं। हाल ही में उन्होंने एक थ्रोबैक वीडियो शेयर किया जिसमें वो कैटरीना कैफ से ऑटोग्राफ लेते हुए नजर आ रही हैं।

ये वीडियो फिल्म 'रेस' की प्रीमियर नाइट का है, जब जरीन इंडस्ट्री का हिस्सा भी नहीं थीं। वीडियो के साथ उन्होंने एक दिल छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा है जिसने उनके फैंस को भी इमोशनल कर दिया। वीडियो में जरीन को कैटरीना कैफ से मिलते हुए देखा जा सकता है। वो बेहद खुश नजर आ रही हैं और उनके चेहरे पर एक मासूम सी मुस्कान है। पोस्ट में जरीन ने लिखा कि वो उस वक्त बस एक आम लड़की थीं, जो बॉलीवुड की चमक-दमक से प्रभावित थीं और उन्हें ये भी नहीं पता था कि एक दिन वह खुद भी इसी इंडस्ट्री का हिस्सा बनेंगी। उन्होंने लिखा कि उस समय उनके एक दोस्त की बदौलत उन्हें प्रीमियर में जाने का मौका मिला और वही लम्हा आज भी उनके दिल में बसा हुआ है। जरीन ने लिखा कि उस वक्त वो कैटरीना कैफ की दीवानी थीं और उन्हें देखकर उनकी आंखों में एक अलग ही चमक थी। उन्होंने कहा कि उन्हें आज भी वो पल याद है जब उन्होंने पहली बार कैटरीना को सामने से देखा था – वो पल उनके लिए किसी सपने के सच होने जैसा था। ज़रीन ने अपने पोस्ट में यह भी माना कि उस समय कैटरीना को देखकर उन्हें खुद में आत्मविश्वास आया और एक सपना जन्मा।



हॉलीवुड मसाला




## रिचर्ड ने दलाई लामा का हाथ चूमा

**मुंबई।** इन दिनों दलाई लामा का 90वां जन्मदिन समारोह धर्मशाला में चल रहा है। इस मौके पर अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े नामी लोग समारोह में शामिल हो रहे हैं। हॉलीवुड एक्टर रिचर्ड गेरे भी इस खास आयोजन में शामिल हुए। वीडियो में रिचर्ड गेरे दलाई लामा को देखकर खुश और भावुक नजर आए। वह दलाई लामा के करीब जाते हैं और उनका हाथ थामकर चूमते हैं। दलाई लामा भी रिचर्ड को आशीर्वाद देते हैं। थोड़ी देर दोनों बातचीत करते हैं।



## विदेश में भी दिखीं फैंस की दीवानगी

**मुंबई।** रश्मिका मंदाना के भारतीय फैंस उन्हें नेशनल क्रश मानते हैं। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक की चर्चित फिल्मों में काम कर चुकीं रश्मिका हाल ही में पेरिस में नजर आईं। एक्ट्रेस का पेरिस ट्रिप का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें फैंस रश्मिका को लेकर अपनी दीवानगी दिखा रहे हैं। सोशल मीडिया पर रश्मिका का जो वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें रश्मिका के कुछ फैंस उनकी फोटो ले रहे हैं। एक्ट्रेस के नाम का ले रहे हैं। कई फैंस- 'लव यू रश्मिका' भी कहते थे। इस प्यार को देखकर रश्मिका का चेहरा भी खिल उठा। वायरल वीडियो में फैंस की दीवानगी देखकर रश्मिका ने भी उन पर प्यार लुटाया। हाथों से हार्ट साइन बनाया। वह फैंस से मिले प्यार, अपनेपन के लिए शुक्रिया कहती भी दिखीं।



## रणबीर सिंह के लुक के दीवाने हुए फैंस

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर का टीजर धमाका कर रहा है। एक्टर को इस लुक और अंदाज में देख कर फैंस पसंद कर रहे हैं। फिल्म में रणवीर को काला कुर्ता पहने हुए गुंडों की पिटाई करते हुए देखा जा रहा है। आदित्य धर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म को असली कहानी से इंस्पायर्ड बताया गया है। धुरंधर में संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन, अर्जुन रामपाल जैसे और भी एक्टर्स नजर आ रहे हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर इस फिल्म की पहली झलक को शानदार रिएक्शन मिल रहा है। रणवीर सिंह ने धुरंधर का टीजर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। एक्टर के बर्थडे पर आया ये टीजर फैंस के साथ इंडस्ट्री के लोगों के लिए ट्रीट है। मौनी रॉय, अपारशक्ति खुराना, आयुष्मान खुराना, रणवीर इलाहाबादिया समेत कई सेलेब्रिटीज ने रिएक्शन दिया है।



## जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ को मिला वीकएंड का फायदा

**मुंबई।** हॉलीवुड की फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' ने भारत में अच्छी शुरुआत की है। ओपनिंग डे पर इस फिल्म ने नौ करोड़ रुपए का कारोबार किया था। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा हुआ। फिल्म ने शनिवार को 13 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। फिल्म ने अब तक 22.01 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है। यह फिल्म 'जुरासिक पार्क' फ्रैंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म है। चार जुलाई को रिलीज हुई यह फिल्म आपको डायनासोर की दुनिया की सैर कराती है। वहीं, हॉलीवुड की फिल्म 'एफ 1' भारत के बॉक्स ऑफिस पर पकड़ बनाए हुए है। 27 जून को रिलीज हुई इस फिल्म ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 5.5 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया।

टीवी मसाला



## डांस कॉम्पिटिशन में अनुपमा का साथ देने को तैयार हुई चॉल की महिलाएं...

**नई दिल्ली।** रुपाली गांगुली अभिनीत सीरियल 'अनुपमा' में मौजूदा ट्रैक कई तरह के उतार-चढ़ावों से भरा है। सीरियल की लीड कैरेक्टर अनुपमा एक डांस कॉम्पिटिशन जीतना चाहती है। इसके लिए उसने मुंबई की चॉल में रहने वाली महिलाओं को भी राजी कर लिया। मगर, डांस कॉम्पिटिशन की प्रैक्टिस के दौरान अनुपमा के सामने एक बड़ी समस्या आकर खड़ी हो गई। स्टारप्लस के इंस्टाग्राम पेज पर सीरियल 'अनुपमा' का एक प्रोमो साझा किया गया है। इस प्रोमो में अनुपमा का साथ देने के लिए चॉल की महिला राजी हो जाती हैं। मगर जब वह डांस प्रैक्टिस करती हैं, तो उन्हें यह काम मुश्किल लगता है। एक महिला कहती है, 'शायद उनसे डांस नहीं हो पाएगा?' इस पर अनुपमा सबका हौसला बढ़ाती है, सब्र से काम लेने को कहती है। आगे प्रोमो में अनुपमा एक महिला के बारे में पूछती है कि वह क्यों डांस कॉम्पिटिशन में नहीं आई? इस पर अन्य चॉल की महिलाएं बताती हैं कि उस महिला की सास बहुत कठोर है, उसको सताती है। साथ ही उसका पति से उसे परेशान करता है। ऐसे में अनुपमा उस परेशान महिला के घर उससे मिलने जाती है। जब अनुपमा उस महिला के घर पहुंचती है तो देखती है कि उसके हाथ में चोट के निशान हैं। इस पर अनुपमा उसे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए कहती है।

### कपिल ने घटाया वजन, लोगों को नहीं आया पसंद

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा इन दिनों काफी बदले-बदले से नजर आ रहे हैं। इस कॉमेडियन ने अपनी फिटनेस पर काफी ध्यान दिया है। काफी वजन भी कपिल शर्मा कम कर चुके हैं। मग,र सोशल मीडिया यूजर्स को कपिल का बदला हुआ लुक पसंद नहीं आया है।



कपिल के कम हुए वजन पर कई यूजर्स तंज कस रहे हैं। कपिल को वेट लॉस के लिए ट्रोल कर रहे हैं। हाल ही में कपिल शर्मा का एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें वह एयरपोर्ट पर नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में वह काफी पतले नजर आए। इसी वीडियो को देखकर कई यूजर्स ने कमेंट किए हैं। एक यूजर लिखता है, 'ये तो बीमार लग रहे हैं।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'ओजेम्पिक का कमाल है (वजन कम करने वाली दवा)।' एक अन्य यूजर ने लिखा, 'भाई तो कमजोर हो गया है।' इसी तरह के कमेंट कपिल के वेट लॉस को लेकर यूजर्स ने किए हैं। कपिल शर्मा ने काफी मेहनत से अपना वजन कम किया है। वह लगभग 10 किलो वजन घटा चुके हैं। अपने इंस्टाग्राम पेज पर अक्सर ही कपिल, रनिंग की वीडियो शेयर करते थे।

## शापित कहलाती थी ये हॉरर फिल्म! ट्रेलर था सिनेमाघरों में बैन

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्में महज तीन घंटे का एंटरटेनमेंट नहीं होता। कई बार फिल्म का खौफ दर्शकों के थिल चढ़ कर बोलने लगता है। कई हॉरर फिल्मों से जुड़े ऐसे किस्से हैं जिसमें दर्शक कई दिनों तक डरे और सहमे रहे. कुछ को थेरेपी तक की जरूरत पड़ गई। ऐसी ही एक फिल्म है जिसे शापित मूवी तक कह दिया गया था। ऐसी ही हॉरर फिल्मों की बात करें तो द एग्जोरसिस्ट का नाम सबसे पहले लिया जाता है। 1973 में रिलीज हुई इस फिल्म को अब भी सबसे डरावनी फिल्मों में गिना जाता है। लेकिन, इस फिल्म की डरावनी कहानी के साथ ही इसके पीछे भी कई खौफनाक किस्से जुड़े हुए हैं।



***डरावना था ट्रेलर*** : इस फिल्म का ओरिजिनल टीजर ट्रेलर भी किसी फिल्म से कम डरावना नहीं था। ट्रेलर में सिर्फ एक सफेद चेहरे वाला भूत अंधेरे में झलकता था। ट्रेलर में कोई कहानी नहीं दिखाई गई, बस अंधेरे और भूत की झलक भर दिखाई गई थी, जो लोगों के रोंगटे खड़े कर देती थी। यही वजह थी कि कई सिनेमाघरों ने इस ट्रेलर को बहुत ज्यादा डरावना मानते हुए बैन कर दिया था।

***एक्ट्रेस को मिली थीं जान से मारने की धमकियां*** : इस फिल्म में लिंडा ब्लेयर ने मुख्य किरदार निभाया था। लेकिन, फिल्म के रिलीज होने के बाद उनके लिए मुश्किलें बढ़ गईं। धार्मिक कट्टरपंथियों ने फिल्म पर शैतान की महिमा गान करने का आरोप लगाया और लिंडा ब्लेयर को जान से मारने की धमकियां मिलने लगीं। हालात इतने बिगड़ गए कि वार्नर ब्रदर्स को लिंडा के लिए छह महीने तक बॉडीगार्ड्स रखने पड़े।

### इस वजह से भी 'शापित' कहलाती है ये फिल्म

*फिल्म के साथ एक और डरावनी कहानी जुड़ी है। फिल्म में एक छोटे से सीन में रेडियोलॉजी टेक्नीशियन का किरदार निभाने वाले पॉल बेटसन को फिल्म रिलीज के 6 साल बाद हत्या के मामले में दोषी पाया गया। उसने एक फिल्म रिपोर्टर की हत्या कर दी थी। इसके बाद फिल्म को लेकर अफवाहें और तेज हो गईं कि द एग्जोरसिस्ट एक शापित फिल्म है। कई ऐसे किस्से भी सामने आए कि फिल्म से जुड़े लोग अजीब हादसों का शिकार हुए, जिससे इसकी शापित फिल्म वाली छवि और गहरी होती गई।*

## दो बीघा जमीन को मिला था पहला फिल्मफेयर अवार्ड, 1953 में हुई थी रिलीज

**नई दिल्ली।** आज हम आपको उस फिल्म के बारे में बता रहे हैं जिसने पहला फिल्मफेयर अवार्ड जीता। ये फिल्म साल 1953 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म का नाम है दो बीघा जमीन। दो बीघा जमीन को बिमल रॉय ने डायरेक्ट किया था। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट साबित हुई थी। आईएमडीबी के मुताबिक, इस फिल्म का बजट करीब 2 लाख था। वहीं, इस फिल्म ने 70 लाख की कमाई की थी। इस फिल्म में बलराज सहानी, निरुपा रॉय, रतन कुमार, जगदीप, मीना कुमारी और रामायण तिवारी जैसे कलाकार नजर आए थे। इस फिल्म को सलिल चौधरी, पॉल महिंद्रा और ऋषिकेश मुखर्जी ने लिखा था। इस फिल्म को बेस्ट फिल्म का पहला फिल्मफेयर अवार्ड मिला था। इस फिल्म ने कान फिल्म फेस्टिवल में इंटरनेशनल प्राइज भी जीता था। फिल्म के लिए बिमल रॉय को बेस्ट डारेक्टर का फिल्मफेयर अवार्ड मिला था। बिमल रॉय को नेशनल अवार्ड भी मिला था। दो बीघा जमीन की आईएमडीबी रेटिंग की बात करें तो इसकी रेटिंग 8.3 है। इस फिल्म को आप प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर देख सकते हैं।



## बॉलीवुड में ऐसी धारणा है कि बिना मेल लीड एक्टर्स के नहीं चलती हैं फिल्में

# बिना हीरो के हिट हो गईं थीं ये 7 हिंदी फिल्में, कभी कहानी तो कभी एक्ट्रेस ने जीता दिल

***नई दिल्ली।*** *बॉलीवुड में ऐसी धारणा है कि बिना मेल लीड एक्टर्स के फिल्में नहीं चलती हैं। लेकिन, कुछ फिल्में ऐसी रही है जिन्होंने इस धारणा को तोड़ा है और बिना किसी लीड हीरो के फिल्म सुपरहिट रही है।*



**क्वीन :** कंगना रनौत की यह फिल्म उनकी एक्टिंग और दमदार स्क्रिप्ट के चलते हिट रही थी। फिल्म ने 100 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। कहानी है एक ऐसी लड़की की जिसकी शादी हनीमून से पहले ही टूट जाती है और फिर वह अकेली ही यूरोप घूमकर आती है, इस दौरान उसे कई नए अहसास होते हैं और उसकी सोच बदल जाती है।




**राजी :** साल 2018 में आई इस फिल्म में आलिया भट्ट ने लीड रोल प्ले किया था। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी। कहानी एक ऐसी लड़की की है जो पाकिस्तान में इसलिए शादी करती है ताकि वहां रहकर अपने देश के लिए जासूसी कर सके।




**पिकु :** दीपिका पादुकोण की इस फिल्म में अमिताभ बच्चन और इरफान खान भी थे, लेकिन दीपिका के अपोजिट कोई लीड हीरो नहीं था, लेकिन फिर भी कहानी के दम पर यह फिल्म सुपरहिट रही।





**शेरनी :** फिर एक बार विद्या बालन ने साबित कर दिया कि वह अपने दम पर फिल्म हिट करा सकती हैं। फिल्म की कहानी एक फॉरेस्ट ऑफिसर की है जिसकी लड़ाई नैतिकता की है।



**लिपस्टिक अंडर माय बुर्का :** रत्ना पाठक, कोंकणा सेन शर्मा और अहाना कुमरा जैसे सितारों से सजी यह फिल्म विवादों में रही थी, लेकिन रिलीज हुई तो इसे जनता ने खूब प्यार दिया। इस फिल्म में भी कोई लीड हीरो नहीं था।




**कहानी :** विद्या बालन अकेली अपने दम पर फिल्म चला देने के लिए जानी जाती हैं। साल 2012 में आई उनकी फिल्म 'कहानी' में कोई लीड हीरो नहीं था, लेकिन यह फिल्म सुपरहिट रही थी। कहानी एक प्रेग्नेंट औरत की है, जो अपने पति की तलाश में कोलकाता आती है।



**तुम्हारी सुलु :** विद्या बालन ने इस फिल्म में लीड रोल प्ले किया था। कहानी है एक हाउसवाइफ की जो पहले टिफिन सप्लाई शुरू करती है, लेकिन फिर रेडियो जॉकी बन जाती है।

# जोकोविच के नाम जुड़ा एक और रिकार्ड, विंबलडन में 100वीं जीत दर्ज करने वाले बने दुनिया के तीसरे खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| लंदन


नोवाक जोकोविच विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में 100 जीत दर्ज करने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने तीसरे दौर में सर्बिया के हम वतन खिलाड़ी मिओमिर केकमानोविच पर 6-3, 6-0, 6-4 से जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की। उनसे पहले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर इस मुकाम पर पहुंचे थे। जोकोविच ने अपने 24 ग्रैंड स्लैम खिताबों में से सात ऑल इंग्लैंड क्लब में जीते हैं। उन्होंने शनिवार को केकमानोविच के खिलाफ सेंटर कोर्ट पर पहले सेट में 3-3 के स्कोर से लगातार नौ गेम जीतकर आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया।

- इससे पहले मार्टिना नवरातिलोवा और रोजर फेडरर इस मुकाम पर पहुंचे थे



### अगला मुकाबला एलेक्स डी. मिनाउर से होगा

जोकोविच ने कहा, 'मैं अपने पसंदीदा टूर्नामेंट में जो भी इतिहास बनाऊंगा, उसके लिए मैं आभारी हूं।' अपना 20वां विंबलडन टूर्नामेंट खेल रहे 38 वर्षीय जोकोविच का अगला मुकाबला 11वें नंबर के एलेक्स डी. मिनाउर से होगा। महिला वर्ग में नौ बार विंबलडन एकल चैंपियन रहीं नवरातिलोवा ने 120 एकल जबकि पुरुष वर्ग में आठ बार के चैंपियन फेडरर ने 105 एकल मैच में जीत दर्ज कीं।




### माजचरजाक को हराकर खाचानोव क्वार्टर फाइनल में

**लंदन।** रूस के कारेन खाचानोव ने रविवार को यहां विबलडन के अंतिम 16 दौर के मैच में विश्व रैंकिंग में 109वें स्थान पर काबिज कामिल माजचरजाक को शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की की। सत्रहवीं वरीयता प्राप्त इस खिलाड़ी ने पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के चौथे दौर में पहुंचे माजचरजाक को सीधे सेटों में 6-4, 6-2, 6-3 से हराया। खाचानोव के सामने क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त टेलर फ्रिट्ज या जॉर्डन थॉम्पथन की चुनौती होगी।



## खबर संक्षेप



### आयरिश ओपन में दीक्षा संयुक्त 53वें स्थान पर

**किल्डारे (आयरलैंड)।** भारत की दीक्षा डागर तीसरे दौर में पार 73 के स्कोर से लेडीज यूरोपीय टूर के 2025 केपीएमजी महिला आयरिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में तीन स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 53वें स्थान पर हैं। दीक्षा ने अब तक तीन दौर में 75, 73 और 73 के स्कोर से कुल दो ओवर का स्कोर बनाया है। लेडीज यूरोपीय टूर की ऑर्डर ऑफ मेरिट में 10वें स्थान पर चल रही दीक्षा ने तीसरे दौर में दो बर्डी की लेकिन दो बोगी भी कर गईं।

### चेबेट ने 5 हजार मीटर दौड़ में बनाया विश्व रिकॉर्ड



**यूजीन।** कीनिया की बीट्राइस चेबेट ने प्रीफॉन्टेन क्लासिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में महिलाओं की 5,000 मीटर दौड़ 13 मिनट 58.06 सेकंड में जीतकर विश्व रिकार्ड बनाया। चेबेट इस स्पर्धा में 14 मिनट से कम समय निकालने वाली पहली महिला एथलीट बन गई है। उन्होंने इथियोपिया की गुडाफ त्सेगे की ओर से बनाए गए 14:00.21 के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। त्सेगे ने 2023 प्रीफोंटेन क्लासिक में यह रिकॉर्ड बनाया था। कीनिया की ही फेथ किपयेगोन ने महिलाओं की 1,500 मीटर दौड़ तीन मिनट 48.68 सेकंड में पूरी कर विश्व रिकॉर्ड बनाया।

### जापान के निशिमेटा से हारे श्रीकांत, चुनौती समाप्त

**कैलगरी।** कनाडा ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत के किदांबी श्रीकांत जापान के केंटा निशिमोटो से 21-19, 14-21, 18-21 से हार गए। उनकी हार के साथ ही कनाडा ओपन में भारत की चुनौती समाप्त हो गई।



श्रीकांत ने पहला गेम 21-19 से जीतकर मुकाबले की मजबूत शुरुआत की थी, लेकिन उनके जापानी प्रतिद्वंद्वी ने अगले दो गेम में कड़ी टक्कर दी और एक घंटे 18 मिनट तक चले गेम को जीत लिया। एक वक्त निर्णायक गेम में स्कोर 18-18 से बराबर हो गया था। हालांकि, इसके बाद निशिमोटो ने कमजोर रिटर्न पर अटैक किया और फिर श्रीकांत ने दो बार शॉट वाइड मारकर मैच जापानी खिलाड़ी के झोली में डाल दिया।

### भुल्लर मोरक्को में संयुक्त 24वें स्थान पर

**रबात (मोरक्को)।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर इंटरनेशनल सीरीज मोरक्को के तीसरे दौर में दो अंडर 71 का कार्ड खेलने के बाद 12 स्थान के सुधार के साथ संयुक्त 24वें पायदान पर पहुंच गए। एशियाई टूर पर 11 खिताब जीतने वाले भुल्लर ने तीसरे दौर में दो बोगी के मुकाबले चार बर्डी लगाए।



बारिश के कारण खेल प्रभावित, 90 ओवर में से 10 ओवर कम हुए

# भारत ने दिया 608 रनों का टारगेट, इंग्लैंड की शुरूआत खराब, आकाशदीप रहे सफल बॉलर

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

भारतीय टीम ने एजबेस्टन टेस्ट मैच में इंग्लैंड को जीत के लिए 608 रनों का टारगेट दिया है। भारतीय टीम ने टेस्ट इतिहास में दूसरी बार किसी टीम को 600 से ज्यादा रनों का टारगेट दिया है। इससे पहले अप्रैल 2009 में ऐसा हुआ था, जब टीम इंडिया ने वेलिंगटन टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड को जीत के लिए 617 रनों का लक्ष्य दिया था। दूसरे टेस्ट मैच के पांचवे दिन लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड ने लंच के बाद खबर लिखे जाने तक 8 विकेट पर 227 रन बना लिए थे। इसमें सबसे सफल बॉलर आकाशदीप रहे, जिन्होंने 5 विकेट लिए। स्पिनर वाशिंगटन सुंदर ने लंच से पहले इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स (33 रन) को पगबाधा आउट किया जो दिन में आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज रहे।

आकाशदीप ने शनिवार को अंतिम सत्र में दो विकेट झटके थे और सुबह के सत्र में ओली पोप (24) और हैरी ब्रुक (23) को जल्दी आउट किया। तेज बारिश के कारण मैच एक घंटे 40 मिनट देरी से शुरू हुआ। इससे भारत को इंग्लैंड को आउट करने के लिए 80 ओवर मिले। इंग्लैंड ने 608 रन के असंभव लक्ष्य का पीछा करते हुए दिन की शुरूआत तीन विकेट पर 72 रन से की। प्रसिद्ध कृष्णा ने आकाश दीप के साथ गेंदबाजी की शुरूआत की। आकाश दीप पहले सत्र के सबसे बेहतरीन गेंदबाज रहे।



### जेमी स्मिथ ने किया कमाल

जेमी स्मिथ ने पहली पारी में नाबाद 184 रन बनाए थे, जिसमें 207 गेंदों का सामना किया था और 21 चौकों के अलावा चार छक्के मारे थे। उन्होंने ब्रूक के साथ 303 रनों की साझेदारी की थी। ब्रूक ने 158 रन बनाए, जिसके लिए उन्होंने 234 गेंदों का सामना किया था और 17 चौकों के अलावा एक छक्का मारा था। दूसरी पारी में 22 रन बनाने के बाद ही स्मिथ ने इतिहास रच दिया। वह एक टेस्ट मैच में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर बन गए हैं। उनसे पहले ये रिकॉर्ड एलक स्टीवर्ट के नाम था जिन्होंने साल 1998 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैनचेस्टर में कुल 204 रन बनाए थे। पहली पारी में उन्होंने 40 और दूसरी पारी में 164 रन बनाए थे।

क्रिकेट

# वैभव ने बताया लक्ष्य, कहा- लगाना चाहता हूं डबल सेंचुरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि वह शतक बनाने के बाद शुभमन गिल को बिना किसी दबाव के खेलते हुए देखकर प्रेरित हुए और भविष्य के मैचों में भारतीय टेस्ट कप्तान का अनुकरण करना चाहते हैं।

- वैभव ने कहा-अगली बार मैं पूरे पचास ओवर खेलने की कोशिश करूंगा

सूर्यवंशी ने वॉर्सेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ भारत अंडर-19 की तरफ से चौथे मैच में केवल 78 गेंदों पर 143 रन की शानदार पारी खेली और युवा एकदिवसीय मैचों में शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए। सूर्यवंशी ने बीसीसीआई के 'एक्स' अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, 'मुझे उनसे (गिल से) काफी प्रेरणा मिली, क्योंकि मैंने उनका खेल देखा था। 100 और 200 रन बनाने के बाद भी वह सहजता से खेलते रहे।'

गिल ने बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक



लगाया। उन्होंने पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस दौरान भारत की अंडर-19 टीम भी एजबेस्टन में थी। सूर्यवंशी ने कहा, 'मैं अगले मैच में 200 रन बनाने की कोशिश करूंगा। अगली बार मैं पूरे पचास ओवर खेलने की कोशिश करूंगा। मैं जितने अधिक रन बनाऊंगा, मेरी टीम के लिए उतना ही बेहतर होगा।'

### अपने बनाए गए रिकार्डों के बारे में पता नहीं

सूर्यवंशी ने कहा कि जब तक वह ड्रेसिंग रूम में नहीं लौटे, उन्हें अपने बनाए गए रिकार्डों के बारे में पता नहीं था। उन्होंने युवा वनडे में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं पता था कि 100 रन बनाने के बाद मैंने रिकॉर्ड बना लिया है। हमारे टीम मैनेजर अंकित सर ने मुझे बताया कि मैंने रिकॉर्ड बना लिया है। सभी ने मुझे बधाई दी।'

हॉकी

# मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित हुआ दीपिका का गोल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय महिला हॉकी टीम की फॉरवर्ड दीपिका को 2024-25 एफआईएच हॉकी प्रो लीग सत्र के दौरान दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड के खिलाफ किए गए मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार के लिए नामित किया गया है।

एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकन शुक्रवार को जारी किए गए। विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया जाएगा। मतदान करने की अंतिम तिथि भारतीय समयानुसार 14 जुलाई सुबह 3 बजकर 29 मिनट है। इस पुरस्कार के लिए कुल 3 गोल को नामांकित किया गया है। दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था, जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया।

### गोल मेरे करियर के सबसे खास पलों में से एक

दीपिका ने कहा, 'नीदरलैंड के खिलाफ किया गया वह गोल मेरे करियर के सबसे खास पलों में से एक है। सब कुछ ठीक रहा और इससे हमें बराबरी करने और शूटआउट में मैच जीतने में मदद मिली। पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के लिए नामांकित होने पर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं और अपने प्रशंसकों के समर्थन के लिए आभारी हूं। ऐसे पलों के लिए ही हम कड़ा अभ्यास करते हैं।' दीपिका को इस पुरस्कार के लिए स्पेन की पैट्रिशिया अल्वारेज के ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किए गए गोल तथा ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम के इंग्लैंड के खिलाफ सामूहिक प्रयास से किए गए गोल की चुनौती का सामना करना होगा।

## जायसवाल ने पूरी की अपने दृष्टिबाधित फैन की इच्छा, उपहार में नन्हें रवि को दिया ऑटोग्राफ वाला बल्ला

**बर्मिंघम।** भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अपने एक प्रशंसक दृष्टिबाधित बच्चे रवि को ऑटोग्राफ वाला बल्ला देकर उसकी मुराद पूरी कर दी। यह बच्चा भारतीय बल्लेबाज से मिलने के लिए बेताब था।
क्रिकेट प्रशंसक रवि इंग्लैंड के खिलाफ लीड्स में खेले गए पहले टेस्ट मैच से जायसवाल से मिलने की कोशिश कर रहे थे और शनिवार को यहां चल रहे दूसरे टेस्ट के चौथे दिन आखिरकार उनकी यह इच्छा पूरी हो गई। खेल के प्रति रवि के जुनून और उसके प्रति प्रेम से अभिभूत होकर, जायसवाल ने बच्चे को अपने ऑटोग्राफ वाला बल्ला उपहार में दिया, जिस पर संदेश लिखा था, 'रवि को प्यार के साथ शुभकामनाएं।'जायसवाल ने रवि से कहा, 'हैलो रवि, आप कैसे हैं? मैं यशस्वी हूं, आपसे मिलकर खुशी हुई। मैं आपसे मिलने के लिए वास्तव में उत्साहित था क्योंकि मुझे पता है कि आप क्रिकेट के बहुत बड़े प्रशंसक हैं। मैं नहीं जानता कि मैं आपसे मिलने को लेकर नर्वस क्यों था।' जायसवाल ने कहा, 'मेरे पास आपके लिए एक उपहार है... मेरा बल्ला। मैं चाहूंगा कि आप इसे मेरी याद के रूप में रखें।



# विश्व मुक्केबाजी कप : साक्षी का शानदार प्रदर्शन, भारत के लिए जीता पहला गोल्ड

एजेंसी ▶▶| अस्ताना

दो बार की युवा विश्व चैंपियन साक्षी ने दूसरे विश्व मुक्केबाजी कप में महिलाओं के 54 किग्रा फाइनल में शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया। 24 साल की साक्षी ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और अमेरिका की योसलाइन पेरेज के खिलाफ सर्वसम्मत फैसले से जीत दर्ज की।

भारतीय दल ने यहां विश्व मुक्केबाजी कप में अच्छा प्रदर्शन किया है और कुल 11 पदक पक्के किए हैं। भारत ने ब्राजील में पहले चरण में एक स्वर्ण और एक रजत सहित छह पदक जीते थे।पहले सत्र में चार भारतीय मुक्केबाजों ने हिस्सा लिया और साक्षी ने गति और सटीक पंच के संयोजन के साथ शानदार प्रदर्शन करते हुए पोडियम पर शीर्ष स्थान हासिल किया। इससे पहले मीनाक्षी ने 48 किग्रा वर्ग के फाइनल में स्थानीय दावेदार नाजिम काइजाइबे को कड़ी चुनौती दी लेकिन 2-3 के खंडित फैसले से हार गई। जुगनू (पुरुष 85 किग्रा) और पूजा रानी (महिला 80 किग्रा) को भी अपने-अपने फाइनल में हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। जुगनू को कजाकिस्तान के बेकजाद नूरदौलेटोव के खिलाफ 0-5 से हार का सामना करना पड़ा जबकि पूजा को आस्ट्रेलिया की एसिटा फ्लिंट के खिलाफ इसी अंतर से शिकस्त मिली।



क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट : रियाल मैड्रिड ने बोरूसिया डॉर्टमंड को 3-2 से हराया

# रियाल मैड्रिड और पीएसजी का सेमीफाइनल में होगा आमना-सामना

एजेंसी ▶▶| ईस्ट रदरफोर्ड

यूरोप के दो चोटी के क्लब रियाल मैड्रिड और पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। रियाल मैड्रिड ने खेले गए मैच में किलियन एमबाप्पे के दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में बाइसिकल किक से किए गए शानदार गोल की मदद से बोरूसिया डॉर्टमंड को 3-2 से हराया।

- यूरोप के दो चोटी के क्लबों के बीच होगा रोमाचंक मुकाबला

गोंजालो गार्सिया और फ्रान गार्सिया ने पहले 20 मिनट में गोल करके मैड्रिड को 2-0 की बढ़त दिला दी। इससे मैड्रिड की जीत सुनिश्चित लग रही थी लेकिन दूसरे हाफ का इंजरी टाइम घटना प्रधान रहा, जिसमें तीन गोल हुए। डॉर्टमंड के मैक्सिमिलियन बेयर ने इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में गोल किया लेकिन एमबाप्पे ने एक मिनट बाद बाइसिकल किक से खूबसूरत गोल किया, जिससे मैड्रिड ने फिर से दो गोल की बढ़त हासिल कर ली।



### *क्वार्टर फाइनल में पीएसजी ने बायर्न म्यूनिख को दी मात*

*सेरहो गुइरासी ने इंजरी टाइम के आठवें मिनट में पेनल्टी किक को गोल में बदल दिया। डॉर्टमंड को डीन हुइजसेन के फाउल करने के कारण यह पेनल्टी मिली थी। रियाल मैड्रिड के खिलाड़ी को रेड कार्ड मिला और वह सेमीफाइनल में नहीं खेल पाएंगे। इससे पहले एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में पीएसजी ने बायर्न म्यूनिख को 2-0 से हराया। पीएसजी की तरफ से डिजायर डोउ और ओसमाने डेम्बले ने गोल किए। प्रतियोगिता के एक अन्य सेमीफाइनल में यूरोप के क्लब चेल्सी का ब्राजील के क्लब फ्लूमिनेंस से मुकाबला होगा।*




मेडिकल कॉलेजों की संबद्धता अब रीजनल यूनिवर्सिटीज को

# मप्र की एकमात्र मेडिकल यूनिवर्सिटी बंद करने की तैयारी

हरिभूमि जबलपुर।

मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश की एकमात्र मेडिकल यूनिवर्सिटी, जबलपुर स्थित मध्यप्रदेश मेडिकल साइंस यूनिवर्सिटी को बंद करने की दिशा में अंतिम कदम बढ़ा चुकी है। वर्ष 2011 में स्थापित इस यूनिवर्सिटी का भविष्य अब परीक्षा एजेंसी के रूप में सीमित रह जाएगा। इसके अंतर्गत एमबीबीएस सहित सभी मेडिकल पाठ्यक्रमों की संबद्धता अब क्षेत्रीय (रीजनल) यूनिवर्सिटीज को सौंपी जाएगी।



मप्र सरकार का यह निर्णय उच्च शिक्षा को ग्लोबल और बहु-विषयी बनाने की दिशा में कदम है, लेकिन मेडिकल यूनिवर्सिटी को बंद करना एक ऐतिहासिक फैसला है, जिसके दीर्घकालिक प्रभावों का मूल्यांकन समय के साथ होगा। जानकारी अनुसार नई व्यवस्था के तहत कॉलेज और यूनिवर्सिटी लिंक सरकार द्वारा प्रस्तावित योजना के अनुसार गांधी मेडिकल कॉलेज, भोपाल बरकतउल्ला यूनिवर्सिटी, एमजीएम मेडिकल कॉलेज, इंदौर देवी अहिल्याबाई यूनिवर्सिटी, नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज, जबलपुर रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी होंगे। इसका अर्थ यह हुआ कि इन कॉलेजों के छात्र अब मेडिकल डिग्री मेडिकल यूनिवर्सिटी से नहीं, बल्कि रीजनल यूनिवर्सिटीज से प्राप्त करेंगे।

### नई शिक्षा नीति और ग्लोबल यूनिवर्सिटी मॉडल की झलक

इस बदलाव का आधार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) है, जिसके तहत ग्लोबल यूनिवर्सिटी मॉडल लागू किया जा रहा है। इस मॉडल में एक ही यूनिवर्सिटी के अंतर्गत सभी विषयों (जैसे बीए, बीकॉम, एमबीबीएस, बीएससी आदि) को एकीकृत किया जाएगा, ताकि छात्रों को इंटरडिसिप्लिनरी लर्निंग का अवसर मिल सके।

### अब अगला कदमः विधि विभाग और कैबिनेट की मुहर

उच्च शिक्षा विभाग और चिकित्सा शिक्षा विभाग ने मिलकर इस बदलाव का प्रस्ताव तैयार किया है। इसे विधि विभाग को भेजा गया है। वहां से अनुमति मिलने के बाद यह राज्य कैबिनेट में पेश किया जाएगा।

धार्मिक आयोजनों पर भी अब लगेगा शुल्क

# केन्ट बोर्ड पर महंगाई का साया

हरिभूमि जबलपुर।




कैंटोनमेंट बोर्ड ने शिवाजी ग्राउंड सहित अन्य ग्राउंड्स के किराए में बड़ा बदलाव किया है। खेल आयोजनों और परंपरागत धार्मिक कार्यक्रमों के लिए नई किराया दरें लागू कर दी गई हैं। पहले जहां धार्मिक आयोजनों को किराए में छूट मिलती थी, अब हाईकोर्ट के निर्देशों के तहत मोहर्रम, दशहरा और दंगल जैसे आयोजनों पर भी समिति को किराया चुकाना होगा। बोर्ड द्वारा धार्मिक आयोजनों पर किराया लगाए जाने के फैसले का विरोध शुरू हो गया है। फिलहाल यह विरोध पत्राचार के जरिए हो रहा है, लेकिन जल्द ही सदर बाजार के नागरिक सड़कों पर उतर सकते हैं।

जानकारी के अनुसार फुटबॉल टूर्नामेंट्स के लिये शिवाजी मैदान में 5 हजार रुपये डिपाजिट एवं 500 रुपये प्रतिदिन किराया लिया जाता था. अब नया किराया 3,000 रुपए प्रतिदिन और 1,000 रुपए सफाई शुल्क होगा। वहीं अन्य खेल गतिविधियां और स्कूल प्रतियोगिताओं के लिये पहले पहले 6,000 रुपए प्रतिदिन किराया था, जिसे बढ़ाकर 10,000 रुपए प्रतिदिन कर दिया गया है। वहीं यदि धार्मिक व विशेष आयोजन दशहरा, मोहर्रम आदि के लिये मैदान किराए पर लिया जाता है तो अब इनके लिए 50 हजार रुपए प्रतिदिन किराया देना होगा साथ ही 1 हजार रुपए सफाई शुल्क तय किया गया है।

### अन्य ग्राउंड्स का भी किराया बढ़ा

ईदगाह ग्राउंड का किराया जो पहले 1,500 रुपए प्रतिदिन, अब 5,000 रुपए प्रतिदिन होगा। वहीं सुरक्षा निधि भी दोगुनी कर दी गई है। आरसी ग्राउंड का पहले 3,000 रुपए प्रतिदिन, अब 10,000 रुपए प्रतिदिन, साथ ही सुरक्षा निधि अब 5,000 रुपए होगी। गोराबाजार आज़ाद चौक ग्राउंड का किराया अब 10,000 रुपए प्रतिदिन तय किया गया है। इस ग्राउंड का अधिकतर उपयोग शादियों व पारिवारिक आयोजनों के लिए किया जाता है।

### बीपीएल परिवारों को राहत

कैंट बोर्ड ने बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवारों के लिए 50% छूट की सुविधा को बरकरार रखा है। इस निर्णय के बाद से क्षेत्र में असंतोष बढ़ रहा है और नागरिक इसे जनविरोधी कदम मान रहे हैं। आने वाले दिनों में इस पर और तीव्र प्रतिक्रिया देखने को मिल सकती है।

# मदन महल स्टेशन पर 5 किलो गांजे के साथ पकड़ाया तस्कर

**जबलपुर।** क्राइम ब्रांच एवं मदनमहल पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर मदनमहल रेलवे स्टेशन के पास एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर 5 किलो 266 ग्राम गांजा जप्त किया है. जप्त किये गये गांजे की कीमत 1 लाख 5 हजार रुपये बताई गई है. मदन महल थाना प्रभारी संगीता सिंह ने बताया की कल रात मुखबिर की सूचना पर क्राईम और मदन महल पुलिस की टीम ने मुखबिर की सूचना पर मदन महल रेलवे स्टेशन के पास गांजे की डिलिवरी देने आए सिंधि कैम्प बाबा टोला निवासी 21 वर्षीय कपिल शर्मा को गिरफ्तार किया गया है. उसके पिटठू बैग की तलाशी लेने पर 5 किलो 166 ग्राम गांजा निकला, जो 5 पैकेट में पैक करके रखा गया था. पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 8, 20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये उक्त गांजा कहां से एवं किससे प्राप्त किया के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की कवायद

# अस्पतालों में बांड पर तैनात होंगे ढाई हजार डॉक्टर

**जबलपुर।** मप्र में सरकार स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की निरंतर कवायद कर रही है। इस कड़ी में चिकित्सकों की कमी सबसे बड़ी समस्या है। इसको दूर करने के लिए सरकार ने नया रास्ता निकाला है। अब प्रदेश के उन अस्पतालों में खाली पदों पर बांड पर डॉक्टर आएंगे, जहां सालों से इनकी कमी होने के कारण इलाज में बाधा आ रही है। ढाई हजार डॉक्टर बंध पत्र पर इलाज करेंगे।



गौरतलब है कि प्रदेश में चिकित्सकों की कमी बड़ी समस्या बनी हुई है। सरकार ने सरकारी अस्पतालों में सुविधाएं तो लगभग सारी उपलब्ध करा दी है, लेकिन चिकित्सकों और विशेषज्ञों की कमी चिंता का विषय बनी हुई है। राजधानी के अस्पतालों को भी आधा सैकड़ा एमबीबीएस एवं बीडीएस मिलेंगे। प्रदेश में जिला चिकित्सालयों से लेकर सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में लंबे समय से डॉक्टरों की कमी बनी है। विभाग की चिंता खासकर ग्रामीण अंचलों को लेकर है। यही समस्या उपचार सेवाओं के लिए परेशानी बनी है। अब यहां खाली पदों की पूर्ति करने विभाग ने नया और वैकल्पिक रास्ता निकाला है।

चिकित्सा कॉलेजों से जो छात्र एमबीबीएस और बीडीएस की पढ़ाई पूरी कर चुके हैं, उन्हें इन अस्पतालों में बांड पर रखा जा रहा है। विभाग के अनुसार एक साल के बांड पर यह डॉक्टर रहेंगे। इस बीच दो रास्ते रहेंगे। यदि सीधी भर्तियों से विभाग चयन करेगा तब इनकी जगह चयनित डॉक्टर पदस्थ किए जाएंगे। अन्यथा इनकी कार्य दक्षताओं को देखते हुए एक साल बाद इनका कार्यकाल बढ़ाने पर भी विचार होगा। इस बीच किसी कारणवश यदि कोई बांडेड डॉक्टर काम छोडक़र जाता है तो उसकी जगह पर दूसरी नियुक्ति भी बांड पर होगी।

### सर्वे में सामने आई हकीकत

जानकारी के अनुसार विभाग ने हाल के कुछ दिनों में उपचार सेवाओं का मैदानी सर्वे करवाया है। इसमें पाया गया है कि मरीजों को समय पर इलाज न मिलना डॉक्टरों की कमी एक बड़ी वजह है। सबसे अधिक दिक्कत ग्रामीण क्षेत्रों में पाई गई है। इसके लिए तात्कालिक तौर पर सभी अस्पतालों को सीधी भर्ती से डॉक्टर मिलना संभव नहीं है। नतीजतन बांड का सहारा लिया गया है ताकि अस्पतालों में समय पर रोगी को कंपलीट इलाज दिया जा सके। विभाग के अनुसार राज्य के हर जिले में डॉक्टरों की कमी है। इन डॉक्टरों से जो बंध हुआ है, उसमें शर्त यही है कि उन्हें जहां पदस्थ किया जा रहा है वहां विभाग नियम के अनुसार काम करना होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में पदस्थापना के बाद नियमित तौर पर सेवाएं देना होंगी। इस प्रक्रिया में राजधानी को भी 50 बांडेड डॉक्टर मिलेंगे। फंदा और बैरसिया में सामुदायिक एवं प्राथमिक एवं संजीवनी क्लीनिक में इनकी कमी बनी है। इसी माह बंध पत्र पर डॉक्टरों की पदस्थापना हो जाएगी। ज्यादातर डॉक्टरों की पदस्थापना दोनों ही ब्लॉकों के ग्रामों में की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय का कहना है कि बांड पर इन डॉक्टरों की जॉइनिंग कराने की प्रक्रिया कंपलीट की जा रही है। कमिश्नर, आयुक्त स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तरूण राठी का कहना है कि उपचार सेवाओं को बेहतर बनाया जा सके, इसलिए बांड पर डॉक्टरों की नियुक्ति की जा रही है। ग्रामीण अंचलों में रोगियों को बेहतर इलाज देना हमारी प्राथमिकता है।

## पेट्रोल पम्प में अड़ी बाजी करते युवक को किया पुलिस के हवाले

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत रिलायंस पेट्रोल पम्प में फ्री में पेट्रोल भराने और पम्पकर्मी से जबरिया वसूली का मामला प्रकाश में आया है. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पनागर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार आजाद बाग पनागर निवासी आरोपी बंटी पटेल और उसके तीन साथी स्कूटी लेकर रिलायंस पेट्रोल पम्प पहुंचे, पेट्रोल भराने के बाद पैसा मांगने पर अड़ी बाजी करने लगे, पेट्रोल पम्प कर्मी हिमांशु चौबे को धमकाया की उलटे और पैसे दो वर्ना जान से मार देंगे. विवाद बढ़ने पर हिमांशु और साथ काम करने वाले कर्मचारियों ने आरोपी बंटी पटेल के चाकू निकालते ही उसे घेरकर पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया. चाकू छुड़ाते समय रंजीत के हाथ में चोट आ गई. पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 296, 118(1), 119(1), 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर लिया है। आरोपी बंटी पटेल के फरार साथियों की तलाश की जा रही है।

दर्दनाक हादसे में 5 पशुओं की मौत

# तेज रफ्तार कार की चपेट में आईं सड़क पर बैठीं गायें

हरिभूमि जबलपुर।



बारिश के मौसम में सूखे स्थान की तलाश में सड़क पर बैठी गायों का एक झुंड गत देर रात एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया। बिलहरी रोड पर तेज़ रफ्तार से आ रही एक कार ने सड़क किनारे बैठे दो बछड़ों और तीन गायों को कुचल दिया, जिससे सभी पांच पशुओं की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा देर रात करीब 2 बजे हुआ, जब तेज़ गति से जबलपुर शहर की ओर आ रही एक कार अनियंत्रित होकर गायों के झुंड पर चढ़ गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार की स्पीड इतनी अधिक थी कि सड़क पर बैठे जानवरों को हटने तक का मौका नहीं मिला। टक्कर के बाद घटनास्थल पर दर्दनाक दृश्य देखने को मिला पांचों पशु मौके पर मृत पाए गए।

हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि कार में 4 से 5 युवक सवार थे, जो दुर्घटना के बाद किसी अन्य वाहन को मौके पर बुलाकर वहां से फरार हो गए। कार की हालत ऐसी हो गई थी कि वह स्टार्ट नहीं हो सकी। घटनास्थल पर कार की आधी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट टूटी हुई मिली है, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है।

सुबह जब स्थानीय लोग टहलने निकले, तो उन्होंने सड़क पर मृत पड़ी गायों को देखा और तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नगर निगम की सहायता से सड़क से मृत पशुओं को हटाया और ट्रैफिक सामान्य कराया। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### पुलिस कर रही चालक की पहचान की कोशिश

पुलिस के अनुसार कार का आधा रजिस्ट्रेशन नंबर मिलने से वाहन की पहचान करने में आसानी होगी। घटनास्थल के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि दोषियों तक जल्द पहुंचा जा सके। कार में सवार युवकों की पहचान के लिए थानों में पहले से दर्ज मामलों और वाहनों का रिकॉर्ड खंगाला जा रहा है।

### पशु पालकों और सड़क सुरक्षा पर कार्यवाही की मांग

घटना के बाद क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि पालतू पशुओं को बारिश में पशुपालक आवारा छोड़ देते हैं, बारिश होने पर पशु यहां वहां भागते हैं, दुकानों के शेड के नीचे या फिर बारिश थमने पर सड़कों के बीच में बैठ जाते हैं. कभी कभी पशुओं के बीच झगड़े होने से भी सड़क दुर्घटनाएं होती हैं. वहीं लोग सड़क नियमों का पालन भी नहीं करते. बेलगाम रफतार से वाहन भगाते हैं. लिहाजा ऐसी घटनाएं सामने आती हैं. जिनपर सख्ती से रोक लगाने की मांग की गई है ।

# इंडिगो एयरलाइंस कर रहा मनमानी

**जबलपुर।** जबलपुर भोपाल फ्लाईट बंद होने के बाद अब इंडिगो ने सप्ताह में 4 दिन जाने वाली हैदराबाद-इंदौर व्हाया जबलपुर एवं सप्ताह में 3 दिन चलने वाली हैदराबाद-भोपाल व्हाया जबलपुर फ्लाइट्स 1 जुलाई से बंद कर दी हैं। इसमें हैदराबाद से जबलपुर और जबलपुर से हैदराबाद जाने वाले यात्री मुश्किल में हैं। नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच के डॉ. पी.जी. नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने इंडिगो के इस निर्णय को पूर्णतः मनमाना बताते हुए इस मामले को मप्र उच्च न्यायालय द्वारा संज्ञान में लाए जाने की बात कही। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा दायर जनहित याचिका में शासन की ओर से 1 जुलाई को हाईकोर्ट में यह जानकारी दी गई थी कि एयर लाइंस कंपनियों के साथ संयुक्त बैठक कर एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने संबंधी सार्थक चर्चा की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई 30 जुलाई को होने वाली हैं लेकिन इसके पूर्व में ही अचानक इंडिगो द्वारा फ्लाइट बंद करने का निर्णय पूर्णतः एकतरफा एवं मनमानी पूर्ण माना जाएगा। मंच ने विश्वास व्यक्त किया कि न्यायालय इसे संज्ञान में लेकर आवश्यक कार्रवाई करेगा।




हैदराबाद फ्लाइट्स बंद करने के बाद मंच ने लगाया आरोप

अब एम-आधार एप से होगी पहचान

# फर्जी आईडी लेकर रेल यात्रा करने वाले यात्रियों की बढ़ेगी मुश्किलें

हरिभूमि जबलपुर।




ट्रेनों में अक्सर देखा जाता है कि दूसरे के टिकट पर लोग यात्रा कर लेते हैं। लेकिन अब ट्रेन यात्रा के दौरान यात्री को अपनी पहचान साबित करने के लिए मोबाइल ऐप एम-आधार का सहारा लेना होगा। रेलवे बोर्ड ने इस संबंध में सभी जोन को दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं। एमआधार ऐप के जरिए अब ट्रेनों में सफर के दौरान यात्रियों की पहचान तकनीकी रूप से सत्यापित की जाएगी।

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, यह कदम यात्री सुरक्षा, पारदर्शिता और ट्रेनों में अनधिकृत यात्रा को रोकने की दिशा में एक बड़ा सुधार है। साथ ही डिजिटल इंडिया की दिशा में भी यह प्रयास मील का पत्थर साबित हो सकता है।

### दूसरों के नाम पर टिकट लेकर यात्रा करते हैं लोग

मिली जानकारी के अनुसार रेलवे को लंबे समय से ऐसी शिकायतें मिलती रही हैं कि कुछ लोग दूसरों के नाम पर टिकट लेकर यात्रा करते हैं या फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल कर ट्रेन में चढ़ जाते हैं। ऐसे मामलों पर रोक लगाने के लिए रेलवे अब एमआधार ऐप का इस्तेमाल करेगा, जिसे भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण ने विकसित किया है।

### ऐसे काम करेगा एम आधार एप

रेवले द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक इस ऐप में क्यूआर कोड स्कैन कर पहचान सत्यापन की सुविधा है। टीटीई इस ऐप के माध्यम से यात्री का आधार कार्ड स्कैन कर उसकी वास्तविकता को तुरंत जांच सकेंगे। इससे फर्जी आधार कार्ड की पहचान आसान हो जाएगी और टिकटों की कालाबाजारी पर भी नियंत्रण संभव होगा। रेलवे बोर्ड ने कहा है कि ऐप को जल्द ही हैंड हेल्ड टर्मिनल डिवाइस से जोड़ा जाएगा, जिससे टीटीई को यह सुविधा सीधे उनके उपकरण में उपलब्ध होगी। इससे आरक्षित टिकटों का गलत इस्तेमाल रुकेगा और यात्रा के दौरान यात्रियों की असली पहचान सुनिश्चित हो सकेगी।

## राजस्थान से चायना चाकू के सप्लायर को उठा लाई पुलिस

**जबलपुर।** जिले में अवैध हथियारों के कारोबार पर सख्ती से रोक लगाने के निर्देश पर माढ़ोताल पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चायना चाकू के अवैध व्यापार में लिप्त दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 25 बटनदार धारदार चाकू और 460 रुपये नगद जब्त किए गए। चाकू पुष्कर (राजस्थान) से लाकर जबलपुर में बेचे जा रहे थे। टीआई नीलेश दोहरे ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी 20 वर्षीय हर्ष उर्फ डेविड पटेल और 18 वर्षीय शेख हसन ने पुष्कर की एक दुकान से चाकू खरीदे थे। पूछताछ में हर्ष ने बताया कि उसने 10 चाकू आकाश डुमार नामक युवक को बेचे हैं, जो वर्तमान में एक आपराधिक मामले में जेल में बंद है। अवैध हथियार आपूर्ति की पुष्टि के बाद पुलिस कप्तान सम्पत उपाध्याय के निर्देश पर टीम को राजस्थान रवाना किया गया। वहां से 42 वर्षीय राजा लोहार नामक दुकानदार को गिरफ्तार किया गया, जिसकी दुकान से 10 और चायना चाकू जब्त किए गए। इस कार्रवाई में टीआई नीलेश दोहरे के नेतृत्व में एएसआई बेनीराम उइके, आरक्षक सचिन मेहरा, ब्रजभूषण, निकेश कुमार, पुष्पराज जाट व विवेक तिवारी की सक्रिय भूमिका रही।

## पुराने विवाद को लेकर एमबीए छात्र पर चाकू से जानलेवा हमला

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत शांति नगर में पुरानी रंजिश को लेकर एक एमबीए छात्र पर उसके ही दोस्त ने चाकू से जान लेना हमला कर दिया. घायल को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है। घटना के संबंध में गोहलपुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गली नम्बर 3 त्रिमूर्ति नगर निवासी एमबीए छात्र 22 वर्षीय सूयांश ठाकुर दोस्तों के साथ चौबे कोचिंग के सामने खड़े होकर बात कर रहा था, तभी पुरानी विवाद पर वहां सूजल रजक अपने साथी आदि रजक, पियूष सोनी के साथ वहां पहुंचा और गाली गलौज करने लगे. उसने तथा उसके साथ दोस्तों ने गालियां देने से मना किया तो तीनों हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगे सूजल रजक ने हत्या करने की नियत से चाकू से हमलाकर उसके सीना एव पेट में चोटें पहुंचा दीं. रिपोर्ट पर धारा 296, 109, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)- 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक-डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240



# बरगी बांध के 9 गेट खुले, नर्मदा का जलस्तर बढ़ा

**हरिभूमि, जबलपुर।**

इस सीजन में पहली बार बरगी बांध के 9 गेट जल क्षमता को नियंत्रित रखने समय से पहले खोलने पड़े. रविवार दोपहर 12 बजे बरगी बांध के 9 गेटों से 52 हजार 195 क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद नर्मदा के जल स्तर में उफान आ गया. नर्मदा नदी का जल स्तर पहले ही बढ़ चुका था, बांध के गेट खुलने के बाद 4 से 5 फुट जल स्तर और बढ़ गया. ग्वारीघाट, तिलवारा, भेड़ाघाट के सभी तट जल मग्न हो गये. पिछले 5 दिनों से बरगी बांध के जल भराव क्षेत्र में लगातार हो रही बारिश खासकर मंडला डिंडोरी में अनवरत बारिश से जहां एक तरफ नर्मदा नदी का जल स्तर बढ़ गया था, वहीं बरगी बांध में तेजी से जल प्रवेश कर रहा था।

रविवार को बरगी बांध के गेट खुलने के बाद बारिश के बीच बड़ी संख्या में सैलानी बरगी बांध और नर्मदा के तटों पर बाढ के दृश्यों को देखने पहुंचे।

**बाढ़ का दृश्य देखने बरसते पानी में पहुंचे सैलानी, सतर्कता की अपील**

रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध के कार्यपालन यंत्री राजेश सिंह गौड़ ने बताया की जलस्तर को नियंत्रित करने इस सीजन में पहली बार रविवार को दोपहर लगभग 12 बजे इसके 21 में से 9 स्पिल-वे गेट औसतन 1.33 मीटर की ऊंचाई तक खोल दिये गये हैं और इनसे 52 हजार 195 क्यूसेक (घनफुट पानी प्रति सेकंड) पानी छोड़ा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि 9 गेट में से गेट नम्बर दस, ग्यारह और बारह को दो-दो मीटर, गेट नम्बर नौ और तेरह को डेढ़-डेढ़ मीटर, गेट नम्बर आठ और चौदह को एक-एक मीटर तथा गेट नम्बर सात और पंद्रह को आधा-आधा मीटर की ऊंचाई तक खोला गया है। उन्होंने बताया कि बांध में आवक को देखते हुये कभी भी इससे पानी निकासी की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

### डूब क्षेत्र से दूर रहने की अपील

कार्यपालन यंत्री बरगी बांध के मुताबिक रविवार को दोपहर ग्यारह बजे बांध का जल स्तर 417.40 मीटर रिकार्ड किया गया था और इस समय इसमें लगभग 98 हजार 741 क्युसेक पानी प्रवेश कर रहा था। उन्होंने बाँध के निचले क्षेत्र के निवासियों से नर्मदा तट से सुरक्षित दूरी बनाये रखने तथा डूब क्षेत्र में प्रवेश न करने की अपील करते हुये बताया कि बांध से पानी छोड़ने से नर्मदा नदी का जलस्तर चार से पांच फुट तक बढ़ सकता है।

### 417.50 मीटर पर पहुंचा जल स्तर

बरगी बांध का पूर्ण जल भराव स्तर 422.76 मीटर है और ऑपरेशनल मैन्युल के अनुसार 31 जुलाई तक इसका जलस्तर 417.50 मीटर रखा जाना प्रस्तावित है। इस साल बारिश अच्छी होने से बांध का जलस्तर आपरेशनल मैन्युल के उपर पहुंच गया है। लिहाजा जिससे 31 जुलाई के पहले ही बांध के गेट खोलने का निर्णय लिया गया है।

# लम्बे समय बाद आषाढ़ में सावन सी झड़ी लगी

## जनजीवन प्रभावित, अगले 24 घंटे में भारी बारिश की संभावना

**हरिभूमि, जबलपुर।**

पूर्वी मध्यप्रदेश के ऊपर बने हवा के कम दबाव वाले क्षेत्र के कारण मानसून सक्रिय है। शनिवार रात तीन बजे से शुरु हुई बारिश की झड़ी रविवार को देर रात तक लगी रही, मध्यम गति से रिमझिम बारिश ने जनजीवन को प्रभावित किया. रविवार अवकाश दिवस होने के कारण बाजारों में दिखने वाली चहल पहल नदारद रही। बारिश की वजह से मोहर्रम का जुलूस भी प्रभावित हुआ। चारों ओर हो रही बारिश से नदी नाले उफान पर हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान करीब 1.5 इंच बारिश के बाद कुल वर्षा का आंकड़ा 16 इंच पर पहुंच गया। लम्बे समय बाद आषाढ के महीने में सावन सी झड़ी देखने को मिली है। उधर मौसम विभाग ने चेतावनी दी है की अगले 48 घंटों के दौरान भारी बारिश का दौर जारी रह सकता है। अनवरत वर्षा की वजह से कई निचले इलाकों में पानी भर गया, वहीं विद्युत की शिकायतें भी बढ़ गई हैं। बारिश होने से तापमान अपनी हद में आ गया है। लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर सहित संभाग के अनेक स्थानों में वर्षा की संभावना व्यक्त की गई है।





पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस, सामान्य से 7 डिग्री कम दर्ज किया गया। वहीं न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमी प्रातःकाल 95 प्रतिशत और सायंकाल 98 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 5.31 बजे और सूर्यास्त 7.0 बजे हुआ। दक्षिण पश्चिमी हवायें 4 से 5 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं। पिछले 24 घंटों के दौरान 38.6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। 1 जून से आज तक कुल वर्षा 387.2 मिमी (16 इंच) पर पहुंच चुकी है। जबकि गत वर्ष आज के दिन 2.3 मिमी वर्षा दर्ज की गई थी, वहीं कुल वर्षा 218.2 मिमि दर्ज की जा चुकी थी। अगले 24 घंटों के दौरान संभाग के अनेक स्थानों पर वर्षा के आसार हैं।

# भारी बारिश के कारण आज और कल स्कूलों में अवकाश घोषित

**जबलपुर।** जिले में लगातार हो रही बारिश और आगामी 48 घंटों के भीतर अत्यधिक वर्षा की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने ऐहतियातन कदम उठाते हुए स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की है। कलेक्टर दीपक सक्सेना द्वारा शनिवार को जारी आदेश के अनुसार, 7 और 8 जुलाई को जबलपुर जिले की सभी शासकीय और अशासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है।जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह छुट्टी सभी विद्यार्थियों के लिए रहेगी, और इसका प्रभाव जिले की समस्त शासकीय, अशासकीय, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई और नवोदय विद्यालयों पर समान रूप से लागू होगा। कलेक्टर ने यह निर्णय मौसम विभाग द्वारा जारी भारी वर्षा की चेतावनी और बच्चों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए लिया है। गौरतलब है की जबलपुर और आसपास के क्षेत्रों में बीते दो दिनों से लगातार तेज बारिश हो रही है, जिससे कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है। आगामी दो दिन और भारी बारिश की संभावना व्यक्त की गई है, जिससे जनजीवन प्रभावित होने की आशंका है। इसी के मद्देनज़र जिला प्रशासन ने यह फैसला लिया है ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

**कलेक्टर ने जारी किया आदेश**



# जिला साहू समाज ने आयोजित किया शिवनाथ साहू मार्ग का लोकार्पण कार्यक्रम

**जबलपुर।** जिला साहू समाज जबलपुर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में रानीताल से गढ़ाफाटक मार्ग का लोकार्पण जगत बहादुर सिंह महापौर, प्रभात साहू, पूर्व महापौर एवं पूर्व विधायक विनय सक्सेना द्वारा 05.07.2025 को किया गया। कार्यक्रम में राधे श्याम साहू, अध्यक्ष साहू वैश्य नगर सभा, जिला साहू समाज अध्यक्ष उदयभान साहू, वीरेंद्र साहू, सचिव जिला साहू समाज, सुधीर साहू, सचिव, श्री साहू वैश्य नगर सभा, उपाध्यक्ष डीके साहू, रजनी साहू एमआईसी सदस्य, सुबोध साहू पूर्व पार्षद, रवि साहू, राहुल साहू पार्षद, उमेश साहू ओज, राष्ट्रीय सचिव अ.भा. तैलिक साहू महासभा, चौधरी मुकेश साहू अध्यक्ष बात्री साहू समाज, कैलाश साहू, नगर भाजपा उपाध्यक्ष, रमेश साहू प्रयास, अर्जुन साहू एडवोकेट, कैलाश साहू पीएचई, तेजी लाल साहू, गगन साहू, भोला साहू, राज साहू, धीरज साहू, मोनू साहू, बीपी साहू, इंजी. सीपी साहू, शिवनारायण साहू, राकेश साहू, सतीश साहू, अशोक साहू गंगानगर, डॉ. दीपक साहू, राजकुमार साहू, आनंद साहू, राजेश साहू, विनोद साहू रांझी, विनोद साहू, गढ़ा, अंकुर साहू, दीपक साहू, योगेन्द्र साहू, सरजू साहू, कांग्रेस पार्टी से पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश यादव, झल्लेलाल जैन, डॉ. अरविंद जैन, मुकेश राठौर, पूर्व विधायक कौशल्या गोंटिया, साहू महिला मंडल से आभा साहू, राष्ट्रीय अध्यक्ष, अ.भा. तैलिक साहू महासभा, श्रद्धा साहू, रानी साहू, नम्रता साहू, उलका साहू, वर्षा साहू, इन्दु गोल्हानी, एकता साहू, डॉ. सीता साहू, डॉ. सीमा साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

# पर्यावरण संरक्षण के लिए आयोजित की चित्रकला प्रतियोगिता एवं पौधारोपण कार्यक्रम

**जबलपुर।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के आव्हान पर महाकौशल विंध्य रीजन के तत्वावधान में एलजा नर्सरी स्कूल में पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एक विशेष चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 05 जुलाई को किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने चित्रों के माध्यम से यह संदेश दिया कि प्रकृति और पर्यावरण को कैसे संरक्षित रखा जा सकता है। बच्चों द्वारा बनाए गए पोस्टर न केवल रचनात्मकता से भरपूर थे, बल्कि उनमें जागरूकता का स्पष्ट संदेश भी था। प्रतियोगिता के समापन पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को शानदार उपहार प्रदान किए गए। साथ ही सभी प्रतिभागियों और विद्यालय स्टाफ को मिठाई वितरित की गई। यह वितरण डॉ. दीपक जैन की पुण्यतिथि के अवसर पर कार्याध्यक्ष प्रदीप सुनीता लक्ष्मी द्वारा किया गया। इसी क्रम में यादव कॉलोनी स्थित उद्यान में एक विशाल पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें पर्यावरण सुरक्षा का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर रीजन के कई गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### शिकायतकर्ता की खोज कर साधने में जुटा पूरा अमला

# राजधानी तक पहुंची शिकायत से आबकारी विभाग में हड़कंप

**जबलपुर।**

आबकारी विभाग के वर्तमान सत्र को लेकर आबकारी विभाग के अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों की स्थिति उगलत निगलत पीर घनेरी जैसी हो गई है। नया सत्र वैसे तो एक अप्रैल से चालू हुआ था लेकिन तब से लेकर आज की तारीख तक किसी न किसी मामले को लेकर जिले का आबकारी विभाग सुर्खियां में बना हुआ है। कभी शराब की ओवर रेटिंग, कभी कलेक्टर द्वारा गुप्त रूप से चलाए गए स्टिंग ऑपरेशन, कभी हाई कोर्ट में दायर जनहित याचिका में संबंधित अधिकारियों से नोटिस देकर जवाब तलब करने के मामले को लेकर तो कभी शराब ठेकेदारों और आबकारी विभाग के बड़े साहब के बीच तनातनी की खबरों के कारण जिले का आबकारी विभाग जबलपुर में ही नहीं प्रदेश में भी सुर्खियां बन चुका है। अब सूत्रों के हवाले से एक नई खबर सामने आई है जिसमें बताया जा रहा है कि संस्कारधानी के किसी रसूखदार शराब कारोबारी ने मामले की शिकायत राजधानी भोपाल तक पहुंचा दी है। यही नहीं विभागीय सूत्रों के अनुसार ऊपर बैठे अधिकारियों ने इस शिकायत को गंभीरता से लेकर पड़ताल शुरू कर दी है। जब से इस बात की भनक स्थानीय आबकारी अधिकारियों को लगी है तभी से विभाग में हड़कंप की स्थिति निर्मित है। अपने स्तर पर आबकारी विभाग के लोग यह पता करने में लगे हैं कि आखिर यह शिकायत किसने की है। पता चला है कि शिकायत के संबंध में आबकारी मुख्यालय ग्वालियर या भोपाल से कोई टीम आकर शिकायतकर्ता के बयान आदि भी लेने वाली है इसलिए स्थानीय आबकारी विभाग के लोग फूंक फूंक कर कदम रख रहे हैं। बताया तो यहां तक जा रहा है कि इस पूरे मामले को लेकर विभाग के ही दो वरिष्ठ अधिकारियों के बीच तनातनी भी चल रही है। जिले में जो विभाग के मुखिया हैं उनके एक चहेते अधिकारी के द्वारा शहर और जिले के एक-एक ठेकेदार से संपर्क कर यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि यह शिकायत उन्होंने तो नहीं की है। और यदि की है तो जब वरिष्ठ अधिकारी बयान लेने के लिए आए तो बयान सोच समझ कर देना हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है की ऊपर तक यह शिकायत किसने की हैं।

### और इस तरह बिगड़ गई जमी जमाई व्यवस्था

विभागीय सूत्रों के मुताबिक जिस समय शराब दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया चल रही थी उसी बीच यहां पर एक वरिष्ठ अधिकारी को लाकर बतौर मुखिया बैठाया गया था। शराब दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद साहब ने बकायदा शराब ठेकेदारों को बुलाकर एक मीटिंग भी की थी और इस मीटिंग में ठेकेदारों को स्पष्ट हिदायत दी गई थी कि जिले की शराब दुकानों का संचालन उनके द्वारा बनाए गए सिस्टम के आधार पर यानि जमी जमाई व्यवस्था से ही होगा। सही मायने में यह नया सिस्टम आधारित था ठेकेदारों से विभाग के अधिकारियों को मिलने वाला नजराना जिसे सुविधा शुल्क भी कहा जाता है। सीधा सा समीकरण यह था कि तुम भी कमाओ और हमारा भी ध्यान रखो लेकिन बीच में कुछ ऐसी परिस्थितियों बनी की सब का यह पूरी जमी जमाई व्यवस्था ही डगमगा गई। इसी पूरी जमी जमाई व्यवस्था के कारण ही शहर में शुरुआती दौर में जिस तरह से शराब की ओवर रेटिंग हुई वह बड़ा कारण विभाग के लिए गले की फांस बन गई। न जाने कितने वीडियो वायरल हुए न जाने कितनी शिकायत सामने आई और न जाने क्या-क्या हुआ।



## सवारी ताजिया कर्बला में ठंडे, मातमी पर्व मोहर्रम का समापन

# बारिश भी नहीं रोक पाई 'मोहब्बतें हुसैन' का सैलाब

पैगंबर ए इस्लाम हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन अली मुकाम की शहादत का पर्व मोहर्रम रविवार को धार्मिक उत्साह और सांप्रदायिक सद्भाव के अनूठे प्रदर्शन के साथ संपन्न हो गया। रानीताल कर्बला में ताजिये और सवारियां ठंडी की गईं, "या हुसैन" के नारों से पूरा शहर गूंज उठा।

हरिभूमि जबलपुर।

मोहर्रम के दौरान, मुस्लिम समुदाय के साथ-साथ बड़ी संख्या में हिंदुओं ने भी अकीदत के साथ सवारियां रखीं, लंगर बांटा और सजावट में सहयोग किया।

### भारी बारिश के कारण लेट शुरु हुआ जुलूस

रविवार को यौमे आशूरा के दिन सुबह से बारिश होती रही, दोपहर में भारी बारिश के कारण जुलूस 2 बजे के बजाय शाम 5 बजे प्रारंभ हो सका. बारिश के बावजूद अकीदतमंदों की अकीदत और मोहब्बत कम नहीं हुई। बारिश के पानी में भीगते हुए भी जुलूस में इस वर्ष लगभग 250 से अधिक सवारियां और 50 छोटे-बड़े ताजिये शामिल हुए। बड़ी संख्या में वाहनों द्वारा लंगर ए इमाम अली मुकाम का वितरण किया गया। सवारी और ताजियों का जुलूस मुस्लिम बहुल क्षेत्र बहोरा बाग, चार खंबा, मछली मार्केट, मिलोनीगंज, कोतवाली, कमानिया, बड़ा फुहारा होते हुए रानीताल कर्बला पहुंचा। जुलूस मार्ग पर खड़े जायरीनों ने नम आंखों से ताजिये और सवारियों की जियारत की और उन्हें विदाई दी।

### कलात्मक ताजिये और सवारियां बने आकर्षण का केंद्र

मोहर्रम के जुलूस में कई भव्य और आकर्षक ताजिये शामिल हुए। हजरत सूफी गुल बाबा अशरफी द्वारा कायम मन्नत वाला ताजिया, नई बस्ती लंगर कमेटी का ताजिया, और सालार मस्जिद के पास वाला ताजिया विशेष रूप से जनआकर्षण का केंद्र रहे।कंधों पर ताजिया रखे अकीदतमंदों का हुजूम "या अली", "या हुसैन" के नारे बुलंद कर रहा था।

### लंगर बांटने वाले वाहनों की रही बड़ी संख्या

मुहर्रम के जुलूस में काफी तादाद में लंगर बांटने वाले वाहन भी शामिल हुए। सवारी और ताजिये का जुलूस रानीताल कर्बला की तरफ बढ़ रहा था, जबकि लंगर बांटने वाले वाहन रानीताल ईदगाह की तरफ प्रस्थान गये।

### सदर और गढ़ा में भी रही रौनक

सदर में जुलूस शाम 5 बजे निकला। इसमें गली नंबर 9 का ताजिया, पुराना ताजिया, और गली नंबर 7 में मरहूम अल्लू बाबा की नाले हैदर की सवारी जनआकर्षण का केंद्र रही। समाजसेवी अकबर खान सरवर के अनुसार, इस वर्ष 40 से अधिक सवारियां और 7 ताजिये शामिल हुए। अपने परंपरागत तरीके से मुख्य मार्गों से होता हुआ जुलूस रानीताल कर्बला पहुंचा। उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा का जुलूस अपनी परंपरानुसार शाम को निकाला गया। शहर में कौमी एकता की पहचान रखने वाले गढ़ा में, समाजसेवी मुबारक कादरी के अनुसार, 40 से अधिक हिंदू-मुस्लिम मुजावरों की सवारियां और 10 ताजिये शामिल हुए। गढ़ा के जुलूस में डॉ. सैयद मकबूल अली कादरी, सूफी निजाम बाबा, खलीफा मुमताज मंसूरी, और दादा दरबार की सवारियां जनआकर्षण का केंद्र रहीं। गढ़ा के जुलूस मार्ग पर अनेक हिंदू धर्मावलंबियों द्वारा लंगर बांटा गया और बाबा साहब का इस्तकबाल किया गया। गढ़ा बाजार कौमी एकता मुर्तजा कमेटी के मुईन उस्मानी द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी जुलूस का इस्तकबाल किया गया। गढ़ा बाजार, त्रिपुरी चौक होते हुए जुलूस सुपाताल कर्बला पहुंचा। सूपाताल कर्बला में सैय्यद कादिर अली कादरी वासित कादरी, इनायत कादरी, और जवाहर कादरी ने जुलूस के समापन पर इमाम अली मुकाम की बारगाह में सलातो सलाम पेश किया।

## शहीदी पर्व मोहर्रम पर ताजिया-सवारी-अखाड़े के साथ निकला जुलूस



**सिहोरा।** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद (स.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन (रजि.) की शहादत के पर्व मुहर्रम की रविवार को दसवीं तारीख योमे आशूरा पर नगर में ताजिया जुलूस निकाला गया जो दोपहर के बाद जामा मस्जिद से शुरु होकर सरावगी मुहल्ला पहुंचा जहां नगर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से आए अनेक ताजियों-सवारियो के साथ दोपहर 5 बजे से जुलूस की शुरुआत हुई। सैकड़ों की तादात में मुस्लिम धर्मावलंबी या हुसैन के नारे लगाते चल रहे थे। विगत तीन दिनों से रुक रुक कर हो रही झमाझम बारिश के बीच जुलूस सरावगी मोहल्ला से शुरू होकर काल भैरव चौक,झंडा बाजार,कटरा मोहल्ला पहुंचा,जहां मुस्लिम धर्मावलंबी अपने कांधों पर ताजिया लिए या हुसैन...या अली के नारे लगाते चल रहे थे। कटरा मोहल्ला के पास स्थित कर्बला में जुलूस का समापन हुआ जहां ताजियों को ठंडा किया गया। जुलूस में अखाड़ों के प्रदर्शन के साथ नगर की विभिन्न कमेटियों द्वारा लोगों को लंगर भी तकसीम किया गया। इसी तरह उपनगर खितौला में भी ताजिया जुलूस निकाला गया।

## सवारी का आखिरी सफर पूरा, मोहर्रम शांतिपूर्वक संपन्न

**पाटन।** शहादत का पर्व मोहर्रम यौमे आशूरा आज है तारीख के कर्बला के अनुसार पैगंबर इस्लाम हजरत मोहम्मद के 89 हजरत इमाम हुसैन अपने 72 साथियों के साथ कर्बला के मैदान में तीन दिन प्यासी रहकर दसवीं मोहर्रम यौमे आशूरा जाम नौस फरमाया इमाम हुसैन की शहादत बातिल असत्य का पर हक सत्य की फतह जीत का एक सख्त ऐलान है इमाम अली मुकाम शहादत को हिंदू मुसलमान एवं सभी धर्म के लोग मानते हैं यह दर्शाता है सत्य चाहे कितना भी शक्तिशाली क्यों ना हो सत्य और न्याय की राह पर चलने वाले कभी उसके सामने नतमस्तक नहीं होते भले ही इसके लिए उन्हें अपने प्राणों का बलिदान क्यों ना देना पड़े। आज दोपहर में नमाज अदा करने के बाद नगर की विभिन्न स्थानों से सवारी एवं तालिया का जुलूस निकाला गया। इस खास मौके पर वार्ड क्रमांक 12 के पार्षद शेख अमजद द्वारा गणमान्य नागरिकों का सरोपा बांधकर स्वागत किया इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष पार्षद गण पूर्व अध्यक्ष पंडित संजय गुरु युवा नेता सचिन गुरु साहित्य मुस्लिम समाज के नागरिक भी उपस्थित रहे।

## नगर में निकला मुहर्रम पर्व पर जुलूस



**बरेला।** मुहर्रम में शामिल सवारी लेकर नगर भ्रमण करते हुए मुजावर ताजिया लेकर करवला तक गये। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी जबलपुर के महासचिव अरविन्द तिवारी,हाजी जहीर अहमद, जिला अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के उपाध्यक्ष शेख सलीम, ब्लाक अध्यक्ष शेख शानू, गोपाल पाठकार, सुरेश झारिया, ठेकेदार सलीम थाना प्रभारी विजय विश्वकर्मा उपस्थित रहे।

## बाबूजी धीरे चलना, जरा संभलना, बड़े गड्ढे है इस राह में



**जबलपुर।** कटंगी जबलपुर दमोह मुख्य मार्ग फिर से खस्ता हाल हो गया है वही कटंगी नगर के मुख्य मार्ग पर इतने बड़े गड्ढे हो गए हैं जैसे बच्चों के लिए स्विमिंग पूल, इन गड्ढो के कारण आए दिन जनधन हानि हो रही है मगर इस ओर कोई भी ध्यान नही दिया जा रहा है, प्रशासनिक अधिकारी जनप्रतिनिधि सभी इस राह से गुजर रहे है मगर ध्यान नहीं दे रहे है,वहीं आम नागरिकों का कहना है इन गड्ढो के बगल से पिछले वर्ष भी हादसे होते रहे हैं और अभी भी बड़े हादसे के पहले इन गड्ढो की मरम्मत हो जाना चाहिए।

## आयुष और चेतन को मिली सफलता





**जबलपुर।** शहर के आयुष चौबे ने भी चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सी.ए.) की फाइनल परीक्षा में सफलता प्राप्त कर अपने परिवार और शहर का नाम रोशन किया है। आयुष का कहना है कि उन्होंने कड़ी मेहनत और कई घंटों तक पढ़ाई की है, जिसके बाद सीए के पेपर में यह उपलब्धि हासिल हुई है। आयुष उपेन्द्र कुमार चौबे एवं पूनम चौबे के सुपुत्र हैं। आयुष ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों को दिया।

शहर के छात्र चेतन गुप्ता ने चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सी.ए.) की प्रतिष्ठित परीक्षा के दोनों ग्रुप पास कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। चेतन गुप्ता श्रीकृष्ण गुप्ता एवं रागिनी गुप्ता के पुत्र हैं। चेतन ने बताया कि उसने कठिन परिश्रम और समर्पण के बल पर यह बड़ी उपलब्धि हासिल की। चेतन द्वारा दोनों ग्रुपों को सफलतापूर्वक पास किया है। उनकी इस सफलता पर परिवार, मित्रों और शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी है। चेतन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों और निरंतर आत्मविश्वास को दिया।

### शक्ति कलश का पूजन करने की अपील

**सिहोरा।** 251 कुंडी यज्ञ का शक्ति कलश सिहोरा रोड रेलवे स्टेशन से होकर आज 7 जुलाई को प्रातः 6.30 बजे गौडवाना एक्सप्रेस से निकलेगा सभी से एकत्र होकर शक्ति कलश का पूजन करने की अपील की गई है।

## कुड़ारी में घरों में घुसा नाले का पानी, गृहस्थी का सामान हुआ गीला

**बरेला।** विगत दो दिनों से हो रही बारिश ने ग्रामीण क्षेत्रों में कहर बरपादिया है जहां कई जगह गांव में गालियां जलमग्न हो गई तो वहीं पर ग्राम पंचायत कूड़ारी उमरिया में कुढारी से टीकरा रोड में नाले का पानी लोगों के घरों में घुस गया इसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बताया जाता है कि नाले में कुछ जगह पर अतिक्रमण होने के कारण नाले का पानी पूर्णतया रोड पर आ गया तथा यह रोड से होते हुए लोगों के घर में घुस गया इसकी वजह से घर में रखा हुआ सामान भी गीला हो गया। तथा लोगों को नुक्सान उठाना पड़ा। कूड़ारीके सरपंच संतराम श्रीपाल ने बताया कि गांव केअतुल सेन, किशन लाल रजक, पुरुषोत्तम रजक, पिल्लू रजक ,सुखवेन विश्वकर्मा, शेख शरीफ शेख शहीद और शेखताजुद्दीनके घर में नाले के पानी घुस गया जिसकी वजह से रखा हुआ गृहस्थी का सामान भी गीला हो गया।

## लगातार तीन दिनों से हो रही वर्षा से क्षतिग्रस्त हुआ जुनमानी का पुल



**बरेला।** क्षेत्र में कुछ समय रुककर किंतु लगातार हो रही वर्षा से आम लोगों का जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, क्षेत्र के छोटे नाले और नदियों में जल स्तर बढ़ने के साथ ही अनेक मार्ग बंद होने से आवागवन प्रभावित होने के साथ ही ,खेतों में पानी भर जाने के कारण खेती का काम प्रभावित हो रहा है, किसान खेतों के खाली होने का इंतजार कर रहे हैं। वैसे अभी तक किसी जनहानि की जानकारी सामने नहीं आई है, किंतु लगातार हो रही वर्षा से आने वाले समय में कच्चे आवासों को खतरा हो सकता है। अनवरत हो रही बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में नदियों के पुल क्षतिग्रस्त हो चुके हैं । ग्राम पंचायत जुनवानी और महगमा के मध्य स्थित पुल वर्तमान में क्षतिग्रस्त हो गया है। यह पुल दोनों पंचायत के मध्य सेतु का काम करता है तथा जुनबानि से महंगवा जाने के लिए एकमात्र साधन है। स्थानीय सरपंच महेंद्र परस्ते ने बताया कि पिछले वर्ष भी यह पुल क्षतिग्रस्त हो गया था जिसे ग्राम पंचायत द्वारा चलने लायक बनाया गया था किंतु अब वर्तमान में हो रही बारिश के कारण यह पल दोनों तरफ से क्षतिग्रस्त हो गया है इसके कारण अब पुल पर सेनिकलना खतरनाक हो गया है इस संबंध में उन्होंने जनपद पंचायत, जिला पंचायत और आर ई एस के अधिकारियों को भी शिकायत की थी उसके पश्चात भी विभाग द्वारा पुल के मरम्मत की ओर को ध्यान नहीं दिया गया इसके कारण वर्तमान में हो रही बारिश की वजह से यह पुल और भी जीर्ण शीर्ण हो गया है। ग्रामीणों ने ऐसे अबीलंब दुरुस्त करने की मांग की है।

वर्तमान संकुल प्राचार्यों को मिले अधिकार

## सीआर के लिए भटक रहे शिक्षक

**बरेला।** मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के तहसील अध्यक्ष रजनीश कुमार पाण्डेय ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शिक्षा विभाग में क्रमोन्नति में CR जमा की जा चुकी है। पुनः पदोन्नति के लिए वही कागज फिर से मांगना उचित प्रतीत नहीं होता है।साथ ही वर्तमान में पदस्थ संस्था के संकुल में ,जहां सर्विस बुक जमा है वहां के संकुल प्राचार्य को यह अधिकार होना चाहिए कि वह बीते हुए 7 वर्षों की CR पर हस्ताक्षर कर सके ,और उसमें लिख दे की संधारित्र सेवा पुस्तिका के अनुसार!या फिर छाया प्रति मान्य की जावे।

जो शिक्षक स्थानांतरण होकर आए हैं ,उनकी समस्या का निराकरण हो जाएगा अन्यथा शिक्षक कब तक पुरानी संस्थानों दूसरे जिले में जा जाकर CR बनवाते रहेंगे शिक्षक इस तरह मानसिक एवं शारीरिक रूप से परेशान हो रहे है संघ के जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, आलोक अग्निहोत्री, रजनीश कुमार पाण्डेय, दालचंद पासी , बृजेश दीक्षित, रामदास बरकड़े,मुकेश मेहरा, मनोज सिंह, अंशुल साहू, शेर सिंह, सतीश उपाध्याय, अजय दुबे,अभिषेक वर्मा, शुभ संदेश सिंगोर ,निर्मल लोधी, सतीश बड़कड़े, सुरेंद्र चौबे, प्रमोद विश्वकर्मा, विजय लोधी, गणेश सिंगरौल, जयप्रकाश गुप्ता कृष्ण कुमार मरावी, मोहित नाथ, शहजाद सिंह द्विवेदी, उमेश द्विवेदी, आर लखेरा विजय नामदेव आदि ने शिक्षकों को राहत दिलाने की मांग की है।

लोक निर्माण विभाग की अनदेखी से सड़क के परखच्चे उड़े

## भेड़ाघाट चौराहा पंचवटी पर्यटन मार्ग दलदल में तब्दील



**भेड़ाघाट।** भेड़ाघाट चौराहा से पंचवटी मार्ग इस समय तालाब नुमा बना हुआ है यहां पर पानी की निकासी की समस्या को लेकर सड़क पर पानी दो से तीन फीट भरा रहता है विश्व पर्यटन स्थल मार्ग की है दुर्दशा को देखते ही पर्यटकों का मन खिन्न हो जाता है 1 साल पहले इस सड़क का भूमि पूजन हो गया बड़े ताम झाम से से मंत्री और जनप्रतिनिधियों ने वाह वाहीलूटने के चक्कर में भेड़ाघाट चौराहे से पंचवटी धुआंधार जलप्रपात को देखनेके लिए देश-विदेश से पर्यटक आते हैं लेकिन इस मार्ग की दुर्दशा से पर्यटकों कहना है कि श्री जनप्रतिनिधियों की लापरवाही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की अनदेखी से विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट की छवि धूमल हो रही है कई पर्यटकों ने बताया कि भेड़ाघाट चौराहे पर टू व्हीलर गाड़ियां से गिर जाने से वहीं से वापस हो गए लोक निर्माण विभाग की लापरवाही से चौराहे से लेकर पंचवटी तक सड़क पर पीली मिट्टी जगह-जगह सड़क पर होने से एक्सीडेंट हो रहे हैं सरस्वती घाट में पहाड़ी को खोद कर सड़क किनारे मिट्टी डलीहोने से भयानक दुर्घटना की आशंका जताई जा रही है उसके बाद भी लोग निर्माण विभाग के अधिकारियों को नहीं दिखता हैं तभी तो इस सड़क की सुधलेने वाला कोई नहीं हैं सड़क के किनारो से मिट्टी सड़क पर ना आए इसके लिए लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों अधिकारियों की लापरवाही का जीता जागता उदाहरण देखा जा सकता है आखिरकार प्रशासन द्वारा विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भेड़ाघाट मार्ग की सड़क की सुधलेने वाला कोई नहीं।




**श्री सुरजीत सिंह गुजराल-** बिलहरी निवासी श्री सुरजीत सिंह गुजराल (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री बृज मोहन उपाध्याय-** पिपरिया कुंडम रोड निवासी श्री बृज मोहन उपाध्याय (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई कतिया-** साईं नगर रामपुर निवासी श्री सुम्मी लाल कतिया की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई कतिया (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मुकेश दुबे-** कांचघर निवासी श्री मुकेश दुबे (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री विमलेश अवस्थी-** गौतम नगर सरकारी कुआं घमापुर निवासी श्री राम निवास अवस्थी की पुत्री सुश्री विमलेश अवस्थी (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती इंद्रा बावरिया-** फ्लैट नं. 4, आदित्य एनक्लेव अपार्टमेंट हाथीताल निवासी श्री बाबू लाल बावरिया की धर्मपत्नी श्रीमती इंद्रा बावरिया (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रदीप बेन-** रामपुर बेन मोहल्ला निवासी श्री हुकुम सिंह बेन के पुत्र श्री प्रदीप बेन (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**कु. मुस्कान-** साईंधाम पुरानी बस्ती गौरीघाट निवासी श्री मोती लाल की पुत्री कु. मुस्कान (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती अनीता चौधरी-** पुरानी बस्ती बाबा टोला ठक्कर ग्राम निवासी श्री भूरा चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती अनीता चौधरी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेंद्र कुमार साहू-** पूजा होम्स धनवंतरी नगर निवासी श्री राजेंद्र कुमार साहू (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ममता श्रीवास्तव-** द्वारका नगर चुंगी चौकी लालमाटी निवासी श्री सुनील कुमार श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती ममता श्रीवास्तव (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश कुमार दुबे-** वृंदावन कॉलानी पटेल नगर महाराजपुर निवासी श्री सुरेश कुमार दुबे (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री रामा कोरी-** राजेंद्र नगर बाबा टोला निवासी श्री रामा कोरी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री वीरेंद्र श्रीवास्तव-** गली नं. 1 समदडिया ग्रीन सिटी रोड निवासी श्री वीरेंद्र श्रीवास्तव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 12x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 12x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 8x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-9303208294, 9407362160

## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र के कर्ज आवंटन में वृद्धि





**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में उसका कर्ज आवंटन 15.36 प्रतिशत बढ़कर 2.41 लाख करोड़ रुपये रहा। बीओएम ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष (2024-25) की इसी तिमाही में कर्ज वितरण 2.09 लाख करोड़ रुपये था।

### गोदरेज कैपिटल का एयूएम को दोगुना करने का लक्ष्य




**मुंबई।** गैर-बैंक ऋणदाता गोदरेज कैपिटल के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) बढ़कर करीब 18,000 करोड़ रुपये हो गई हैं। कंपनी का लक्ष्य चालू वित्त वर्ष 2025-26 के अंत तक अपने एयूएम को 25,000 करोड़ रुपये से अधिक पर पहुंचाना है। कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही है।

### पूंजीकरण में अधिक नुकसान में एचडीएफसी बैंक रही




**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से छह के बाजार पूंजीकरण में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 70,325.5 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान एचडीएफसी बैंक और आईसीआईसीआई बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 626.01 अंक या 0.74 प्रतिशत के नुकसान में रहा।

### स्मार्टन पावर का आईपीओ सात जुलाई को खुलेगा




**नई दिल्ली।** स्मार्टन पावर सिस्टम ने अपने 50 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 100 रुपये प्रति शेयर का मूल्य तय किया है। कंपनी का आईपीओ सात जुलाई को खुलकर नौ जुलाई को बंद होगा। कंपनी के शेयर एनएसई इमर्ज मंच पर सूचीबद्ध होंगे। कंपनी ने बयान में कहा कि आईपीओ के तहत 40.01 लाख नए शेयर जारी किए जाएंगे।

### बीते सप्ताह सोयाबीन और मूंगफली के तेल में रहा सुधार



**नई दिल्ली।** विदेशों में खाद्य तेल कीमतों में मजबूती के बीच घरेलू तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सरसों, सोयाबीन, मूंगफली तेल-तिलहन, बिनौला तेल के दाम में सुधार दर्ज हुआ। बाजार सूत्रों ने कहा कि खाद्य तेलों के दाम में मजबूती दिखी पर उसका स्थानीय कारोबार में कीमतों पर उतना कोई विशेष असर नहीं दिखा।

### ओयो के डैनसेंटर भारत में 250 'वैकेशन होम' जोड़ेगी




**नई दिल्ली।** यात्रा प्रौद्योगिकी कंपनी ओयो की यूरोपीय 'हॉलिडे होम'' इकाई डैनसेंटर की योजना चालू वित्त वर्ष में भारत में 250 'वैकेशन होम'' (छुट्टियों के दौरान रहने की जगह) जोड़ने की है। भारत में छुट्टियां मनाने एवं पर्यटन के दौरान प्रीमियम एवं व्यवस्थित वैकेशन होम की मांग तेजी से बढ़ रही है। डैनसेंटर ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 50 वैकेशन होम जोड़े हैं और वित्त वर्ष के अंत तक इसकी 200 अन्य ऐसी संपत्तियां जोड़ने की योजना है।

# रुपए पर तस्वीर के लिए टैगोर समेत कई नामों पर हुआ था विचार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रुपये पर किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर लगाने के लिए रबीन्द्रनाथ टैगोर, मदर टेरेसा समेत कई नामों पर विचार किया गया था लेकिन सहमति महात्मा गांधी के नाम पर बनी थी। उसी आम सहमति का नतीजा है कि नोट पर गांधी की तस्वीर लंबे समय से बनी हुई है।

- महात्मा गांधी पर ही बनी थी सहमति

आरबीआई के कामकाज पर बने एक वृत्तचित्र में यह कहा गया है। आरबीआई ने अपने कामकाज और भूमिकाओं को लोगों के सामने लाने के लिए हाल में जारी वृत्तचित्र के जरिये यह भी बताया है कि वह प्रिंटिंग प्रेस से देश के हर कोने में रुपये को पहुंचाने के लिए ट्रेन, जलमार्ग, हवाई जहाज समेत बड़ी परिवहन प्रणालियों का उपयोग करता है।

## आरबीआई के कामकाज पर बने वृत्तचित्र में कहा गया

### बैंक नोट देश की तस्वीर बयां करती है

यह पहली बार है जब आरबीआई के कार्यों को वृत्तचित्र के रूप में लाया गया है। 'आरबीआई अनलॉक्ड: बियॉन्ड द रुपी' शीर्षक से जारी पांच भागों वाली यह श्रृंखला जियो हॉटस्टार के साथ मिलकर पेश की गयी है। इसमें कहा गया है, ''बैंक नोट न केवल लेन-देन का साधन है, बल्कि देश की ताकत बयां करने के साथ संचार का प्रमुख जरिया भी है।

*लंबे समय से गांधी की तस्वीर नोट पर लगी है : आरबीआई के अनुसार, ''उसी आम सहमति का नतीजा है कि लंबे समय से रुपये पर गांधी जी की तस्वीर लगी है...जब महात्मा गांधी श्रृंखला पर नोट पेश किये गये, यह पहली श्रृंखला थी जिसका डिजाइन पूरी तरह से केंद्रीय बैंक की टीम ने किया था।'' पहली बार 1969 में महात्मा गांधी की जन्म शताब्दी के अवसर पर 100 रुपये का स्मारक नोट जारी किया था।*



*आजादी से पहले जीव जंतुओं की तस्वीर होती थी*

*आजादी से पहले ब्रिटिश भारत में रुपये पर उपनिवेशवाद और उससे जुड़े ऐतिहासिक और राजनीतिक संदर्भों का जिक्र होता था। इसमें वनस्पति और जीव-जन्तुओं (बाघ, हिरण) की तस्वीर होती थी...। रुपये पर ब्रिटिश साम्राज्य की भव्यता को 'सजावटी हाथियों' और राजा के अलंकृत चित्रों के माध्यम से दर्शाया जाता था।*

### शुरू में अशोक स्तंभ की तस्वीर चर्चित हुई थी

आरबीआई के अनुसार, ''लेकिन जब भारत आजाद हुआ, धीरे-धीरे रुपये में छपी तस्वीरों में भी बदलाव आया। शुरू में रुपये पर अशोक स्तंभ के शेर के प्रतीक चिन्ह, चर्चित स्थलों आदि का उपयोग हुआ। धीरे-धीरे भारत के विकास और प्रगति के साथ रुपये ने चित्रों के माध्यम से विकास की कहानी को बयां करना शुरू किया।''

### प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर से नोट पहचानना आसान होता है

देश में विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति और हरित क्रांति की उपलब्धियों को नोट पर आर्यभट्ट और खेती करते किसानों आदि की तस्वीरों के जरिये बखूबी उकेरा गया। केंद्रीय बैंक ने कहा, ''बाद में यह महसूस किया गया कि अगर बैंक नोट पर किसी प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर हो तो उसे पहचानना आसान हो जाता है। नकली नोट का अगर डिजाइन ठीक नहीं है तो प्रसिद्ध व्यक्ति की तस्वीर से लोगों के लिए, असली और नकली नोट की पहचान करना सरल हो जाता है।''

## समूह मुंद्रा में 10 लाख टन सालान क्षमता का संयंत्र लगा रहा

# गुजरात में पीवीसी संयंत्र लगाएगा अदाणी पेट्रोरसायन क्षेत्र में रिलायंस से प्रतिस्पर्धा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अरबपति उद्योगपति गौतम अदाणी का समूह गुजरात के मुंद्रा में 10 लाख टन सालाना क्षमता का पीवीसी संयंत्र लगाने जा रहा है। इसके साथ समूह पेट्रोरसायन क्षेत्र में उतर जाएगा। इस क्षेत्र में अभी तक रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे बड़ी कंपनी है।

इसके साथ अदाणी समूह पीवीसी क्षेत्र भी रिलायंस के साथ प्रतिस्पर्धा करेगा। पीवीसी या पॉलिविनाइल क्लोराइड एक सिंथेटिक प्लास्टिक पॉलिमर है जिसका पाइप और फिटिंग से लेकर खिड़की और दरवाजे के फ्रेम, केबल इंसुलेशन, विनाइल फ्लोरिंग और वॉल कवरिंग, क्रेडिट कार्ड और खिलौने जैसे कई उत्पादों को बनाने के लिए व्यापक रूप से इस्तेमाल किया जाता है।

### घरेलू उत्पादन क्षमता 15.9 लाख टन

भारत की सालाना पीवीसी की मांग लगभग 40 लाख टन है, जबकि घरेलू उत्पादन क्षमता लगभग 15.9 लाख टन है। घरेलू क्षमता में आधी रिलायंस के पास है। पीवीसी की मांग सालाना आठ-10 प्रतिशत की दर से बढ़ने का अनुमान है। इस मामले से अवगत दो सूत्रों ने बताया कि अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज मुंद्रा मे एक पेट्रोरसायन संकुल बना रही है।

**इस संयंत्र के साथ ही अदाणी पेट्रोरसायन क्षेत्र में उतर रहे**

**इस क्षेत्र में अब तक रिलायंस ही सबसे बड़ी कंपनी है**

**भारत की सालाना पीवीसी की मांग 40 लाख टन है**



### रिलायंस की क्षमता 7,50,000 टन सालाना है

यह परियोजना समूह को रिलायंस के खिलाफ खड़ा करेगी, जो वर्तमान में भारत की सबसे बड़ा पीवीसी उत्पादक है। रिलायंस की अनुमानित पीवीसी क्षमता लगभग 7,50,000 टन सालाना की है। रिलायंस के गुजरात में हजीरा, दहेज और वडोदरा में पीवीसी संयंत्र हैं। रिलायंस 2027 तक अपनी क्षमता को दोगुना करने की योजना बना रही है।

### संयंत्र 2027-28 तक चालू होगा

कंपनी वहां 10 लाख टन सालाना क्षमता का पीवीसी विनिर्माण संयंत्र लगा रही है। यह संयंत्र वित्त वर्ष 2027-28 तक चालू होगा। पीवीसी परियोजना में पीवीसी, क्लोर-अल्कली, कैल्शियम कार्बाइड और एसिटिलीन इकाइयों के निर्माण की क्षमताएं शामिल होने की उम्मीद है।

*आयात निर्भरता घटाने में मदद मिलेगी : अदाणी समूह एसिटिलीन और कार्बाइड आधारित पीवीसी उत्पादन प्रक्रिया को लागू करना चाहता है। इसके लिए पर्यावरणीय मंजूरी और परियोजना स्थापित करने की सहमति पहले ही मिल चुकी है। भारत में पीवीसी की मौजूदा उच्च मांग और कम आपूर्ति को देखते हुए अदाणी की परियोजना से आपूर्ति के अंतर को कम करने और आयात निर्भरता घटाने में मदद मिलेगी।*

### दोनों एक-दूसरे के क्षेत्र से अलग काम करते रहे

अदाणी समूह समूह और मुकेश अंबानी की रिलायंस लंबे समय तक एक-दूसरे से अलग क्षेत्रों में काम करते रहे हैं। लेकिन पहले स्वच्छ ऊर्जा और अब पेट्रोरसायन ऐसे क्षेत्र होंगे, जहां वे एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं। सूत्रों ने कहा कि मांग में वृद्धि के आधार पर भविष्य में अदाणी के मुंद्रा संयंत्र की क्षमता 20 लाख टन सालाना तक बढ़ाई जा सकती है।

### परियोजना को वित्तपोषण एसबीआई कर रही

इस परियोजना का वित्तपोषण भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई वाले बैंकों के गठजोड़ द्वारा किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि अदाणी समूह को परियोजना के लिए 'फीडस्टॉक' हासिल करने का भरोसा है, क्योंकि समूह की पोर्टफोलियो कंपनियों के पास घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में व्यापार की विशेषज्ञता है।

# जून में इलेक्ट्रिक कार की बिक्री में बड़ा उछाल: रिपोर्ट



एजेंसी ▶▶| चेन्नई

इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री में जून माह में कई गुना की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जबकि परंपरागत ईंधन वाली यात्री कारों की बिक्री में इस दौरान कमजोर उपभोक्ता मांग के कारण गिरावट आई है। श्रीराम फाइनेंस के मोबिलिटी बुलेटिन में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट के निष्कर्षों में कहा गया है कि निजी क्षेत्र द्वारा बढ़ती भर्तियों के कारण जून, 2025 में ट्रक किराये में मजबूती बनी रही। इसी के अनुरूप विभिन्न मार्गों पर 18-टन पेलोड के लिए वापसी किराये में वृद्धि हुई, चाहे वह दिल्ली-मुंबई-दिल्ली हो यदिल्ली-हैदराबाद-दिल्ली। सालाना आधार पर, जून, 2025 में ट्रक किराये में पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि मई, 2025 की तुलना में इसमें 1.3 प्रतिशत वृद्धि हुई। जून, 2025 में इलेक्ट्रिक मोटर कार की बिक्री बढ़कर 9,804 इकाई हो गई, जो जून, 2024 में सिर्फ 717 इकाई थी।

### बिक्री में एक फीसदी की वृद्धि

शनिवार को जारी अध्ययन रिपोर्ट में कहा गया कि मासिक आधार पर, इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री मई, 2025 में बेची गई 9,693 इकाइयों से मामूली एक प्रतिशत बढ़कर 9,804 इकाई हो गई। श्रीराम फाइनेंस के प्रबंध निदेशक वाई एस चक्रवर्ती ने कहा, ''जून, 2025 में विभिन्न परिवहन और वाहन क्षेत्रों में आर्थिक गति में सकारात्मक बदलाव को रेखांकित किया गया है।

### ट्रक किराए में मासिक आधार पर वृद्धि

विनिर्माण गतिविधियां बहाल होने से ट्रक किराये में मासिक आधार पर अच्छी वृद्धि देखी गई। उन्होंने कहा कि ईंधन की खपत और फास्टैग संग्रह में थोड़ी गिरावट आई है, लेकिन सालाना आधार पर इसमें तेज वृद्धि संरचनात्मक सुधार और मौसमी परिवहन के रुझान को दर्शाती है।

# सोने की कीमतों में उतार-चढ़ाव का अनुमान

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- व्यापारियों को शुल्क मुद्दे पर निष्कर्ष की प्रतीक्षा
- निवेशकों की निगाह नौ जुलाई पर टिकी हुई

आने वाले सप्ताह में सोने की कीमतों में भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है, क्योंकि निवेशकों की नजर नौ जुलाई की महत्वपूर्ण शुल्क समयसीमा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व सहित प्रमुख केंद्रीय बैंकों के नीतिगत संकेतों और प्रमुख वैश्विक वृहद आर्थिक आंकड़ों पर है। विश्लेषकों ने यह कहा है। निकट भविष्य में सोने की कीमतों की दिशा को प्रभावित कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा कि व्यापारियों के किसी भी प्रमुख नीतिगत संकेत या भू-राजनीतिक घटनाक्रम से पहले सतर्क रहने की संभावना है। भारत सहित कई देशों से आयात पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए शुल्क पर 90-दिवसीय निलंबन की अवधि नौ जुलाई को समाप्त हो रही है, जिससे अमेरिका में प्रवेश करने वाले भारतीय सामानों पर 26 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगने का जोखिम फिर से बढ़ गया है। जेएम फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के जिंस एवं मुद्रा शोध के उपाध्यक्ष (ईबीजी) प्रणव मेर ने कहा, ''मुख्य केंद्रीय बैंकों, विशेषकर अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती, अमेरिका और उसके व्यापारिक साझेदारों के बीच व्यापार वार्ता के परिणाम और आगामी वैश्विक आर्थिक आंकड़ों पर नजर रहेगी। जो निकट भविष्य में सोने की कीमतों को प्रभावित कर सकते हैं।'' निवेशक यूएस फेड की एफओएमसी (फेडरल ओपन मार्केट कमेटी) की बैठक पर भी बारीकी से नजर रखेंगे। पिछले सप्ताह, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगस्त डिलीवरी के लिए कीमती धातु की कीमत 1,563 रुपये या 1.61 प्रतिशत बढ़ गई। वेंचुरा में जिंस डेस्क के प्रमुख एन एस रामास्वामी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने की कीमत फिलहाल 3,345 डॉलर प्रति औंस है और अमेरिका में मजबूत वृहद आर्थिक आंकड़ों के कारण बिकवाली का दबाव रह सकता है।

## एल्युमीनियम उत्पादन छह गुना करने दृष्टि पत्र जारी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने एक दृष्टि पत्र जारी किया जिसमें 2047 तक एल्युमीनियम उत्पादन को छह गुना बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। खान मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रेड्डी ने हैदराबाद में विश्व खनन कांग्रेस की भारतीय राष्ट्रीय समिति द्वारा आयोजित सम्मेलन में दृष्टि पत्र जारी किया। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन खदान बंद करने की सर्वोत्तम गतिविधियों के जरिये टिकाऊ और जवाबदेह खनन विषय पर आधारित था। कोयला और खान मंत्री ने इस मौके पर कहा कि यह दस्तावेज आत्मनिर्भर और संसाधन सुरक्षित भारत के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। दस्तावेज में 2047 तक एल्युमीनियम उत्पादन को छह गुना बढ़ाने के लिए एक रणनीतिक मसौदे की रूपरेखा दी गई है।

# इंडिगो अंतरराष्ट्रीय विस्तार को लेकर उत्साहित: सीईओ

एजेंसी ▶▶| एम्सटर्डम




- एयरलाइन यूरोप और उत्तरी अमेरिका के हिस्सों को जोड़ेगी
- इंडिगो की घरेलू बाजार में 64 प्रतिशत की हिस्सेदारी

अंतरराष्ट्रीय विस्तार पर जोर देते हुए एयरलाइन इंडिगो के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पीटर एल्बर्स ने कहा कि एम्सटर्डम यूरोप और उत्तरी अमेरिका के बाकी हिस्सों को जोड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान होगा।

इंडिगो भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है, जिसकी घरेलू बाजार में 64 प्रतिशत हिस्सेदारी है। वह नए मार्गों और साझेदारियों के साथ तेजी से अपनी विदेशी पहुंच को बढ़ा रही है। इंडिगो ने यूरोप में प्रवेश करते हुए इस सप्ताह मुंबई से मैनचेस्टर और एम्सटर्डम के लिए सीधी सेवाएं शुरू कीं। एल्बर्स ने इन पेशकश को एक महत्वपूर्ण अवसर बताया।

एल्बर्स ने कहा, ''मुझे लगता है कि अब यूरोप में प्रवेश करने का वक्त है। यह बदलाव सिर्फ दो नए गंतव्यों से कहीं अधिक गहरा है। यह उत्पाद का बदलाव है। यह कुछ साझेदारियों में बदलाव है। यह प्रोफाइल का बदलाव है।उन्होंने कहा, ''400 से ज्यादा विमानों के बेड़े के साथ, इंडिगो 90 से ज्यादा घरेलू और 40 विदेशी गंतव्यों के लिए उड़ान भरती है। एल्बर्स ने कहा कि एम्स्टर्डम हवाई अड्डा संपर्क के लिए बहुत बढ़िया है और यह निश्चित रूप से यहां से यूरोप और उत्तरी अमेरिका के बाकी हिस्सों से जुड़ने के लिए एक महत्वपूर्ण बिंदु बन जाएगा। एयरलाइन की योजना मार्च 2026 को समाप्त होने वाले चालू वित्त वर्ष में अपने नेटवर्क में 10 नए अंतरराष्ट्रीय गंतव्य जोड़ने की है।

### मैनचेस्टर के लिए हमारे पास उत्पाद

एल्बर्स ने लंबी दूरी की सेवाओं में जाने के लिए आंतरिक बदलावों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि इंडिगो के पास शुरू से ही एक स्पष्ट उत्पाद था। उन्होंने आगे कहा, ''हमने अब जो किया है, वह यह कि हमने अपने द्वारा संचालित मार्गों के आधार पर उत्पादों के समूह बनाए हैं। इसलिए मैनचेस्टर पर हमारे पास जो उत्पाद है, हम उसका उपयोग लंदन या कोपेनहेगन के लिए भी कर सकते हैं।''

# हिंदुस्तान कॉपर को उत्पादन बढ़ाने चिली से मदद की उम्मीद

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल) वैश्विक सहयोग के माध्यम से तांबे की खोज और उत्पादन पर ध्यान केंद्रित कर रही है, क्योंकि वह अपनी खनन क्षमता को 34.7 लाख टन से बढ़ाकर वित्त वर्ष 2030-31 तक 1.2 करोड़ टन सालाना करना चाहती है।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि कोलकाता स्थित सार्वजनिक क्षेत्र की इस कंपनी ने उत्पादन बढ़ाने के लिए तकनीकी ताकत बढ़ाने के लिए चिली की कोडेल्को के साथ साझेदारी की है। एचसीएल के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) संजीव कुमार सिंह ने कहा, ''हमने तकनीकी ताकत बढ़ाने और गहन खनिजीकरण की खोज के लिए कोडेल्को के साथ रणनीतिक साझेदारी की है। कोडेल्को के प्रतिनिधियों का हमारे प्रमुख खनन स्थलों का दौरा हमारी क्षमताओं को उन्नत करने के प्रयासों का हिस्सा है।''

चिली की प्रमुख तांबा कंपनी के विशेषज्ञों का तीन सप्ताह का दौरा चल रहा है, जिसके दौरान टीम विभिन्न खनन और परिचालन पहलुओं का आकलन करने के लिए देश भर में एचसीएल की सभी इकाइयों और कार्यालयों का दौरा कर रही है। यह घटनाक्रम पिछले दिसंबर में प्रस्तुत अपनी निष्पादन लेखापरीक्षा रिपोर्ट में नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की तीखी आलोचना के बीच हुआ है। वित्त वर्ष 2016-17 और 2021-22 के बीच की अवधि को कवर करते हुए, रिपोर्ट ने कम उत्पादन वृद्धि के लिए योजना, ठेकेदार चयन और कार्यान्वयन में गंभीर खामियों को चिह्नित किया, जिसमें एचएएल के लिए प्रमुख पहल मलांजखंड भूमिगत विकास परियोजना भी शामिल है।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड परासिया**

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्युरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है।
**कार्य का नाम-** छिन्दवाडा जिले के खंड परासिया के विकासखण्ड परासिया, तामिया, अमरवाड़ा, हर्रई एवं जामई के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रोफिटिंग एवं नवीन नलजल योजनाओं मे आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी एवं सम्पवेल का निर्माण, सबमर्सिबल पम्पसेट प्रदाय, ब्रिक मेशोनरी वाल्व चेम्बर्स, पम्प हाउस, विभिन्न व्यास एवं प्रकार के राइजिंग मेन एवं डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम के पाईप लाईन बिछाने एवं जोड़ने हेतु पाईप्स व स्पेशल्स तथा शतप्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन, योजना के विद्युतिकरण सहित समस्त सामग्री प्रदाय कार्य, साथ ही 90 दिन ट्रायलरन एवं कमिशनिंग सहित कार्य ।(बी.ओ. क्यू. के अनुसार)

| ई- टेण्डर आई.डी.क्र. | विकास खण्ड | निविदा क्रमांक एवं जारी दिनांक | अनुमानित लागत (रू. लाख) में | अमानत राशि रुपए | निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपए | बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | बिड ओपन करने की तिथि व समय | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2025_PHED _433528_1 | Jamai | 20/2025-26 Dt. 27/06/25 | 79.74 | 79740 | 10000 | 07/07/2025 5:30PM | 08/07/2025 5:30PM | लोक निर्माण विभाग म.प्र. में नवीन केन्द्रीयकृत पद्धति पर सक्षम श्रेणी में पंजीकृत | 180 दिन |
| 2025_PHED _433762_1 | Amar-wara | 22/2025-26 Dt. 28/06/25 | 375.98 | 375980 | 15000 | 14/07/2025 5:30PM | 15/07/2025 5:30PM | | 180 दिन |
| 2025_PHED _433777_1 | Amar-wara | 23/2025-26 Dt. 28/06/25 | 426.55 | 426550 | 15000 | 14/07/2025 5:30PM | 15/07/2025 5:30PM | | 180 दिन |
| 2025_PHED _434060_1 | Harrai | 24/2025-26 Dt. 30/06/25 | 419.47 | 419470 | 15000 | 14/07/2025 5:30PM | 15/07/2025 5:30PM | | 180 दिन |
| 2025_PHED _434096_1 | Tamia | 25/2025-26 Dt. 30/06/25 | 218.54 | 218540 | 15000 | 14/07/2025 5:30PM | 15/07/2025 5:30PM | | 180 दिन |
| 2025_PHED _434114_1 | Tamia | 26/2025-26 Dt. 30/06/25 | 338.95 | 338950 | 15000 | 14/07/2025 5:30PM | 15/07/2025 5:30PM | | 180 दिन |
| 2025_PHED _434169_1 | Tamia | 27/2025-26 Dt. 01/07/25 | 344.62 | 344620 | 15000 | 14/07/2025 5:30PM | 15/07/2025 5:30PM | | 180 दिन |
| 2025_PHED _434176_1 | Parasia | 28/2025-26 Dt. 01/07/25 | 180.98 | 180980 | 12500 | 14/07/2025 5:30PM | 15/07/2025 5:30PM | | 180 दिन |
| 2025_PHED _434335_1 | Harrai | 29/2025-26 Dt. 01/07/25 | 129.85 | 129850 | 12500 | 14/07/2025 5:30PM | 15/07/2025 5:30PM | | 180 दिन |
| 2025_PHED _434353_1 | Amar-wara | 30/2025-26 Dt. 01/07/25 | 375.84 | 375840 | 15000 | 14/07/2025 5:30PM | 15/07/2025 5:30PM | | 180 दिन |

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश-कार्ड, ए.टी.एम. कम डेबिट कार्ड अथवा इन्टरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त बेवसाइड पर भुगतान कर केवल ऑनलाईन पर ही कय किए जा सकते है। विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित बेवसाईड पर देखी जा सकती है।

सदस्य सचिव
G-15229/25 जिला जल एवं स्वछता मिशन तथा कार्यपालन यंत्री, लो.स्वा.यां.वि. खण्ड परासिया (म. प्र.)

**कार्यालय वनमण्डलाधिकारी दमोह वनमण्डल दमोह (म.प्र.)**
पता- कमला नेहरू गर्ल्स कॉलेज के पास, सिविल वार्ड नं-4, जिला दमोह (म.प्र.) पिन - 470661 ई-मेल - dfotdmoh@mp.gov.in फोन नं. 07812-222541 फेक्स - 227205

क्रमांक/राजस्व/ 3411 विज्ञप्ति सूचना दमोह, दिनांक 30-6-2025

**वनोपज के घोष विक्रय की सूचना नीलाम दिनांक 30.07.2025 ( तीस जुलाई दो हजार पच्चीस)**
**काष्ठागार तेन्दूखेड़ा वनमंडल दमोह**

| वनमण्डल का नाम/ दूरभाष क्रमांक | काष्ठागार का नाम तथा दूरभाष क्रमांक | नीलाम दिनांक | वनोपज का प्रकार | सागौन काष्ठ अनुमानित मात्रा | | अन्य काष्ठ अनुमानित मात्रा | | जलाऊ चट्टा अनुमानित मात्रा वि.ई./नग में | औद्योगिक बांस अनुमानित मात्रा वि.ई./नग में | व्यापारिक बांस अनुमानित मात्रा वि.ई./नग में | कटंग बांस अनुमानित मात्रा नग में | अन्य सामग्री | अवरोध मूल्य लाख रूपयों में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/ डेंगरी नग में | लट्ठा घ.मी. | बल्ली/ डेंगरी नग में | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 |
| दमोह 07812-222541 | तेन्दुखेड़ा | 30/07/2025 | नया | 6.000 घ.मी. | 50 | 0 | 0 | 0 | - | - | - | | 80 लाख |
| दमोह 07812-222541 | तेन्दुखेड़ा | 30/07/2025 | पुराना | 174.033 घ.मी. | 6048 | 0.889 घ.मी. | 166 | 12.75 चट्टा | - | - | - | - | |

G-15222/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"
वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल (सा.) दमोह (म. प्र.)

## चिंतन

# ट्रंप से अदावत में अरबपति मस्क का राजनीतिक उदय

दोस्ती की बुनियाद अगर स्वार्थ और अहं पर टिकी हो तो इसे अदावत में बदलते देर नहीं लगती है। अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप और एलॉन मस्क की दोस्ती भी कुछ ऐसी ही साबित हुई है, जो अब टकराव में बदल गई है। राष्ट्रपति ट्रंप के बर्ताव व फैसले से खिन्न एलॉन मस्क सियासी पिच पर कूद गए हैं। उन्होंने अमेरिका में नई राजनीतिक पार्टी 'अमेरिका पार्टी'की घोषणा की है। मस्क ने अपनी पार्टी के उद्देश्य को लेकर कहा है कि दो-दलीय व्यवस्था को खत्म कर जनता की आवाज़ को मजबूती देना है। अमेरिका में अरबपति व्यवसायी एलॉन मस्क का यह राजनीतिक उदय है। पिछले राष्ट्रपति चुनाव में जब ट्रंप अपना राजनीतिक अभियान चला रहे थे तो मशहूर एलॉन मस्क ट्रंप के सारथी की भूमिका निभा रहे थे। ट्रंप ने अपने चुनावी कैंपेन में मस्क का भरपूर सहयोग लिया, साधन से भी और धन से भी। राष्ट्रपति बनने के बाद ट्रंप ने रिटर्न गिफ्ट के तौर पर मस्क को अमेरिकी सरकार में शामिल भी किया और सरकारी दक्षता विभाग का प्रमुख बना कर प्रशासनिक सुधार जैसी अहम जिम्मेदारी भी दी। मस्क की दिक्कत है कि वे एक अच्छे बिजनेसमैन हैं, स्टेट्समैन नहीं हैं। इसलिए उनके लिए ट्रंप के सभी फैसलों को राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में समझना आसान नहीं है। ट्रंप के महत्वाकांक्षी बिग ब्यूटीफुल बिल पर मस्क इतने खफा हुए कि वे ट्रंप सरकार से बाहर हो गए। बहरहाल, मस्क ने नई पार्टी बना कर अमेरिकी राजनीति में एक नए विकल्प का द्वार खोल दिया है। सवाल यह भी है कि दो दलीय अमेरिकी राजनीति में क्या किसी तीसरे दल की स्वीकार्यता होगी? अमेरिका के संविधान के अनुच्छेद II, खंड 1 के मुताबिक, अमेरिका में जन्म लेने वाले नागरिक ही अमेरिका के राष्ट्रपति बन सकते हैं। मस्क ने खुद सार्वजनिक रूप से बयां की है कि उनका जन्म अमेरिका में नहीं, वरन दक्षिण अफ्रीका में हुआ है। इस नियम के अनुसार वे खुद राष्ट्रपति तो नहीं बन सकते हैं, जब तक कि संविधान में संशोधन कर इस प्रावधान में बदलाव न किया जाए। मस्क अपनी किसी पत्नी या संतान या अपने किसी चहेते को राष्ट्रपति बनवा सकते हैं और वे अपनी पार्टी के जरिये ट्रंप की पार्टी की राह जरूर मुश्किल कर सकते हैं। ट्रंप मस्क को उनकी कंपनियों की सब्सिडी बंद करने व दक्षिण अफ्रीका भेजने की धमकी भी दे चुके हैं। राजनीति की शुरुआत अगर सकारात्मक मंशा से हो तो उसका परिणाम भी अच्छा होता है, लेकिन अगर शत्रुता या बदले की भावना से हो तो अच्छे परिणाम की उम्मीद कम रहती है। यूं भी अमेरिकी राजनीतिक व्यवस्था में किसी तीसरे दल का भविष्य कभी लंबा नहीं रहा है। अनेक बार नई पार्टी सियासी मैदान में आई है, मगर केंद्रीय सत्ता का अंग नहीं बन सकी है। अमेरिकी जनमानस रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी के बीच ही घूमते रहे हैं। अतीत में, लिबरटेरियन, एलायंस, ग्रीन, बुल मूस, रिफॉर्म पार्टी, सोशलिस्ट, किसान-मजदूर, विस्कॉन्सिन प्रोग्रेसिव, कंज़र्वेटिव, पॉपुलिस्ट, नेचुरल लॉ, पीस एंड फ्रीडम, अमेरिकन इंडिपेंडेंट, डिक्सीक्रेट स्टेट्स राइट्स आदि पार्टियां अस्तित्व में आईं, लेकिन कोई भी पार्टी अमेरिकी राजनीति में तीसरा विकल्प नहीं बन सकी। अब मस्क ने अमेरिकी राजनीति को बदलने के वास्ते तीसरा विकल्प बनने के लिए नई पार्टी बनाई है, यह कदम ठहरी हुई अमेरिकी राजनीति में एक कंकड़ जरूर है, लेकिन इस नए दल का राजनीतिक भविष्य अभी भविष्य के गर्त में है। मध्य टर्म और वर्ष 2028 के राष्ट्रपति चुनाव में अमेरिकन पार्टी की असली परीक्षा होगी।

## जाति का मुद्दा
डॉ. चन्द्र त्रिखा



# सनातन की मर्यादा को तोड़ते कथावाचक विवाद

किसी भी विषय को लेकर विवादों का सिलसिला धीरे-धीरे हमारे देश में 'राष्ट्रीय हॉबी' बनता जा रहा है। कई बार ऐसा भी लगता है कि देश के कुछ मीडिया-संस्थान व कुछ 'बैठे ठाले' नेतागण, विवादों का उत्पादन करने में ही व्यस्त रहते हैं। 'विवादों' के सिलसिले धीरे-धीरे एक धंधा बनते जा रहे हैं। नया विवाद कथावाचन पर है। इन दिनों 'कथावाचन' ज्ञान-प्राप्ति का साधन मात्र नहीं रहा। कुछेक कथावाचकों का तो शुल्क ही 12 लाख से 20 लाख रुपये तक तय है। मगर इस शुल्क के साथ जाति का सवाल पहले नहीं था। चलिए थोड़ा सा कथावाचन की परंपरा पर भी दृष्टि डाल लेते हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार भारतीय परिवेश में महर्षि वेद व्यास पहले कथावाचक थे। उन्हें ही महाभारत और श्रीमद्भागवत का रचनाकार माना जाता है। मान्यता यही है कि संसार में सबसे पहले गणेश जी ने कथा सुनी थी और उसे लिपिबद्ध भी किया था। उन्हें ब्रह्माजी के आदेश पर महर्षि वेद व्यास ने कथा सुनाई थी। वैसे पौराणिक कला में ऋषि-मुनि अपने आश्रमों में या वनों में अपने शिष्यों को कथा सुनाते थे। तब कथा का उद्देश्य 'लोक कल्याण' होता था। उसके लिए ऋषि-मुनि कोई शुल्क भी नहीं लेते थे। अब कथावाचन 'इवेंट मैनेजमेंट' का एक विषय है। भव्य मंडप सजते हैं। कथावाचकों के शुल्क इन 'इवेंट्स' के बजट का मुख्य भाग होते हैं। इस समय पूर्व राजनीतिज्ञ कुमार विश्वास सबसे महंगे कथावाचक माने जाते हैं। अन्य चर्चित एवं महंगे कथावाचकों में स्वामी अवधेशानन्द जी, बागेश्वर-धाम के बाबा धीरेंद्र कुमार शास्त्री, पंडित देवकीनंदन कुमार, आचार्य अनिरुद्धाचार्य, मोरारी बापू, भोले बाबा उर्फ नारायण साकार, जया किशोरी, बाबा रामदेव, देवी चित्रलेखा, आदि का नाम शामिल है। अब थोड़ी चर्चा 'व्यास पीठ' के बारे में भी। यह पीठ उत्तरप्रदेश के सीतापुर जिले में नैमिषारण्य तीर्थ पर स्थित है। यहीं पर महर्षि वेद व्यास ने महाभारत की रचना की थी। वहीं व्यास को समर्पित एक मंदिर भी है। हाल ही का विवाद कथावाचकों की जाति को लेकर आरंभ हुआ है। इस समय में इटावा के कथावाचकों के मामले में उत्पन्न विवाद मीडिया में भी और राजनीतिक दलों में भी चर्चा एवं आरोपों-प्रत्यारोपों तक जा पहुंचा है। इटावा में यादव जाति से आने वाले आचार्य मुकुट मणि यादव और संत सिंह यादव का आरोप है कि उनके ब्राह्मण यजमान ने जाति के आधार पर उनसे मारपीट की। तब से यह बहस जारी है कि कथावाचन का अधिकार किसे है। काशी की विद्वत परिषद सरीखी संस्था का कहना है कि भागवत कथा सुनने, सुनाने का अधिकार सभी हिन्दुओं को है, जबकि इन दिनों खबरों में छाए शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का कहना है कि 'सभी जातियों को कथा सुनाने का अधिकार केवल ब्राह्मणों के पास है मगर किसी भी जाति का व्यक्ति अपनी जाति के लोगों को भागवत कथा सुना सकता है।' अब इस विवाद में समाजवादी पार्टी के नेतागण भी सक्रिय हो गए हैं।

राजनीति की रोटियां सेंकने की तैयारी भी पूर्ण है। कुछेक कथावाचक यादव हैं तो कुछेक दलित भी। अधिक छानबीन चली तो हो सकता है एकाध मुस्लिम भी नाम बदलकर इस सूची में शामिल दिखे। मगर यह तो तय है कि कभी कांवड़-यात्रा को लेकर तो कभी धर्म-परिवर्तन को लेकर विवादों के बवंडर उठते रहते हैं। अगले चुनावों में इनमें से कुछ कथावाचकों को चुनाव-प्रचार में उतारने की योजनाएं भी चल रही हैं। कोई बड़ी बात नहीं कि कुछेक कथावाचकों को चुनावी मैदान में प्रत्याशी के रूप में भी उतार दिया जाए। वैसे यह तथ्य भी कम दिलचस्प नहीं कि कुछ कथावाचकों के अपने इलेक्ट्रॉनिक चैनल भी हैं। उन चैनलों पर कथावाचन के लिए प्रायोजक भी मिल जाते हैं और विज्ञापनदाता भी। कुछेक धार्मिक चैनलों को तो कुछ राज्य सरकारें भी संरक्षण व प्रोत्साहन देती हैं। ऐसा भी नहीं कि कथावाचन की परंपरा केवल सनातन धर्म तक ही सीमित है। इस सूची में सभी पंथों के धर्माचार्य शामिल हैं। जैन धर्म, बुद्ध धर्म, ब्रह्मकुमारी विश्वविद्यालय, योग, ज्योतिष, तंत्र विद्या आदि से जुड़े कथावाचक भी हैं। पहले पहल साहित्य, कविगोष्ठी, कवि-सम्मेलन आदि के कार्यक्रम एवं 'स्लॉट' भी चले थे, लेकिन ज्यादा भाव नहीं मिल पाया। विवादों की उम्र ज्यादा नहीं होती। इस विवाद को अगले किसी विवाद के लिए स्थान खाली करना होता है। मगर इन विवादों का सबसे बड़ा अनुभव यह रहा है कि सुरूचिपूर्ण धारावाहिकों एवं कला-संगीत आदि से जुड़े कार्यक्रम हाशिए पर सरक चले हैं। सुरूचि का ना तो कोई वोट बैंक है, न उपयोगिता। अब हर तत्व, हर गतिविधि का चलन उपयोगिता से जुड़ चला है। चलिए प्रार्थना करें कि विवादों का धंधा सुरूचिपूर्ण ढंग से तो चले।

(लेखक वरिष्ठ साहियकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## राजनीति
उमेश चतुर्वेदी

# हिंदी विरोध के जरिए राष्ट्रीय मानस पर चोट

**महाराष्ट्र की धरती पर हिंदी भाषियों को अपमानित करने में राजनीति के दो चेहरे साफ नजर आ रहे हैं। एक तरफ अपमानित करने वाली शिवसेना और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना यानी मनसे है तो दूसरी तरफ राज्य की सत्ता है। हिंदी भाषियों को अपमानित करने वाली राजनीति का मकसद हिंदी विरोध पर मराठी मानुष की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए अपना वोट बैंक मजबूत करना है तो दूसरी तरफ सत्ता और विपक्ष के एक हिस्से की राजनीति है, जो अपमानित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई इस डर से नहीं कर रही कि कहीं इससे मराठी मानुष की धारणा कमजोर ना हो जाए और उसके जरिए उसका अपना समर्थक आधार ना खिसक जाए।**

इसे राजनीतिक विद्रूप ही कहेंगे कि हिंदी को राजभाषा बनाने का विचार देने वाली मराठी माटी पर ही हिंदी भाषियों को अपमानित किया जा रहा है। महाराष्ट्र की धरती पर हिंदी भाषियों को अपमानित करने में राजनीति के दो चेहरे साफ नजर आ रहे हैं। एक तरफ अपमानित करने वाली शिवसेना और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना यानी मनसे है तो दूसरी तरफ राज्य की सत्ता है। हिंदी भाषियों को अपमानित करने वाली राजनीति का मकसद हिंदी विरोध पर मराठी मानुष की अवधारणा को आगे बढ़ाते हुए अपना वोट बैंक मजबूत करना है तो दूसरी तरफ सत्ता और विपक्ष के एक हिस्से की राजनीति है, जो अपमानित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई इस डर से नहीं कर रही कि कहीं इससे मराठी मानुष की धारणा कमजोर ना हो जाए और उसके जरिए उसका अपना समर्थक आधार ना खिसक जाए। राजनीति की इस चक्करघिन्नी में निम्न मध्यवर्गीय या हाशिये वाला हिंदीभाषी समुदाय ही पिस रहा है। उसका अपराध यह है कि वह महाराष्ट्र में रहते हुए मराठी ना बोलकर हिंदी बोल रहा है।

हिंदी बोलने के लिए हिंदी भाषियों को प्रताड़ित करने वाली राजनीति का अतीत भी ऐसा ही रहा है। शिवसेना का उभार पिछली सदी के साठ के आखिरी वर्षों में मुंबई में मलयालम बोलने वालों को खिलाफ आंदोलन के बाद हुआ। मनसे के कार्यकर्ता 2008-09 के दौरान तो केंद्रीय नौकरियों के लिए मुंबई में परीक्षाएं देने आए उत्तर भारतीय विशेषकर उत्तर प्रदेश-बिहार के छात्रों को खुलेआम पिटते रहे। उस समय की राज्य सरकार ने इस बदसलूकी के खिलाफ प्रभावी कदम उठाने से बचती रही थी और आज की सरकार का भी कुछ वैसा ही रवैया है। मराठी मानुष का बोध महाराष्ट्र में इतना गहरा है कि सरकारें चाहें जिस भी दल की हो, इस मसले पर तकरीबन एक जैसा रुख अपनाने से परहेज नहीं करतीं। भारत की संपर्क भाषा और राजभाषा के रूप में हिंदी को स्थापित करने का विचार देने में महाराष्ट्र की हस्तियों का बड़ा योगदान रहा है। लोकमान्य तिलक ने बंग-भंग के वक्त 1905 में वाराणसी की यात्रा की थी। वहां उन्होंने नागरी प्रचारिणी सभा के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जो कहा था, उसे महाराष्ट्र की हिंदी विरोधी राजनीति को जानना चाहिए। तिलक ने कहा था, 'निःसंदेह हिंदी ही देश की संपर्क और राजभाषा हो सकती है। लोकमान्य अकेले मराठी मानुष नहीं हैं, जिन्होंने हिंदी को लेकर यह विचार दिया। 1960 से पहले आज का गुजरात राज्य भी महाराष्ट्र का ही हिस्सा था। 1880 में गुजराती कवि नर्मदाशंकर दवे उर्फ नर्मद कवि ने लोकमान्य से करीब चौथाई सदी पहले हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में आगे लाने का सुझाव दिया था। हिंदी को स्थापित करने की महात्मा गांधी की कोशिशों से भला कौन इनकार कर सकता है। 1918 में इंदौर के हिंदी साहित्य सम्मेलन को हर हिंदी प्रेमी जानता है, लेकिन बहुत कम लोगों को पता है कि गांधी जी ने 1917 में भरूच में आयोजित गुजरात शैक्षिक सम्मेलन में पहली बार सार्वजनिक तौर पर हिंदी की ताकत को स्वीकार किया था। उन्होंने कहा था, 'भारतीय भाषाओं में केवल हिन्दी ही एक ऐसी भाषा है जिसे राष्ट्रभाषा के रूप में अपनाया जा सकता है।' हिंदी के प्रचार को राष्ट्रीय कार्यक्रम मानने वाले काका कालेलकर भी मराठी भाषी



ही थे। सतारा में जन्मे कालेलकर ने 1938 में कहा था, 'राष्ट्रभाषा प्रचार हमारा राष्ट्रीय कर्म है।' रचनात्मक आंदोलनकारी और गांधी जी के शिष्य विनोबा भी ताजिंदगी हिंदी के संघर्षरत रहे। उन्होंने हर भारतीय भाषा को एक-दूसरे के करीब लाने के लिए अनूठा सुझाव दिया था। उन्होंने हर भाषा से नागरी लिपि अपनाने का सुझाव दिया था। सिर्फ राजनीति ही नहीं, पत्रकारिता जगत की मराठी भाषी हस्तियों ने भी हिंदी को स्थापित करने में रचनात्मक भूमिका निभाई है और साहस दिखाया है। हिंदी पत्रकारिता आज जिस मुकाम पर है, उसमें बड़ा योगदान मराठी भाषी पत्रकारों और लेखकों का भी है। माधव राव सप्रे, बाबूराव विष्णुराव पराड़कर, रामकृष्ण खाडिलकर, लक्ष्मण नारायण गर्दे जैसे पत्रकारों ने हिंदी को नई शैली में गढ़ा, उसके शब्द गढ़े, और उसे ऊंचाई दी। हिंदी इन मराठी भाषी महात्मनों की शुक्रगुजार है। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई से निकले धर्मयुग ने दशकों तक हिंदीभाषी पाठकों के दिलों पर राज किया। ऐसे महाराष्ट्र की धरती पर अगर हिंदी बोलने वालों का अपमान होना दुखद ही कहा जाएगा। हिंदी विरोध की ग्रंथि तमिलनाडु में आजादी के पहले से ही रही है, जिसका संक्रमण कर्नाटक तक पहुंचा है। कर्नाटक रक्षण वेदिके ने 2017 में हिंदी बेड़ा अभियान यानी हिंदी विरोधी अभियान चलाया। साल 2019 में हिंदी दिवस न मनाने के लिए भी राज्य में अभियान चला। शुरू में इन विरोध प्रदर्शनों को बड़ा समर्थन नहीं मिला। राजनीति और मीडिया के हलकों में इसकी सुरसुरी दिखी। ऐसे आंदोलनों का असर बाद में पता चलता है। जब विरोध की वैचारिकी के असर में जमीनी स्तर की सोच बदलने लगती है। एक राष्ट्रीयकृत बैंक की स्थानीय शाखा के प्रबंधक से जबरदस्ती हिंदी बोलने के लिए हुज्जत करने का दृश्य हो या फिर किसी ऑटो वाले का किसी हिंदी भाषी लड़की को थप्पड़ मारना, कर्नाटक में हिंदी विरोधी आंदोलन की जमीनी परिणति ही कहा जाएगा। निजाम का शासन कर्नाटक के उत्तरी हिस्से में रहा। दिल्ली सल्तनत के बादशाह मोहम्मद तुगलक ने 1327 ईस्वी में दिल्ली से महाराष्ट्र के दौलताबाद में अपनी राजधानी लेकर गया था, जिसे आज का महाराष्ट्र देवगिरि के नाम से जानता है। उसके साथ भी हिंदी वहां तक पहुंची थी। महाराष्ट्र का विदर्भ इलाका राज्य पुनर्गठन से पहले मध्य प्रांत और बरार का हिस्सा रहा। इस वजह से विदर्भ भी मोटे तौर पर हिंदी के प्रभाव वाला राज्य है। शायद यही वजह रहा कि महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर विवाद नहीं रहा। विवाद की वजह अब मनसे और शिवसेना की राजनीति बनी है। इसका कारण नई शिक्षा नीति का वह प्रावधान है, जिसके तहत प्राथमिक स्तर पर भारतीय भाषायों के जरिए शिक्षा देने का प्रावधान है। जब प्राथमिक स्तर पर हिंदी में पढ़ाई कराने का आदेश आया तो राज्य की राजनीति में अपनी जगह खोज रहे शिवसेना-उद्धव और मनसे को हिंदी विरोध में ही अपना भविष्य नजर आया। एकनाथ शिंदे के अलग होने के बाद से शिवसेना-उद्धव भी परेशान है और शिवसेना से अलग होने के बाद से मनसे प्रमुख राज ठाकरे अपना राजनीतिक वजूद की खोज में हैं। दिलचस्प यह भी है कि अतीत में सत्ता और उत्तराधिकार के चलते अलग राह चुनने वाले दोनों चचेरे भाई उद्धव और राज एक कश्ती पर सवार होने की तैयारी में हैं और उसके लिए उन्होंने हिंदी विरोध की नाव तैयार की है। हिंदी को संपर्क भाषा इसलिए स्वीकार किया गया, क्योंकि वह देश को जोड़ने की कुव्वत रखती है। जबकि आज की राजनीति अपनी स्थानीय भाषाओं के नाम पर जिस भावना को फैला रही है, उससे देश का मानस बंटेगा..मानस बंटेगा तो देश में विघटन की प्रक्रिया को बढ़ावा मिल सकता है। राजनीति चाहे जिस पक्ष की हो, उसे इस नजरिए से हिंदी के विरोध को देखना होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# प्रसन्नता बन जाए परमात्मा



संकलित
## दर्शन

व्यक्ति का चित्त प्रसन्न रहे तो परमात्मा के दर्शन हो जाएं। यह प्रसन्नता ही परमात्मा बन जाए। मगर आज के भागदौड़ भरे और तनाव के दौर में यह प्रसन्नता आए कैसे? तमाम लोग पैसा कमाने की भागदौड़ में लगे हैं। कोई भी ग्रंथ हो, धर्म हो, अध्यात्म हो, पैसा कमाने के लिए मना नहीं करता, लेकिन धन कमाते हुए भी यदि प्रसन्नता नहीं है तो कहीं पर ठहर कर कुछ विचार तो करना ही चाहिए। कथाओं में एक बात मैं अक्सर कहता रहता हूं। हमारे ग्रंथों में अपनी कुल आय का दशांश निकालने पर बल दिया गया। दशांश यानी जो भी आप महीने में कमा रहे हैं, उसका दस प्रतिशत हिस्सा समाज के लिए, जरूरतमंद लोगों के लिए खर्च किया जाना चाहिए। आप दो लाख रुपये कमा रहे हैं तो 20 हजार निकाल दें। आपको लगता है कि 20 हज़ार ज्यादा हैं, आप नहीं निकाल पाएंगे तो एक लाख ही कमाएं। फिर दस हजार ही निकालने होंगे। आपाधापी में लोग प्रसन्न रहना तो जैसे भूलते जा रहे हैं। अध्यात्म में प्रसन्न रहने का बहुत महत्व बताया गया है। हर व्यक्ति को प्रसन्न रहना चाहिए, क्योंकि प्रसन्नता परमात्मा तक पहुंचने का द्वार है। हमें प्रसन्न रहते हुए स्वयं की खोज करनी चाहिए। हम दूसरों को ढूंढ़ने और उनमें कमियां व खूबियाँ खोजने में लगे रहते हैं। एक नजर हमें खुद पर भी डालनी चाहिए। व्यक्ति स्वयं की खोज करें, समाज की सेवा करे और परमात्मा से प्रेम करे, उसका भजन करें, आज के समय में प्रसन्न रहने के लिए यह पर्याप्त है। बहुत ज्यादा साधनों में उलझने की आवश्यकता नहीं है।

# गुरु की कृपा से असंभव काम पूरे हो पाते हैं



संकलित
## प्रेरणा

महाभारत और श्रीमद् भागवद् कथा के रचियता महर्षि वेदव्यास भगवान विष्णु के अवतार माने गए हैं। इनका पूरा नाम कृष्णद्वैपायन था। इन्होंने ही वेदों का संपादन किया। इसलिए इनका नाम वेदव्यास पड़ा। इनके पिता महर्षि पाराशर और माता सत्यवती थीं। पैल, जैमिन, वैशम्पायन, सुमन्तु मुनि, रोमहर्षण आदि महर्षि वेदव्यास के महान शिष्य थे। एक बार महर्षि वेदव्यास हस्तिनापुर गए। उस समय गांधारी और धृतराष्ट्र ने उनकी बहुत सेवा की थी। उनकी सेवा से प्रसन्न होकर महर्षि ने सौ पुत्रों की माता होने का वरदान गांधारी को दिया था। कुछ समय बाद जब गांधारी गर्भवती हुईं। जब संतान के जन्म का समय आया तो संतान की जगह एक मांस पिंड प्रकट हुआ। जब ये बात वेदव्यास जी को मालूम हुई तो वे तुरंत गांधारी के पास पहुंचे। वेद व्यास जी ने अपनी विद्या से उस मांस पिंड से सौ पुत्र बना दिए। गुरु की कृपा से गांधारी सौ पुत्रों की माता बन गई। महर्षि के आशीर्वाद से ही गांधारी को सौ पुत्र हुए जो आगे जाकर कौरव कहलाए। जिनके सेनापति दुर्याधन हुए। महाभारत के युद्ध में दुर्याधन ने ही कौरव सेना की कमान संभाली थी। गुरु की कृपा हो जाती है तो असंभव काम भी पूरा हो जाता है। इसी लिए हम गुरु की आराधना सच्चे मन से करनी चाहिए ताकि उसका फल हमें मिले। कहा गया है की बिना गुरु ज्ञान अधूरा है। गुरु ही हमारा विपत्ति के समय मार्ग दर्शन करते हैं।

## सटाका




## आज की पाती

### मिलावट : मुंह में नहीं, जमीर में घुला जहर

मिलावट अब केवल खाने-पीने तक सीमित नहीं रही, यह हमारे सोच, संबंध और व्यवस्था तक में घुल चुकी है। मूंगफली में पत्थर हो या दूध में डिटर्जेंट, यह मुनाफाखोरी की संस्कृति का विस्तार है। उपभोक्ता की चुप्पी, सरकार की ढील और समाज की 'चलता है' मानसिकता ने इसे स्वीकार्य बना दिया है। मिलावट एक नैतिक संकट है, जो धीरे-धीरे शरीर ही नहीं, आत्मा को भी बीमार कर रहा है। जब तक ईमानदारी को समर्थन और सच्चाई को स्पेस नहीं मिलेगा, तब तक हर दाना शक के दायरे में रहेगा और हर निवाला जहर जैसा लगेगा। आज जो सबसे बड़ी मिलावट हो रही है, वह हमारी सोच, जमीर और व्यवस्था में हो रही है। हर उत्पाद के साथ-साथ संवेदनाएं, ईमानदारी व नैतिकता भी प्रदूषित हो रही हैं।

*- प्रतीक केशरवानी, भाटापारा*

## ट्रेंड

### हार्दिक शुभकामनाएं



मैं 1.4 अरब भारतीयों के साथ मिलकर परम पावन दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं देता हूं। उनके संदेश ने सभी धर्मों के लोगों में सम्मान और प्रशंसा को प्रेरित किया है। हम उनके निरंतर अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना करते हैं।

**-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### जयंती पर श्रद्धांजलि



एक देश में दो विधान, दो प्रधान, दो निशान, नहीं चलेंगे...यह अखंड भारत के लिए अविराम तप करने वाले महापुरुष डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवन-प्रतिज्ञा थी। भारतीय जनसंघ के संस्थापक अध्यक्ष,श्रद्धेय डॉ. मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि!

**-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### मतदान का अधिकार



निर्वाचन आयोग के सहयोग से भाजपा ने बिहार में करोड़ों लोगों के मतदान का अधिकार छीनने का जो 'मास्टर प्लॉन' बनाया था, उसमें अब भाजपा खुद फंसती नजर आ रही है।

**-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष**

### ध्वस्त कानून व्यवस्था



बिहार की ध्वस्त कानून व्यवस्था व बेलगाम भ्रष्टाचार पर भी अगर किसी को ग़ुस्सा नहीं आ रहा तो समझो उस इंसान का न्यायिक चरित्र एवं मानवीय संवेदना मर चुकी है। जात-धर्म के नाम पर सरकार की विफलता व जनभावनाओं को नजरअंदाज करना बिहार और बिहारियों के लिए घातक है।

**-तेजस्वी यादव, राजद नेता**

## करंट अफेयर

# राफेल की बिक्री प्रभावित करने को चीन के प्रयास



चीन ने मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष के बाद फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के प्रदर्शन के बारे में भ्रम की स्थिति पैदा करने की जिम्मेदारी अपने दूतावासों को दी थी, ताकि इस विमान की प्रतिष्ठा और बिक्री को नुकसान पहुंचाया जा सके। फ्रांसीसी सैन्य और खुफिया अधिकारियों ने यह निष्कर्ष निकाला है। एसोसिएटेड प्रेस द्वारा देखी गई फ्रांसीसी खुफिया सेवा की रिपोर्ट के अनुसार, चीन के दूतावासों में रक्षा अधिकारियों (डिफेंस अताशे) ने राफेल की बिक्री को प्रभावित करने के लिए अभियान चलाया, जिसका उद्देश्य उन देशों को राजी करना था, जिन्होंने पहले से ही फ्रांस निर्मित लड़ाकू विमान का ऑर्डर दे दिया है - विशेष रूप से इंडोनेशिया- कि वे राफेल विमान न खरीदें तथा अन्य संभावित खरीदारों को चीन निर्मित विमान चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। फ्रांसीसी सेना के अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए रिपोर्ट एपी के साथ साझा की। सैन्य अधिकारी और शोधकर्ता तब से इस बात का ब्योरा जुटा रहे हैं कि पाकिस्तान के चीन निर्मित सैन्य उपकरण विशेष रूप से युद्धक विमान और मिसाइलें - भारत द्वारा पाकिस्तानी लक्ष्यों को भेदने के लिए इस्तेमाल किए गए हथियारों, विशेष रूप से फ्रांस निर्मित राफेल लड़ाकू विमानों के मुकाबले कैसा प्रदर्शन कर रहे थे।

## ऑफ बीट

# ऑनलाइन बातचीत में भावनाओं को पहचान सकता है एआई



जब हम किसी दूसरे व्यक्ति को ईमेल या सोशल मीडिया पर कुछ लिखते हैं तो हम सीधे तौर पर कुछ नहीं कहते, लेकिन हमारे शब्द एक छिपे हुए अर्थ को व्यक्त कर सकते हैं। हम अक्सर यह भी उम्मीद करते हैं कि ये भावनाएं पाठकों तक पहुंच जायेंगी। लेकिन क्या होगा यदि दूसरी तरफ कोई कृत्रिम मेधा (एआई) प्रणाली हो, न कि कोई व्यक्ति? क्या एआई हमारे मूलपाठ में छिपे अर्थ को समझ सकता है? और अगर ऐसा है, तो इसका हमारे लिए क्या मतलब है? विषय-वस्तु विश्लेषण अध्ययन का एक क्षेत्र है जो पाठ में अंतर्निहित गहरे अर्थों और भावनाओं को उजागर करने से संबंधित है। उदाहरण के लिए, इस प्रकार का विश्लेषण हमें संचार में मौजूद राजनीतिक झुकाव को समझने में मदद कर सकता है जो शायद सभी के लिए स्पष्ट नहीं है। यह समझना कि किसी की भावनाएं कितनी तीव्र हैं या वे व्यंग्यात्मक हैं, किसी व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, ग्राहक सेवा में सुधार लाने और यहां तक कि राष्ट्रीय स्तर पर लोगों को सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण हो सकता है। ये तो बस कुछ उदाहरण हैं। हम जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी इसके फायदों की कल्पना कर सकते हैं, जैसे सामाजिक विज्ञान अनुसंधान, नीति-निर्माण और व्यवसाय।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# धरती की वो रहस्यमयी झील, जिसके अंदर से निकलती हैं सड़कें

**पोर्ट ऑफ स्पेन।** दुनिया में ऐसी कई अनोखी चीजें हैं जिनके बारे में लोगों को पूरी तरह जानकारी नहीं होती है। इस वजह से ये रहस्यमयी बन जाती हैं। ऐसी ही एक रहस्यमयी झील हमारी धरती पर है, जिसके अंदर से सड़कें निकलती हैं। सड़कें इस वजह से क्योंकि ये झील डामर से बनी है और इसके डामर से दुनिया के कई हिस्सों में रोड बनाई गई हैं। इस वजह से लोग इस झील को आठवां अजूबा मानते हैं। ट्रिनिदाद के दक्षिण-पश्चिमी तट पर स्थित ला ब्रीया पिच लेक को स्थानीय लोग प्यार से 'दुनिया का आठवां अजूबा' कहते हैं। यह झील न केवल अद्भुत है, बल्कि आज भी विज्ञान के लिए एक रहस्य बनी हुई है। यह झील दुनिया की सबसे बड़ी प्राकृतिक डामर की खदान है और इसका क्षेत्रफल लगभग 109 एकड़ है। दुनिया में ऐसी केवल तीन ही जगहें ज्ञात हैं, और ला ब्रीया उनमें से सबसे विशाल है। इसमें लगभग एक करोड़ टन प्राकृतिक डामर भंडारित है।

### लोग बताते हैं रहस्यमयी

दूर से देखने पर यह झील किसी विशाल, काले पार्किंग लॉट जैसी दिखती है, लेकिन पास से देखने पर यह काली मिट्टी जैसी उबड़-खाबड़ और लहरदार सतह प्रतीत होती है। बरसात के मौसम में झील की सतह पर छोटे-छोटे जलकुंड बन जाते हैं, जिनमें लोग नहाते हैं। इन जलकुंडों में सल्फर की मात्रा अधिक होती है, और स्थानीय लोग मानते हैं कि ये 'जीवनदायिनी फव्वारे' हैं, जो त्वचा की समस्याओं से लेकर जोड़ों के दर्द तक में लाभकारी होते हैं। 1595 में ब्रिटिश खोजकर्ता सर वाल्टर रैले ने इस झील की खोज की थी, जब वह एल डोराडो की तलाश में थे।





### झील ने निकलता है डामर

हाल ही में यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी से जुड़े एक अध्ययन में यह चौंकाने वाली खोज हुई कि झील की सतह के नीचे सूक्ष्मजीव जीवित हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि ये सूक्ष्मजीव यह जानने में मदद कर सकते हैं कि क्या किसी अन्य ग्रह पर जीवन संभव है। यहां से निकले वाले डामर का उपयोग दुनिया के कई प्रसिद्ध स्थानों पर किया गया है। बकिंघम पैलेस (इंग्लैंड) के सामने की सड़क, ला गार्डिया एयरपोर्ट (न्यूयॉर्क), और लिंकन टनल (जो न्यूयॉर्क को न्यू जर्सी से जोड़ता है) सभी में यहां का डामर उपयोग हुआ है। इसके अलावा कई देशों की सड़कों पर भी इसका उपयोग हुआ है।

### संजोए हुए हैं अवशेषों को

हालांकि, 1792 में स्पेनियों ने सबसे पहले यहां से डामर को शुद्ध करना शुरू किया और इसे नाम दिया 'पिच की धरती', जो कालांतर में ला ब्रीया बना। स्थानीय अमेरिंडियन समुदाय इस झील को देवताओं का प्रकोप मानते थे। एक कहानी के अनुसार, एक बार एक जनजाति ने हमिंगबर्ड (जिसे पूर्वजों की आत्माएं माना जाता था) खा लीं। इसके कारण पूरी जनजाति इस झील में समा गई। यहां खुदाई में कई पुरातात्विक अवशेष मिले हैं, जैसे एक जानवर की आकृति में तराशी गई लकड़ी की बेंच (जिस पर कारीगर का नाम आज भी स्पष्ट है)। यहां का म्यूज़ियम इन अवशेषों को संजोए हुए हैं।

## रोचक खबरें

# 7 बार मौत के मुंह में जाकर लौटी महिला उन हादसों ने बदल दी जिंदगी!




**लंदन।** कहते हैं, 'जाको राखे सांइयां मार सके ना कोए।' इस कहावत को याद करते हुए कई लोग कहते हैं कि मरना बचना इंसान के हाथ में नहीं होता है। जिसके मरना होता है, वह पल भर में बिना किसी बीमारी या हादसे के भी मर सकता है और जिसे बचना होता है, , उसे कितनी भी बड़ी से बड़ी बीमारी हो जाए, उसे कोई नहीं मार सकता है। शोना हिरॉन्स एक ऐसी महिला हैं, जो सात बार मौत के करीब पहुंची हैं। उनकी मेडिकल हिस्ट्री में कई बड़े हादसे हैं। लेकिन, आज वे ना केवल जीवित हैं, बल्कि सेहतमंद हैं और जीवन में बहुत सकारात्मक है। उनका कहना है कि पिछले अनुभवों से उन्होंने काफी कुछ सीखा है।

अस्पताल में पहुंचने के बाद शोना कोमा में चली गईं। दो हफ्ते बाद जब वह होश में आईं, तो उन्हें लगा कि सिर्फ अंगुली टूटी है। लेकिन, उनका चेहरा बुरी तरह टूट गया था। उन्हें 20% ही जीने का चांस बताया गया। फिर कैंसर हुआ। शोना ने कहा, 'मुझे समझ आया कि मैंने दूसरा मौका पाया है।' उन्होंने तनाव कम किया। कैंसर का इलाज कराया। आठ महीने बाद वह ठीक हो गईं। 2024 में उन्हें कोविड, निमोनिया, और बैक्टीरियल मेनिनजाइटिस हुआ। शोना ने कहा, 'मैं अब किसी से भी नहीं डरती।'

### क्या-क्या हुआ शोना को

शोना को मिनी-स्ट्रोक हुआ, उनके हार्ट में छेद था, एक बार बाइक एक्सीडेंट में उनकी जान खतरे में थी। इतना ही नहीं कैंसर ने भी उन्हें परेशान किया। यहां तक कि कोविड, निमोनिया, और बैक्टीरियल मेनिनजाइटिस भी उन्हें हुआ। और तो और एक बार उनका दिमाग सूज गया। उन्हें कोमा में डालना पड़ा। लेकिन, ये अनुभवों ने शोना को बदला। शोना अब मौत से नहीं डरती. वह कहती हैं, 'मैं मौत से डरती नहीं।' बाइक एक्सीडेंट के दो साल बाद उन्हें कैंसर हुआ।

# होनी या अनहोनी, सफेद कौआ दिखने के क्या हैं संकेत? काले वाले तो इनसे बनाकर रखते दूरी!

**खंडवा।** मध्य प्रदेश के खंडवा जिले में इन दिनों एक अजीब और दुर्लभ प्राकृतिक घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। सुबह-सुबह लगभग साढ़े सात बजे पंधाना से अरुड की ओर जा रहे स्थानीय निवासी सुमित गुर्जर ने एक ऐसा दृश्य देखा, जिसे देखकर हर कोई चौंक गया। उन्होंने एक ऐसा कौवा देखा जिसका रंग पूरी तरह सफेद था। यह कोई आम पक्षी नहीं था, बल्कि वही कौआ जिसकी आमतौर पर पहचान काले रंग से होती है। कौआ भारत में आमतौर पर पाया जाने वाला पक्षी है, जो काले रंग के लिए जाना जाता है। लेकिन, जब यही पक्षी सफेद रंग में दिखाई दे तो यह न केवल दुर्लभ होता है, बल्कि वैज्ञानिक दृष्टि से भी काफी अहम हो जाता है। इस घटना को देखकर ग्रामीण आश्चर्यचकित रह गए और इसे अपने मोबाइल में रिकॉर्ड भी किया गया। सफेद कौआ वास्तव में कोई अलग प्रजाति नहीं है, बल्कि यह किसी आनुवंशिक विकृति का परिणाम होता है। वैज्ञानिक भाषा में इसे एल्बिनिज्म या ल्यूसिज़्म कहा जाता है। एल्बिनिज्म की स्थिति में शरीर में मेलेनिन नामक रंगद्रव्य की कमी हो जाती है, जिसके कारण त्वचा, बाल, पंख और आंखों का रंग सफेद या गुलाबी दिखाई देता है। वहीं, ल्यूसिज़्म में पंख तो सफेद हो जाते हैं, लेकिन आंखें सामान्य रंग की ही रहती हैं।



## खोज

पृथ्वी के बाहर पानी की खोज पूरी!

# वैज्ञानिकों को मिला नया सुपर अर्थ हमारे ग्रह से दोगुना है साइज

पृथ्वी के अलावा किसी किसी दूसरे ग्रह पर पानी खोजने का वैज्ञानिकों का लंबा इंतजार खत्म हो सकता है। खगोलविदों ने एक नए ग्रह की खोज की है, जिसे पानी से भरपूर माना जा रहा है। इस 'सुपर-अर्थ' को मोरक्को के औकाइमेडेन लैब के अब्दुरहमान साबकिउ के नेतृत्व में खगोलविदों की टीम ने खोजा है।

एजेंसी ▶▶| वॉशिंगटन

रिसर्च करने वाली टीम ने नासा के ट्रांसिटिंग एक्सोप्लैनेट सर्वे सैटेलाइट का उपयोग करते हुए ये नया ग्रह खोजा है। शोधकर्ताओं ने इस नए ग्रह का नाम टीओआई-1846 बी रखा है।

टीओआई-1846 बी की खोज करने वाली टीम का मानना है कि यह ग्रह 7.2 अरब साल पुराना है और इस पर पानी का बड़ा भंडार मिल सकता है। टीओआई-1846 बी पृथ्वी से करीब 154 प्रकाश वर्ष दूर है। यह हमारे ग्रह यानी पृथ्वी से तकरीबन दोगुना बड़ा और चार गुना से भी ज्यादा भारी है। शोधकर्ताओं का कहना है कि इस एक्सोप्लैनेट की त्रिज्या पृथ्वी की त्रिज्या से 1.792 गुना है और यह पृथ्वी से 4.4 गुना अधिक भारी है।



### यहां एक साल चार दिन जितना

रिसर्च कहती है कि टीओआई-1846 बी हर 3.93 दिनों में अपने उपग्रह की परिक्रमा करता है यानी इसका एक साल सिर्फ चार दिन का होता है। इस ग्रह का तापमान 568.1 के (295C) होने का अनुमान है। वैज्ञानिकों ने टीओआई-1846 बी की पुष्टि के लिए टेस के अलावा ग्राउंड बेस्ड कलर फोटोग्राफी, हाई रिज़ॉल्यूशन इमेजिंग और स्पेक्ट्रोस्कोपिक का इस्तेमाल किया है। वैज्ञानिक ये मान रहे हैं कि यह सुपर-अर्थ पानी से भरपूर हो सकता है। हालांकि इसकी सही जानकारी के लिए अभी और रिसर्च की जरूरत है। वैज्ञानिकों ने कहा कि टीओआई-1846 बी की संरचना जानने के लिए रेडियल वेलोसिटी का इस्तेमाल किया जाएगा। आरवी के माध्यम से बेहतर तरीके से यह पता किया जा सकेगा कि ग्रह पर पानी की मौजूदगी है या नहीं है।

### इस साल दूसरे सुपर अर्थ की खोज

इस साल की शुरुआत में वैज्ञानिकों ने एचडी 20794 डी नाम का एक और सुपर-अर्थ खोजा था, जो पृथ्वी से छह गुना ज्यादा भारी है। इस ग्रह की सतह पर भी पानी होने का अनुमान है। यह पृथ्वी से 20 प्रकाश वर्ष दूर है और पृथ्वी के सूर्य की परिक्रमा करने के समान ही एक तारे के चारों ओर घूमता है। हालांकि पृथ्वी की तरह इसका ऑर्बिट गोल नहीं है। ऐसे में यह कहना काफी मुश्किल है कि इस ग्रह पर जीवन संभव हो सकता है।



# गीजा के पिरामिड को एक लाख गुलामों ने नहीं बनाया था



**काहिरा।** दुनिया के सात अजूबों में एक गीजा के पिरामिड को किसने बनवाया, इस पर कई तरह के दावे रहे हैं। इनके बारे में सबसे मजबूत दावा यह है कि गीजा के पिरामिड का निर्माण गुलामों के जरिए किया गया था। प्राचीन ग्रीक स्त्रोतों के आधार पर ये दावा किया जाता है कि करीब एक लाख गुलामों के हाथों से पिरामिड बने थे। इस पुरानी धारणा को नई रिसर्च ने खारिज कर दिया है। पुरातत्वविदों की इस महत्वपूर्ण खोज से 4,500 साल पहले बने दुनिया के इस अजूबे के असली निर्माताओं की पुष्टि हुई है। पिरामिड के अंदर मिली कुछ कब्रों के आधार ये खोज की गई है।

- नई खोज से पता चला कौन थे इस अजूबे को बनाने वाले

डॉक्टर जाही हवास और उनकी टीम के नेतृत्व में की गई खोज से पता चलता है कि प्राचीन दुनिया के इस अजूबे (गीजा के पिरामिडों) का निर्माण 1,00,000 गुलामों ने नहीं, बल्कि कुशल वेतनभोगी श्रमिकों ने किया था। ये सभी कुशल मजदूर और इंजीनियर एक सख्त शासन के तहत काम कर रहे थे। पुरातत्वविदों को पिरामिड के दक्षिण में कुछ कब्रें मिली हैं, जिनमें मजदूरों के औजार और मूर्तियां हैं। ये पत्थर के विशाल ब्लॉकों को यहां लाकर लगाने का संकेत देती हैं। चूने पत्थर को 1,000 फीट की दूरी से मलबे और मिट्टी से बने रैंप सिस्टम के सहारे इमारत तक लाया गया।

### सम्मान गुलामों को लिए संभव ही नहीं था

डॉक्टर जाही हवास ने मैट बताया कि उनकी खोज के निष्कर्षों से पुष्टि होती है कि गीजा के पिरामिड बनाने वाले गुलाम नहीं थे। अगर वे गुलाम होते तो उन्हें पिरामिडों के बगल में में कभी नहीं दफनाया जाता। इनकी कब्रों में ना सिर्फ इनके औजारों को रखा गया, बल्कि इनके नाम भी गुदवाए गए। ये इनके प्रति शासन की ओर से दिखाए गए सम्मान को दर्शाता है। यह सम्मान गुलामों को लिए संभव ही नहीं था।

# गर्मी से बचने लोगों ने निकाला अनूठा उपाय, जमीन के नीचे बनाए घर!

रम मौसम की मार से बचने के लिए इंसान बहुत उपाय कर सकते हैं। लेकिन, हर किसी के लिए तमाम उपाय अपनाना संभव नहीं। लेकिन, गरीब लोग भी कम उपाय नहीं करते हैं। पहनावे से लेकर धूप और गर्म हवा को रोकने के तरह-तरह के उपाय किए जाते हैं। वहीं, घर की ठंडक के लिए भी कोशिशें होती हैं पर ऑस्ट्रेलिया के कोबर पेडी एक अनोखा शहर है। यहां 55 डिग्री सेल्सियस की गर्मी से बचने के लिए लोग जमीन के नीचे रहते हैं। एक 38 साल की महिला ने बताया है कि कैसे उनका परिवार जमीन के अंदर रह कर भी खुश है। ज़मीन के नीचे रहना सस्ता है। एडिलेड में घर 382,000 यानी 4 करोड़ 46 लाख रुपए का है। सबरीना ने कहा, यहां कम खर्चा है। हीटिंग और कूलिंग की ज़रूरत नहीं। घर बनाने में समय लगता है। कुछ घर दो महीने में बन जाते हैं। सबरीना ने कहा, मैंने लोगों को 10 साल तक खोदते देखा है। ज़मीन के नीचे रहने का फायदा शांति है। सबरीना ने कहा, बाहर का शोर नहीं। उन्होंने कहा, रात को पूरी तरह अंधेरा और शांत। नींद अच्छी आती है।



### पहाड़ी के अंदर है घर

सबरीना ट्रोइसी मूल रूप से जर्मनी की हैं। अब वे कोबर पेडी में रहती हैं। उनके परिवार में उनके पति निक 14 साल का बेटा थॉमस, 14 और 13 साल की बेटी लीया हैं। उनका घर $277,000 यानी 2 करोड़ 37 लाख रुपए का है। जो एक पहाड़ी में बना है। और पहाड़ी की सतह के चार मीटर नीचे है। इसमें दो लिविंग रूम, दो बाथरूम, और एक पूल है। घर में इंडोर और आउटडोर स्पा भी है। सबरीना का ऑफिस और नीचे है। सबरीना ऑफिस मैनेजर हैं। वे उमूना ओपल माइन और म्यूजियम में काम करती हैं। कोबर पेडी में 1,600 लोग रहते हैं। 60% लोग ज़मीन के नीचे रहते हैं। ज़मीन के नीचे के घर डगआउट कहलाते हैं। ये सैंडस्टोन से बने हैं। सबरीना जर्मनी में चाइल्डकेयर एजुकेटर थीं। ऑस्ट्रेलिया में गैप ईयर के दौरान निक से मिलीं. निक उनका टूर गाइड थे। दोनों प्यार में पड़ गए। 2013 में कोबर पेडी में बस गए। सबरीना ने कहा, 'हमारे दोस्त यहां थे। हमें यहां का माहौल पसंद आया।'

## रिसर्च

मेडिकल क्षेत्र में क्रान्ति लाएगी नई रिसर्च, दुबई की सेंट्रल वेटरनरी रिसर्च लेबोरेटरी के शोध में भी ऊंट के आंसुओं की अद्भुत क्षमताओं पर प्रकाश डाला

# सबसे कीमती आंसू, 26 सांपों के जहर का इलाज है ऊंट के आंसू की एक बूंद

एजेंसी ▶▶| गबोरोन

रेगिस्तानी इलाकों के लिए बेहद उपयोगी जानवर माना जाने वाले ऊंट की वजह से मेडिकल क्षेत्र में क्रान्ति हो सकती है। एक नई रिसर्च कहती है कि ऊंट का आंसू सांप के काटने का रामबाण इलाज हो सकता है। बीकानेर स्थित नेशनल रिसर्च सेंटर ऑन कैमल के अध्ययन में पाया गया है कि ऊंट के आंसुओं में पाए जाने वाले एंटीबॉडी 26 सांपों के जहर को निष्क्रिय कर सकते हैं। यह अध्ययन सांप के काटने के इलाज के लिए नया रास्ता खोल सकता है।

लिवरपूल स्कूल ऑफ ट्रॉपिकल मेडिसीन के स्नैकबाइट रिसर्च सेंटर ने भी पाया था कि सांप के काटने की दवाई के लिए ऊंट का आंसू कारगर हो सकता है। इससे पहले दुबई की सेंट्रल वेटरनरी रिसर्च लेबोरेटरी के शोध में भी ऊंट के आंसुओं की अद्भुत क्षमताओं पर प्रकाश डाला गया था। इन क्षमताओं की वजह से ऊंट के आंसू की कीमत काफी ज्यादा होती है। ये कीमत अब और ज्यादा बढ़ सकती है।

### रिसर्च में मिली सफलता

एनआरसीसी के वैज्ञानिकों का कहना है कि ऊंट के आंसू सांप के जहर को बेअसर करने में सक्षम हैं। एनआरसीसी शोधकर्ताओं ने ऊंटों के आंसू से सॉस्केल्ड वाइपर के जहर का इलाज करने में कामयाबी पाई है। यह सांपों की विषैली प्रजाति है। इस सांप के काटने के बाद किसी की जान बचना मुश्किल माना जाता है। ऊंट के आंसुओं से निकाले गए एंटीबॉडी को जहर के घातक प्रभावों को बेअसर करने में सफलता मिली है।





### बनाई जा सकती हैं असरदार दवाएं

शोधकर्ताओं का कहना है कि ऊंट के आंसूओं में विशेष प्रकार के एंटीडोट होते हैं, जो सांप के जहर के खिलाफ बेहद प्रभावी होते हैं। ऐसे में ऊंट के आंसू से सांप के जहर के इलाज के लिए असरदार दवाएं बनाई जा सकती हैं। इस तरह की दवा भारत समेत उन देशों के लिए बड़ी राहत ला सकती है, जहां हर साल सांप के काटने से हजारों की संख्या में मौतें होती हैं।

### कई तरह के पाए जाते हैं प्रोटीन

एक्सपर्ट का कहना है कि ऊंट के आंसुओं की ऊंची कीमत की वजह इनमें सांप के काटने के इलाज की संभावना के अलावा कई तरह के प्रोटीन भी पाए जाते हैं। यही प्रोटीन ऊंट को रेगिस्तान के मुश्किल वातावरण में संक्रमणों से बचाकर जीवित रहने में मदद करता है। ऊंट के आंसूओं में लाइसोजाइम नाम का एंजाइम भी होता है। लाइसोजाइम को प्राकृतिक एंटीबायोटिक माना जाता है।

# देवशयनी एकादशी से चातुर्मास प्रारंभ

## आज से 4 महीने तक शुभ कार्यों पर विराम

जबलपुर।

देवशयनी एकादशी 6 जुलाई से भगवान श्री हरि विष्णु सिद्धि योग में चार माह के लिये शयन पर जाएंगे। देवशयनी एकादशी रविवार 6 जुलाई को मनाई गई। इसके साथ ही मांगलिक कार्यों पर विराम लग गया। विवाह, यज्ञोपवीत संस्कार, गृह-प्रवेश जैसे शुभ कार्य नहीं होंगे। साधु-संत एक स्थान पर रुक कर जप-तप और साधना में जुटेंगे। 6 जुलाई को देवशयनी एकादशी सुबह 11 बजे से लग गई है। इसके साथ ही दिवस पर्यंत सर्वार्थ सिद्धि योग रहेगा। सर्वार्थ सिद्धि योग में भगवान का शयन मंगलकारी माना जाता है। चातुर्मास 108 दिन का होता है। इसमें सामान्यतः आषाढ़ के पांच दिन, श्रावण के 30, भाद्रपद के 30, अश्विनी के 30 दिन और कार्तिक मास के 11 दिन होते हैं। इस तरह चंद्रमास के हिसाब से 106 और सौर मास के मुताबिक 108 दिन होते हैं। ज्योतिर्विद् पी.एल. गौतमाचार्य के अनुसार चार



मास के दौरान शिव, कृष्ण, गणपति, दुर्गा और सूर्य की आराधना की जाती है। साधु, संत, सन्यासी और तपस्वी एक स्थान पर रुकते हैं।

आषाढ़ मास में शुक्ल पक्ष की एकादशी को देवशयनी एकादशी के नाम से जाना जाता है। इस साल देवशयनी एकादशी कल 6 जुलाई के दिन मनाई गई। आज से चातुर्मास का आरंभ भी माना गया है, इसके अलावा देवशयनी एकादशी को हरिशयनी एकादशी पद्मनाभा व प्रबोधनी एकादशी के नाम से भी जाना जाता है। सभी उपवासों में देवशयनी एकादशी व्रत श्रेष्ठतम कहा गया है। इस व्रत को करने से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं व सभी पापों का नाश होता है। इस दिन भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना करने का महत्व है, क्योंकि इसी रात्रि से भगवान का शयन काल आरंभ हो जाता है जिसे चातुर्मास या चौमासा का प्रारंभ भी कहते हैं। देवशयनी एकादशी के चार माह के बाद भगवान विष्णु देवोत्थानी एकादशी के दिन जागते हैं। देवशयनी एकादशी प्रसिद्ध जगन्नाथ रथयात्रा के तुरंत बाद आती है और अंग्रेजी कैलेण्डर के अनुसार देवशयनी एकादशी का व्रत जून अथवा जुलाई के महीने में आता है। चतुर्मास जो कि हिन्दु कैलेण्डर के अनुसार चार महीने का आत्मसंयम काल है, देवशयनी एकादशी से प्रारंभ हो जाता है। प्रत्येक वर्ष चौबीस एकादशियाँ होती हैं।

### 1 नवंबर देवउठनी से फिर शुरू हो सकेंगे शुभ कार्य

शादी विवाह जैसे शुभ कार्यों में लगा विराम चार महीने बाद 1 नवंबर से हट जाएगा। देवउठनी एकादशी का दिन भी विशेष रूप से विवाह के लिए मंगलकारी है। इस दिन चतुर्मास बाद भगवान विष्णु निद्रा से जागते है। इसलिए ये स्थिति अबूझ मुहूर्त मानी जाती है। इसी दिन से शुभ कार्यो के बंद दरवाजे खुलते है। 01 नवंबर शुभ कामों के लिए शुभ तिथि है।

---

**भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर हुआ गजेन्द्र मोक्ष, समुद्र मंथन, वामन और श्रीकृष्ण अवतार का जीवंत वर्णन**

# भक्त के पराधीन हैं भगवान : ब्रह्मचारी चैतन्यानंदजी

## श्रद्धा, भक्ति और दिव्यता से सराबोर हुआ बगलामुखी सिद्ध पीठ परिसर

हरिभूमि, जबलपुर।

बगलामुखी सिद्धपीठ शंकराचार्य मठ, सिविक सेंटर मढ़ाताल में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के चतुर्थ दिवस की कथा में श्रद्धा, भक्ति और ज्ञान का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूज्य ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज ने अपने ओजस्वी और भावपूर्ण प्रवचनों के माध्यम से भक्तों को भगवान की भक्ति के गूढ़ रहस्यों से परिचित कराया। अपने प्रवचन की शुरुआत करते हुए ब्रह्मचारी जी ने कहा भगवान अपने सच्चे भक्त के वश में होते हैं। वह शरण में आए जीव का तारण करने सदैव तत्पर रहते हैं। उन्होंने गजेन्द्र मोक्ष की कथा सुनाई और बताया कि हमारा अहंकार ही गज है। जब उसे मृत्यु रूपी ग्राह पकड़ता है, तब भगवान उसका उद्धार करते हैं। यह प्रसंग जीवन में विनम्रता और शरणागति का महत्व स्पष्ट करता है। इस अवसर पर शंकराचार्य गिरी जी महाराज, ब्रह्मचारी सुबोधनंद जी द्वारा व्यासपीठ एवं श्रीमद्भागवत का विधिवत पूजन किया गया।

### गजेन्द्र मोक्षः अहंकार का अंत और प्रभु की शरण

ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज ने कथा का आरंभ गजेन्द्र मोक्ष से किया। उन्होंने कहा गजेन्द्र हमारे भीतर के उस अहंकार का प्रतीक है जो हमें प्रभु से दूर करता है। जब यह अहंकार मृत्यु रूपी ग्राह द्वारा जकड़ लिया जाता है, तब ही प्राणी को प्रभु की सच्ची शरण की आवश्यकता समझ आती है।



### समुद्र मंथनः संघर्ष में छिपा जीवन का अमृत

देवता और दानव, दोनों के मिलकर समुद्र मंथन करने की कथा ने यह संदेश दिया कि सच्चा अमृत वही है जो आत्ममंथन और संयम से प्राप्त हो। ब्रह्मचारी जी ने इसे आज की जीवन शैली से जोड़ते हुए कहा कि जब तक हम अपने भीतर की बुराइयों को बाहर नहीं निकालते, तब तक दिव्यता प्राप्त नहीं होती।

### मत्स्य वामन अवतारः समर्पण का प्रतीक

मत्स्य अवतार के माध्यम से भगवान ने सत्यव्रत मनु को जीवन का पाठ पढ़ाया, वहीं वामन अवतार में बलि महाराज की भक्ति और समर्पण को सर्वोच्च स्थान दिया गया। तीन पग पृथ्वी मांगकर भगवान ने बलि का सर्वस्व ले लिया नहीं, बल्कि उसे स्वयं प्रभु बना दिया, यह बताते हुए ब्रह्मचारी जी ने भक्ति के मर्म को उजागर किया।

### विशिष्ट अतिथियों के साथ उमड़े श्रद्धालु

कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, नीता पटेल, पूर्व महापौर प्रभात साहू, अजय खंडेलवाल, प्रतीक्षा सिंह, हेमंत ऋचा मिश्रा, गोविन्द प्रीति साहू, आराधना-आशीष चौकसे, राजेंद्र ममता मिश्रा, गीता व्यास, अंजना शुक्ला, अखिल तिवारी, तुलसी अवस्थी, पीयूष दुबे, सुनील गुप्ता, वैभव दुबे, अंकित दीक्षित, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, शुभम चौरसिया, रोहित साहू, राहुल मौर्य, अभिषेक उपाध्याय, गौरव चौबे, आशीष चौकसे, विनोद अरोरा, नवीन यादव, सोनू कुरेले, मनोज सेन, सतेंद्र असाटी सहित सैकड़ों श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु उपस्थित रहे।

### कृष्ण जन्मोत्सवः भक्ति में झूम उठा पूरा परिसर

जैसे ही कृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पूरा पंडाल नंद के घर आनंद भयो... के भजनों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने झूले सजाए, माखन-मिश्री से भोग लगाया, और आंसुओं से भीगी आंखों से लीलाओं का रसपान किया। श्रद्धा, भक्ति और कथा रस से सराबोर यह आयोजन प्रतिदिन आध्यात्मिक वातावरण को और दिव्य बना रहा है।

### श्रीराम-श्रीकृष्ण मर्यादा और प्रेम का महापाठ

ब्रह्मचारी चैतन्यानंद जी महाराज ने कहा कि श्रीराम, महाराज मनु और शतरूपा की तपस्या का फल थे। भगवान ने चतुर्व्यूह स्वरूप में दशरथ के यहां अवतार लिया और धर्म की पुनः स्थापना की। वहीं कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि वसुदेव और देवकी से जन्म लेकर भगवान ने नंद-यशोदा के वात्सल्य को स्वीकार किया, जिससे प्रेम, सेवा और त्याग का महत्व उजागर हुआ।

---

# पुण्य के संचय से मोक्ष मार्ग की यात्रा संभव

**जबलपुर**। श्री पिसनहारी तीर्थ में अपने प्रवास के दूसरे दिवस आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज स संघ ने सुबह 8 बजे गिरते हल्के रिमझिम पानी के बीच महावीर मंदिर के दर्शन करते हुए प्रवचन पंडाल में प्रवेश किया. धर्म सभा का संचालन अमित पडरिया ने करते हुए. दीप प्रज्वलन व चित्र अनावरण पिसनहारी ट्रस्ट कमेटी के पदाधिकारियों,संजय अरिहंत महामंत्री, कैलाश जैन मट्टू मंत्री, कार्यकारणी सदस्य दिनेश चौधरी, राकेश चौधरी द्वारा एवं पाद प्रक्षालन सचिन जैन ,बाबा बेटियां एवं प्रवीण अहमदाबाद द्वारा सम्पन्न करवाया गया, श्री फल एवं शास्त्र अर्पण, भारत सरकार की प्रिंसपल सेकेट्री आईएएस मोना के खंडार ने किया. तत्पश्चात मोना खंडार का अभिनंदन पिसनहारी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने किया ।

आचार्य श्री ने अपनी मंगल देशना में कहा कि " द्रव्य क्षेत्र काल भव एवं भाव में संयोजना होनी चाहिए भावों की निर्मलता सेएवं पुण्य के संचय से मोक्ष मार्ग की यात्रा संभव हैं समस्त कार्यों का संपादन पुरुषार्थ के बैगर संभव नहीं, आपने स्पष्ट करते हुए कहा कि आपको जो जीवन मिला हैं इतिहास बतलाता हैं वर्तमान में मोक्ष मार्ग के लिए जो सामग्री मिली हैं वह पर्याप्त नहीं मोक्ष प्राप्त करने के लिए और भी विशिष्ट सामग्री की आवश्यकता हैं उसके लिए आपको पुण्य संचय करना होगा"आचार्य श्री समय सागर की आहार चर्या, पिसनहारी की मढिया स्थित व्रती आश्रम की बहनों एवं प्रतिभामंडल की दीदियों के चौके ब्राम्ही में निरंतराय सम्पन्न हुई । ट्रस्ट कमेटी के सुबोध कामरेड एवं संजय चौधरी ने बताया आचार्य 108 समय सागर जी का चतुर्मास जबलपुर में होना निश्चित हो गया हैं जिसके लिए आचार्य श्री स संघ दिनांक 7 जुलाई को सुबह 7 बजे श्री पिसनहारी मढिया जी से गमन करेंगे एवं शाही नाका , संजीवनी नगर, अग्रवाल कॉलोनी मेन रोड से होकर जबलपुर नगर पहुंचेंगे. जहां प्रातः 7:30 बजे रानीताल चौक पर जबलपुर सकल जैन समाज नवयुवक सभा एवं महिला परिषद द्वारा भव्य अगवानी होगी एवं नवाचार्य समय सागर महाराज के मंगल प्रवचन प्रातः 8 बजे आचार्य विद्यासागर सभा भवन पुरानी चरहाई में होंगे एवं आहार चर्या-लार्डगंज स्वर्ण मंदिर में सम्पन्न करवाई जाएगी । ट्रस्ट कमेटी के राजेश राजू साइकिल एवं संरक्षणी सभा के सुधीर लक्ष्मी ने बताया कि नवाचार्य श्री 108 समयसागर जी महामुनिराज ससंघ का चातुर्मास जबलपुर चरहाई स्थित आचार्य विद्यासागर सभा भवन मे होने की पूरी संभावना हैं।

---

**अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स और कायस्थ महासभा का संवाद कार्यक्रम**

# अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स में मिलेंगी इलाज की विश्वस्तरीय सुविधाएं

## "जबलपुर के चिकित्सा जगत से अपेक्षाएं" विषय पर वक्ताओं ने रखे विचार



**कायस्थ समाज के गणमान्य नागरिकों का सम्मान**

**जबलपुर**। शहर में अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स का शुभारंभ हो चुका है। समाज के हर वर्ग तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स के द्वारा संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसी कड़ी में आज अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स के ऑडिटोरियम में भारतीय कायस्थ महासभा, जबलपुर के साथ "जबलपुर के चिकित्सा जगत से अपेक्षाएं" विषय पर कार्यक्रम में कायस्थ समाज के प्रतिष्ठित बंधुओं तथा युवा तरुणाई को बड़ेरिया ग्लोबल ग्रुप के चेयरमैन श्री सौरभ बरेड़िया ने चित्रगुप्त सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में बडेरिया ग्लोबल ग्रुप के चेयरमैन श्री सौरभ बड़ेरिया ने जबलपुर के चिकित्सा जगत से अपेक्षाएं" विषय पर अपने विचार रखे और सारगर्भित उद्बोधन दिया।

उन्होंने कहा कि अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स जबलपुर के लिए सौगात है अब किसी भी मरीज को इलाज के लिए चेन्नई हैदराबाद ओर बैंगलोर जैसे महानगरों में नहीं जाना पड़ेगा बल्कि इलाज की विश्वस्तरीय सुविधाएं यही जबलपुर ने जेबीपी हॉस्पिटल्स में ही उपलब्ध हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं एपीएन इंस्टीट्यूशन के डायरेक्टर श्री चमन श्रीवास्तव, प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अखिलेश गुमास्ता, डॉ. राजीव सक्सेना, डॉ प्रमोद श्रीवास्तव डॉ जयंती श्रीवास्तव डॉ. नीना श्रीवास्तव कायस्मथ महासभा के जिलाध्यक्ष सुनील श्रीवास्तव, भानु श्रीवास्तव, शंकर श्रीवास्तव, प्रवीण सिन्हा रेनू श्रीवास्तव, स्मृति सिन्हा युवा जिलाध्यक्ष विवेक खरे, गौरव श्रीवास्तव, एड. अक्षांश श्रीवास्तव, स्वप्निल श्रीवास्तव, कपिल खरे, अनुराग श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, वैशाली श्रीवास्तव, पराग श्रीवास्तव, आशीष श्रीवास्तव, आदि समाज के वरिष्ठ जन, युवा तरुणाई एवं मातृ शक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ सुनील मिश्रा ने किया।

---



### कर्मचारियों को डीए एवं एचआरए की राशि का भुगतान होने पर अजाक्स ने किया निगमायुक्त आभार व्यक्त

**जबलपुर**। अजाक्स संघ के द्वारा निगम में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारियों को डीए एवं एचआरए की राशि प्रदान करने हेतु सौंपे गये ज्ञापन पर निगमायुक्त प्रीति यादव के द्वारा कार्यवाही करते हुये 02/07/2025 को निगम में कार्यरत समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को वेतन में डीए एवं एचआरए की राशि को सम्मिलित कर बढ़े हुये वेतन का भुगतान किया गया। निगम में कार्यरत समस्त अधिकारी/कर्मचारियों को डीए एवं एचआरए की राशि का भुगतान किये जाने पर 02/07/2025 को निगमायुक्त प्रीति यादव का अजाक्स संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों के द्वारा स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा, मन्नूलाल पटेल, जगदीश नन्हेट, संतोष गौतम, अचौया कोरी, गुलशन जबलपुरी, नरसिंहमलू, मोहम्मद समीम, रामाराव मगरदे, दयाराम धुर्वे, श्रीनिवासलू, कोयरी नायडू, नरसिंह मूर्ति, रामू, जे. प्रवीण, महेन्द्र मलिक, राहुल कोरी सहित संघ के पदाधिकारी, सदस्य एवं अधिक संख्या में अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

# चिकित्सा सेवा सर्वोपरि सेवाः महापौर

## आनंदम स्वास्थ्य शिविर में एक हजार लोगों की निशुल्क जांच



जबलपुर।

जनसेवा के अंतर्गत लोगों को चिकित्सा सुविधा प्रदान करना सर्वोपरि सेवा है। डॉ आनंद तिवारी ने आजीवन उदारता पूर्वक अपना चिकित्सिकीय कर्तव्य निभाया है। उपरोक्त आशय के विचार महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने एकता चौक स्थित सन लाइफ केयर पैथोलॉजी में गुंजन कला सदन, लायंस परिवार जबलपुर,पीएमजी, पाथेय एवं सुप्रभातम द्वारा आयोजित निशुल्क जांच शिविर में व्यक्त किये । डॉ. आनंद तिवारी के 75 वें जन्मोत्सव पर आयोजित आनंनदम स्वास्थ्य शिविर में एक हजार से अधिक लोग लाभांवित हुये. उल्लेखनीय है कि लगभग दो हजार तीन सौ रुपए की महत्वपूर्ण जांचें नगर के पांच केंद्रों चेरीताल,बिलहरी, यादव कॉलोनी, मस्ताना चौक रांझी और एकता चौक,विजयनगर में पैथोलॉजी प्रभारी डॉ प्रियंका तिवारी एवं हिमांशु तिवारी द्वारा की जा रही है। आज जांच कराने वालों की संख्या 1068 रही। डॉ आनंद तिवारी के 75 वें जन्मोत्सव वर्ष पर इन पांच पैथोलॉजी केन्द्रों में विगत 25 मई से प्रति रविवार को विशेष छूट के साथ की जा रही जांचों में भी हजारों लोगों ने लाभ उठाया। आज निशुल्क जांच शिविर में समाजसेवी पुरुषोत्तम तिवारी, नरेन्द्र जैन एनसी, प्रतुल श्रीवास्तव, विजय जायसवाल , लायन नरेन्द्र जैन, राजेश पाठक प्रवीण, लायन आई.एस. राजपूत, लायन यशवंत सिंह सेंगर,प्रदीप जैन, हेमंत अरोरा आदि का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का संचालन आलोक पाठक एवं आभार हिमांशु तिवारी ने व्यक्त किया।

---

**जन्म जयंती पर भाजपा कार्यालय में संगोष्ठी का आयोजन**

# डॉ मुखर्जी का राष्ट्रवाद पीढ़ियों के लिये प्रेरणादायक : राकेश सिंह

जबलपुर।

डॉ श्यामा मुखर्जी ने राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए प्राणोत्सर्ग कर, राष्ट्रवाद का जो विचार दिया वह सदैव हमारी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा दायक रहेगा, आज उनकी जन्म जयंती पर हम उनके विचारो को आगे बढ़ाने और उसमे सहभागी बनने का संकल्प ले यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी यह बात लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने राष्ट्र निष्ठा की अमर प्रेरणा, जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर संभागीय भाजपा कार्यालय, रानीताल में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कही। संगोष्ठी को संबोधित करते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा हम जब अपने महापुरषों को याद करते है तो उसके पीछे कारण होता है कि जिन कारणों से वह महापुरुष बने इस त्याग तपस्या और बलिदान को याद करे और उससे सीखे। सिंह ने कहा आज हम उस विचार के सहयोगी और सहभागी बनने का प्रयास करे तब हम सही मायनो में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दे पाएंगे और मुझे उम्मीद और विश्वास है जब हम पूरे देश में उनकी जयंती पर आयोजन कर उन्हे याद कर रहे है और आज यह संकल्प लेते है कि उनके विचार की पूर्ति में किसी तरह की बाधा नहीं आने देंगे।



### देश की अखंडता के लिए आवाज उठाईः वाल्मिकी

राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित्रा वाल्मिकी ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जो अति विद्वान थे साथ ही प्रखर राष्ट्र भक्त थे उनके राष्ट्र को लेकर समर्पण को ऐसे देख सकते है कि जिस उद्देश्य को लेकर हमे स्वतंत्रता मिली थी और उस उद्देश्य से भटकी नेहरू सरकार के खिलाफ वह खड़े हुए और पूरे देश में राष्ट्रवाद और देश की अखंडता के लिए आवाज उठाई।

### पूर्वजों का इतिहास हमें पता होना चाहियेः दुबे

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए सांसद एवं भाजपा प्रदेश मंत्री आशीष दुबे ने कहा हम जिस दल में, जिस संगठन में कार्य कर रहे है उसका इतिहास हमे पता होना चाहिए हमारे पूर्वजों के त्याग और बलिदान की जानकारी हमे होना चाहिए और हम अपने पूर्वज के रूप में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन से सीखेंगे कि तत्कालीन सरकार में मंत्री होते भी उन्होंने त्याग पत्र देकर जनसंघ को खड़ा किया को बाद में भारतीय जनता पार्टी के विशाल वट वृक्ष के रूप में आज पल्लवित हो रहा है।

### राष्ट्रवाद पर काम कर रही हमारी सरकारः रोहाणी

विधायक अशोक रोहाणी ने संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा हमारा संगठन दो विचारधारा को लेकर अपने स्थापना काल से चला है उसमे एक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का राष्ट्रवाद और पं दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद है और इन विचारो को लेकर ही हमारी सरकारें देश और प्रदेश में कार्य कर रही है। आज डॉ मुखर्जी के विचारो पर चलने का संकल्प हम उनकी जन्म जयंती पर ले, यही उन्हे श्रद्धांजलि होगी।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर राज्य सभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मीक, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडेय, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रविकरण साहू,प्रदेश कार्य सदस्य राममूर्ति मिश्रा, अरविंद पाठक, महामंत्री पंकज दुबे, रजनीश यादव के साथ कार्यकर्ताओ ने सम्मिलित होकर उनके महान व्यक्तित्व और कृतित्व का स्मरण किया।

---

### विधायक प्रतिनिधि संजय जैन का किया स्वागत

**जबलपुर**। अशोक रोहाणी (विधायक केंट) द्वारा नियुक्त प्रतिनिधि संजय जैन (केंट विधानसभा छावनी) का स्वागत मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा किया किया गया। डॉ. अजय वाधवानी, एड. आशीष त्रिपाठी, एड. भावना निगम, डॉ. अभिषेक जैन, अजय चौहान द्वारा विधायक अशोक रोहाणी द्वारा नियुक्त संजय जैन का स्वागत किया गया और उनसे वचन लिया कि केंट छावनी की प्रगति के लिए वो अधिक से अधिक प्रयास करेंगे।

**CHANGE OF NAME**
I, ARMY NO. 14660918X RANK HAV NAME JITENDRA SINGH S/O SANGRAM SINGH OF UNIT 506, ARMY BASE WORK SHOP, JABALPUR (MP) R/O VILL- PINJRE, PO- PINJRE, TEH- ALIGANJ, DISTT- ETAH (UP)-208149 I, have changed name of my DAUGHTER from KUMARI SURTI RATHORE (name as per my Army service records) to SHRUTI RATHOR (name as per my DAUGHTER, AADHAR CARD vide affidavit dated 04/07/2025 formerly before Public Notary JABALPUR (MP) (Name and place of Court).
CORRECT NAME
SHRUTI RATHOR
INCORRECT NAME
KUMARI SURTI RATHORE